सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹103976/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹126990/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹138621/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
anand jewels
Pandri, Raipur

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, बुधवार 4 नवंबर 2026

सीबीआई ने सौरभ को एयरपोर्ट के दूसरे गेट से बाहर निकाला

सीबीआई की टीम सौरभ को शाम की फ्लाइट ई6 2307 से रायपुर लेकर पहुंची। यहां करीब 4.56 बजे फ्लाइट की लैंडिंग हुई। यहां उतरने के बाद सीबीआई की टीम सौरभ को जिस गेट से बाहर लाने वाली थी, उस गेट के बाहर पहले से ही मीडिया की भारी भीड़ थी। इसे देखते हुए सीबीआई ने उसे दूसरे गेट से बाहर निकाला। एयरपोर्ट से बाहर पहले से ही करीब आधा दर्जन गाड़ियां तैनात थीं। इस दौरान पुलिस के स्थानीय अधिकारी एवं जवान भी तैनात थे। इस तरह सौरभ को कड़ी निगरानी में एयरपोर्ट से सीबीआई के दफ्तर तक ले लाया गया। पहले संभावना जताई जा रही थी कि सौरभ को दोपहर की फ्लाइट से रायपुर लाकर सीधे कोर्ट में पेश किया जाएगा, लेकिन शाम को रायपुर लाए जाने के बाद अब उसे 4 नवंबर को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

दो दिन पहले ओमान से किया गया था प्रत्यर्पित

महादेव सट्टे के फाउंडर सौरभ को लेकर रायपुर पहुंची सीबीआई, एयरपोर्ट की लाइट बंद कर छुपाकर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

ऑनलाइन महादेव सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर को मंगलवार को सीबीआई टीम की विशेष निगरानी में फ्लाइट से राजधानी रायपुर लाया गया। यहां लाने के बाद एयरपोर्ट से उसे सीधे माना स्थित सीबीआई दफ्तर ले जाया गया, जहां उसे कड़ी निगरानी में रखा गया है। सौरभ को अब बुधवार को सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। सौरभ को इससे पहले दिल्ली कोर्ट में पेश किया गया था। यहां दो दिन के लिए ट्रांजिट रिमांड पर उसे रायपुर लाया गया है। संभावना है कि कोर्ट में आज पेशी के दौरान सौरभ से पूछताछ के लिए रिमांड मांगी जा सकती है।

सफेद टोपी में गिरफ्तार चंद्राकर, सीबीआई की विशेष टीम अन्य केंद्रीय एजेंसियों के समन्वय से चंद्राकर को लेकर पहुंची भारत

महादेव सट्टा एप के 'किंगपिन' सौरभ ओमान से प्रत्यर्पित

करीब 6,000 करोड़ रुपए के अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी सिंडिकेट का संचालन करने का आरोप

सह-संस्थापक रवि उप्पल और विदेश में बैठे अन्य आरोपियों तक पहुंचने की जांच एजेंसियों की कोशिशें तेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/रायपुर

देश के चर्चित महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो को रविवार को बड़ी कामयाबी मिली। इस अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी सिंडिकेट के कथित मुख्य संचालक और प्रमोटर सौरभ चंद्राकर को ओमान से भारत प्रत्यर्पित कर लिया गया है। सीबीआई की विशेष टीम अन्य केंद्रीय एजेंसियों के समन्वय से चंद्राकर को लेकर नई दिल्ली पहुंची। इसके बाद उसे विशेष विमान से रायपुर लाया गया।

रवि उप्पल और अन्य आरोपियों तक पहुंचने की चुनौती

सौरभ चंद्राकर के भारत लौटने के बाद अब जांच एजेंसियों के सामने उसके सहयोगियों और रिश्तेदारों समेत अन्य आरोपियों तक पहुंचने की चुनौती है। रवि उप्पल को इस नेटवर्क का एक अन्य संचालक माना जाता है। वह दुबई में रहता है और उसके खिलाफ भी रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया जा चुका है।



एयरपोर्ट गेट से बाहर निकालते समय कुछ देर के लिए बिजली बंद

एयरपोर्ट के जिस गेट से सौरभ को बाहर निकाला गया, उस गेट के बाहर लगी लाइटों को कुछ देर के लिए बंद कर दिया गया था। लाइट बंद होते ही अंधेरे में सौरभ को गेट से बाहर निकालकर टीम उसे गाड़ी में बिठाकर तुरंत सीबीआई दफ्तर के लिए रवाना हुई। यही नहीं, सौरभ को फ्लाइट के सफर से लेकर एयरपोर्ट के अंदर तक बिना मास्क पहनाए लाया गया, जबकि एयरपोर्ट के गेट से बाहर निकलने के दौरान उसे मास्क पहनाया गया था। विदित हो कि सौरभ चंद्राकर महादेव सट्टा एप का मुख्य आरोपी है। उसे ओमान से प्रत्यर्पण कर भारत लाया गया है। भारत लाने के बाद उसे दिल्ली कोर्ट में पेश किया। यहां लंबी बहस के बाद दो दिन के लिए ट्रांजिट रिमांड पर रायपुर लाए जाने की कोर्ट ने स्वीकृति दी है।

खबर संक्षेप

नेपाल में भारत के नवनियुक्त राजदूत ने कार्यभार संभाला



काठमांडू। नेपाल में भारत के नवनियुक्त राजदूत सुधाकर दलेला ने मंगलवार को काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास में अपना कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले, दलेला कार्यभार संभालने के लिए मंगलवार को काठमांडू पहुंचे। काठमांडू में भारतीय दूतावास के उप-प्रभारी राकेश पांडे सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और नेपाल के विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधियों ने दलेला का स्वागत किया।

धनशोधन मामले में ईडी ने की छापेमारी

श्रीनगर/नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने कथित आतंकवाद वित्तपोषण से जुड़े धनशोधन के एक मामले में मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में कई स्थानों पर छापेमारी की। धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उमर आदिल डार और उसके सहयोगियों से जुड़े मामले में श्रीनगर के कम से कम चार ठिकानों पर छापेमारी की गई। यह जांच डार के प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए मददगार के तौर पर काम करने और संगठन की गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल रहने के आरोपों से संबंधित है।

दो भाइयों ने वाहन फूंका दो लोग जिंदा जले

अमरेली। गुजरात के अमरेली जिले में रुपयों के लेन-देन के चलते दो भाइयों ने एक वाहन को कथित तौर पर आग लगा दी, जिससे उसमें सो रहे एक 16 वर्षीय किशोर सहित दो लोग जिंदा जल गए। घटना लिलिया तालुका के गुंदरण गांव के बाहरी इलाके में आधी रात के आसपास हुई, जब आरोपी विनोद डोडियार और उसके भाई राजू ने वाहन को कब्जे में लेने के विवाद को लेकर उस पर ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर आग लगा दी।



फंदे से लटकी मिली महिला, पति गिरफ्तार

पुणे। महाराष्ट्र के पुणे में 34 वर्षीय एक महिला का शव एक फ्लैट में फंदे से लटका मिला। मृतका के परिजनों ने ससुराल वालों पर सोने की मांग को लेकर उसे परेशान करने का आरोप लगाया, जिसके बाद पुलिस ने उसके पति को गिरफ्तार कर लिया। मृतका की पहचान पायल जांबरे पाटिल के रूप में हुई है, जिसकी शादी अक्षय जांबरे पाटिल से हुई थी और उनकी एक बेटी है। पायल पहले आईटी क्षेत्र में काम करती थी, लेकिन बाद में उसने नौकरी छोड़ दी थी। हालांकि, उसके परिजनों का आरोप है कि उसकी हत्या की गई, और उसके पति तथा ससुराल वालों ने मुकुंद नगर स्थित फ्लैट में उसके शव को फंदे से लटका दिया।

राज्योत्सव का समापन, मानवाधिकार के नाम पर नक्सलवाद का समर्थन करने वालों पर शाह ने दागे सवाल

छत्तीसगढ़ स्थापना के 26 साल

शाह बोले- छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से मुक्त, अब इसे संवारने की बारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के समापन समारोह में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए श्री शाह ने नक्सलवाद, आदिवासी अधिकारों, प्रदेश के विकास और सांस्कृतिक विरासत के मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, आज छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से मुक्त हो गया है, अब इसे संवारने की बारी है। हमारी सरकार इस दिशा में लगातार काम कर रही है।

नक्सलवाद से मुक्त होने पर उन्होंने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और छत्तीसगढ़ पुलिस के जवानों को बधाई दी। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा, वर्ष 2000 में उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया। अटल ने छत्तीसगढ़ बनाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे संवारा।

अमित शाह ने नक्सलवाद का समर्थन करने वालों और मानवाधिकार के नाम पर आवाज उठाने वालों से सवाल करते हुए कहा कि क्या मानवाधिकार हाथ में बंदूक लेकर विकास रोकने के लिए होता है? क्या गरीब आदिवासियों का मानवाधिकार नहीं होता? उन्होंने कहा कि नक्सलवाद ने आदिवासी क्षेत्रों के विकास को बाधित किया और बच्चों का बचपन छीन लिया। उन्होंने कहा कि जिस धरती पर सांस्कृतिक गलियारा होना चाहिए था, वहां रेड कॉरिडोर बना दिया गया। जिन जंगलों में महुआ, तेंदूपत्ता और लोकगीतों की गूंज होनी चाहिए थी, वहां बारूदी सुरंगें बिछाई गईं। बच्चों के हाथों में कलम की जगह बंदूकें थमा दी गईं। स्कूलों और सड़कों को निशाना बनाकर विकास का ▶▶ शेष पेज 8 पर

टॉप टूरिस्ट डेस्टिनेशन में होगा छत्तीसगढ़

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सलवाद के अवरोध दूर होने के बाद अब छत्तीसगढ़ में पर्यटन विकास की अपार संभावनाओं के नए द्वार खुल रहे हैं। प्राकृतिक सौंदर्य, जलप्रपातों, घने जंगलों, समृद्ध जनजातीय संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहरों से परिपूर्ण छत्तीसगढ़ आने वाले समय में देश के प्रमुख पर्यटन राज्यों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा। उन्होंने कहा ▶▶ शेष पेज 8 पर



शाह ने महतारी वंदन की 33वीं किस्त की जारी

राज्योत्सव के अवसर पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने महतारी वंदन योजना की 33वीं किस्त जारी की। योजना के तहत साढ़े 68 लाख हितग्राहियों के खाते में 1000 रुपए का अंतरण किया गया।

एसआईआर पर विशेष संसद सत्र बुलाने की पेशकश

अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी नकली संसद बनाकर वास्तविक संसद का मजाक उड़ा रहे हैं और वहां चर्चा का नाटक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए ▶▶ शेष पेज 8 पर

छत्तीसगढ़ विकास की दिशा में बढ़ा आगे

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रदेश की विभूतियों को राज्य अलंकरण से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा, छत्तीसगढ़ का विकास की दिशा में आगे ले जाने ▶▶ शेष पेज 8 पर

प्रतिभाओं को मिला राज्य का प्रतिष्ठित सम्मान



रायपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नवा रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2026 के समापन समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों एवं संस्थाओं को प्रतिष्ठित राज्य अलंकरण पुरस्कारों से सम्मानित किया। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 26वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित इस समारोह में साहित्य, कला, संस्कृति, पत्रकारिता, खेल, कृषि, समाजसेवा, जनजातीय उत्थान, महिला सशक्तिकरण, सहकारिता, श्रम, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मान प्रदान किया गया।

इंडिगो की उड़ान में यात्री ने आपातकालीन निकास प्रणाली से छेड़छाड़ की, हड़कंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुणे

दिल्ली से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद इंडिगो की उड़ान में सवार 33 वर्षीय एक यात्री ने कथित तौर पर आपातकालीन निकास द्वार के लीवर के कवर से छेड़छाड़ की, जिससे हवा में विमान में सवार लोगों में दहशत फैल गई। यह घटना सोमवार को पुणे जा रही उड़ान संख्या 6ई6884 में हुई। यात्री गौरव सत्येंद्र रौतेला, जो सासवड का निवासी है, आपातकालीन निकास द्वार के पास बैठा था और उसने कथित तौर पर द्वार की प्रणाली से छेड़छाड़ की। रौतेला ने दावा किया कि उसने जिज्ञासावश कवर को छुआ था कि वह क्या है। उसे पता नहीं ▶▶ शेष पेज 8 पर

यात्री के खिलाफ मामला दर्ज

अधिकारी ने बताया कि विमान के चालक दल के एक सदस्य की शिकायत के आधार पर यात्री के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 125 (लापरवाही या उतावलेपन से ऐसा कोई काम करना, जिससे मानव जीवन या दूसरों की व्यक्तिगत सुरक्षा खतरे में पड़े) और विमान अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया।

जिज्ञासावश कवर छूने का दिया जवाब

पुणे एयरपोर्ट पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक गोविंद पवार ने बताया कि पूछताछ के दौरान यात्री ने दावा किया कि उसने जिज्ञासावश यह जानने के लिए कवर को छुआ था कि वह क्या है। उसे कथित तौर पर यह जानकारी नहीं थी कि इसका संबंध विमान के आपातकालीन निकास द्वार से है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि आपातकालीन निकास प्रणाली से किसी भी तरह की छेड़छाड़ विमान में सवार यात्रियों की जान और सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती है।

सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी, केंद्र से मांगा जवाब

प्रदर्शन स्थल पर हमेशा के लिए कब्जा नहीं किया जा सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने त्योहार के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के खिलाफ हो रहे प्रदर्शनों पर रोक लगाने संबंधी कारोबारी संगठनों की याचिका पर केंद्र व अन्य पक्षों से जवाब मांगते हुए मंगलवार को कहा कि किसी प्रदर्शन स्थल पर हमेशा के लिए कब्जा करके नहीं रखा जा सकता। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ किराना कमेटी दिल्ली की याचिका समेत कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिममें रामलीला मैदान में प्रदर्शन के कारण कारोबार को नुकसान पहुंचने का आरोप लगाया गया है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, आप किसी जगह पर हर समय कब्जा नहीं कर सकते। किसान, पत्रकार आदि कहां जाएंगे?

सीईसी के खिलाफ हो रहे प्रदर्शनों को रोकने की याचिका पर सुनवाई

हर किसी को विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है। इसके लिए एक निश्चित अवधि और समय तय किया जाना चाहिए। पीठ ने व्यापारिक संगठनों से कहा कि वे कारोबार को नुकसान पहुंचने का आरोप लगाने वाली अपनी याचिका में मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ प्रदर्शन आयोजित कर रहे संगठनों को भी पक्षकार बनाएं। व्यापारियों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि प्रदर्शन स्थल के आसपास के इलाकों में 50 लाख लोग रहते हैं।



विरोध प्रदर्शन के चलते दुकानें बंद

व्यापारी संगठनों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने अदालत को बताया कि प्रदर्शन स्थल के आसपास करीब 50 लाख लोग रहते हैं। विरोध प्रदर्शन के चलते दुकानें बंद हैं और त्योहारों के मौसम में व्यापारिक गतिविधियों पर बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने इस समस्या का समाधान निकालने के लिए अदालत से 'आउट ऑफ द बॉक्स' समाधान तलाशने की अपील की।

किसान, पत्रकार और दूसरे लोग कहां जाएंगे?

इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, आप किसी जगह पर हर समय कब्जा नहीं कर सकते। किसान, पत्रकार और दूसरे लोग कहां जाएंगे? हर किसी को विरोध करने का अधिकार है। इसके लिए एक निश्चित समय और जगह तय की जानी चाहिए।

विरोध प्रदर्शन में शामिल संगठनों को बनाएं पक्षकार

पीठ ने व्यापारी संगठन से उन सभी संगठनों और समूहों को भी मामले में पक्षकार बनाने को कहा, जिन्होंने विरोध प्रदर्शन आयोजित किए हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि संबंधित संगठनों का पक्ष सुने बिना इस मामले में कोई फैसला नहीं किया जा सकता। इस पर मुकुल रोहतगी ने कहा कि वह संबंधित संगठनों को याचिका में पक्षकार बनाएंगे।

शेयर बाजार में चौथे दिन तेजी

चार दिन में निवेशकों को 13 लाख करोड़ का मुनाफा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय शेयर बाजार में चौथे दिन भी लगातार तेजी जारी रही। मंगलवार को बीएसई सेंसेक्स 1,225 अंक चढ़ गया। वहीं, निफ्टी-50 जोरदार बढ़त के साथ 23,800 के पार पहुंच गया। पिछले चार दिनों की तेजी के कारण निवेशकों की संपत्ति में 13 लाख करोड़ से ज्यादा का इजाफा हुआ। मंगलवार को ही निवेशकों को साढ़े चार लाख करोड़ से अधिक का मुनाफा हुआ।



इसलिए बाजार में तेजी

शोध विश्लेषक कंपनी एचएसटी वेल्थ के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी हरिसेल्वन राधाकृष्णन ने कहा, ब्रेंट कच्चा तेल 105.50 डॉलर प्रति बैरल के आसपास है, जो पिछले सप्ताह के उच्च स्तर से काफी नीचे आ चुका है। इसकी वजह कतर की मध्यस्थता से अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत है। इससे संघर्ष समाप्त होने और होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते ऊर्जा आपूर्ति बहाल होने की दिशा में प्रगति की उम्मीद बढ़ी है।

वोटर लिस्ट से नाम गायब तो भरें फॉर्म-6, नहीं होगा मुकदमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में नाम नहीं आने से परेशान पुराने मतदाताओं को चुनाव आयोग ने बड़ी राहत दी है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि जिन लोगों के नाम पहले मतदाता सूची में दर्ज थे, लेकिन एसआईआर के दौरान प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची में किसी कारणवश शामिल नहीं हो पाए हैं, वे दोबारा नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 भर सकते हैं। ऐसा करने पर ▶▶ शेष पेज 8 पर



धारा 31 के तहत कार्रवाई नहीं होगी

आयोग ने अपने ताजा स्पष्टीकरण में सबसे महत्वपूर्ण बात यह कही है कि यदि किसी मतदाता का नाम पहले की मतदाता सूची में दर्ज रहा है और वह एसआईआर के दौरान अथवा उसके बाद फॉर्म-6 जमा करता है, तो केवल इस आधार पर उसके खिलाफ जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के तहत कोई कार्रवाई शुरू नहीं की जाएगी।

दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले का हवाला

निर्वाचन आयोग ने अपने स्पष्टीकरण में दिल्ली हाईकोर्ट के 14 अक्टूबर 2026 के एक फैसले का भी उल्लेख किया है। नीलोत्पल दत्ता एवं अन्य बनाम भारत निर्वाचन आयोग एवं अन्य मामले में याचिकाकर्ताओं ने यह आशंका जताई थी कि पहली बार मतदाता नहीं होने के बावजूद फॉर्म-6 भरना गलत घोषणा करने के समान होगा। इस पर दिल्ली हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की आशंका को निराधार माना था।

8 नवंबर को सुबह 11 बजकर 27 मिनट पर प्रारंभ होगी अमावस तिथि

तीन साल बाद फिर दीपावली 6 दिनों की, इस बार अमावस दो दिन, लक्ष्मी पूजन प्रथम दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दीपोत्सव इस बार 6 दिन का होगा। 3 वर्ष बाद फिर इस बार अमावस्या तिथि दो दिन होने से दीपोत्सव 6 दिन तक चलेगा। 8 नवंबर रविवार को अमावस्या तिथि प्रातः 11 बजकर 27 मिनट से शुरू होगी तथा 9 नवंबर सोमवार की दोपहर 12 बजकर 32 मिनट तक रहेगी। दिवाली प्रदोष कालीन व निशीथ व्यापिनी अमावस्या तिथि में



मनायी जाती है। इसीलिए चतुर्दशी युक्त अमावस्या में दीपावली का पर्व 8 नवंबर रविवार को मनाया जाएगा। अर्थात लक्ष्मी पूजन दो दिवसीय अमावस के प्रथम दिन होगा।

कार्तिक कृष्ण प्रदोष व्यापिनी त्रयोदशी में 6 नवंबर शुक्रवार को धनतेरस से दीपोत्सव का पर्व शुरू होगा। 7 नवंबर को नरक चौदस के दीप प्रज्ज्वलित किए जाने के बाद 8 नवंबर को लक्ष्मी पूजन किया जाएगा। 9 नवंबर अर्थात सोमवार की दोपहर 11:43 बजे तक अमावस्या तिथि विद्यमान रहेगी। इस दिन अमावस्या तिथि एवं सोमवार दिन होने से सोमवती अमावस्या का संयोग बन रहा है। प्रातःकाल अमावस होने के कारण इस दिन स्थान दान किया जाएगा।

करना होगा एक दिन इंतजार

लक्ष्मी पूजन के बाद गोवर्धन पूजा के लिए एक दिन इंतजार करना होगा। 10 नवंबर सोमवार को स्वाति व विशाखा नक्षत्र एवं सौभाग्य योग में गोवर्धनपूजा व अन्नकूट का पर्व मनाया जाएगा। महिलाएं इस दिन गोबर से गोवर्धन की आकृति बनाकर पारंपरिक गीत गाते हुए उनकी पूजा-अर्चना करेंगी। श्रद्धालु इस दिन भगवान श्रीकृष्ण एवं गौ माता की पूजा करेंगे। इस दिन गौशाला में गायों को स्नान कराकर नूतन वस्त्र धारण कराकर चंदन, अक्षत, पुष्प, धुप-दीप, मिठाई व फल से पूजा होगी। कार्तिक शुक्ल उदय कालिक द्वितीया में 11 नवंबर बुधवार को भाई दूज मनाया जाएगा।

जानिए... कब करें पूजन

- धनतेरस 6 नवंबर, शुक्रवार
- छोटी दिवाली (काली चौदस) 7 नवंबर, शनिवार
- बड़ी दिवाली (लक्ष्मी पूजा) 8 नवंबर, रविवार
- स्नान-दान अमावस्या (अतिरिक्त दिन) 9 नवंबर, सोमवार
- गोवर्धन पूजा 10 नवंबर, मंगलवार
- भाई दूज 11 नवंबर, बुधवार

फसलों के नुकसान का सर्वे अब तक शुरू नहीं, किसानों की बढ़ी चिंता



हरिभूमि न्यूज: रायपुर।

अर्नब चक्रवाती तूफान के कारण धान की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। शासन ने इससे प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि देने के लिए सर्वे कराने की घोषणा की है, लेकिन अब तक सर्वे का काम शुरू नहीं हो पाया है, जो किसानों की चिंता का कारण बना हुआ है। रायपुर जिले में भी कई किसानों की फसलों पर अर्नब चक्रवाती तूफान का बहुत ज्यादा असर पड़ा है। आरंग क्षेत्र के कई किसानों ने हरिभूमि से बातचीत करते हुए फसलों को पहुंचे नुकसान का सर्वे नहीं होने पर चिंता जताई है। किसानों ने कहा कि सर्वे का काम पटवारियों के माध्यम से कराया जाता है, जो इन दिनों अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। ऐसे में सर्वे का काम कौन करेगा तथा मुआवजा उन्हें मिलेगा या नहीं, इस सवाल ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी है, क्योंकि कई किसानों ने बीमा पॉलिसी पर ही विश्वास नहीं दिखाया है, जिसके कारण उन्होंने फसलों का बीमा भी नहीं कराया है। अर्नब चक्रवात से प्रभावित हुए किसानों में ग्राम फरफोद निवासी राजकुमार चंद्राकर ने बताया कि उसने करीब 30 एकड़ में धान की फसल लगाई है। फसल अभी पकी नहीं थी, लेकिन तेज हवा के साथ बारिश होने से उनके खेतों में पानी भर गया है। इससे खड़ी फसल जमीन पर लेट गई है। फसल के लेट जाने से धान की बालियां सड़-गल जाती हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 35 से 40 प्रतिशत तक फसलों को इससे नुकसान होगा। इसकी भरपाई तभी हो पाएगी, जब सर्वे कर फसलों के नुकसान का आकलन किया जाएगा।

ग्राम रेवा आरंग निवासी किसान दौलत साहू ने बताया कि वह करीब 50 एकड़ में धान की फसलें लगाई हैं। इसमें लगभग 10 एकड़ में उसकी स्वयं की फसलें हैं। उन्होंने बताया कि उनके गांव में भी सर्वे का काम अब तक शुरू नहीं हुआ है, जिसके कारण वह चिंतित है। किसान ने कहा कि फसलों का उसने बीमा नहीं कराया है, क्योंकि बीमा कराने के बाद भी क्लेम की राशि किसानों को नहीं मिलती है। इसके कारण उनके गांव के ज्यादातर किसानों ने बीमा कराना छोड़ दिया है।

बीमा कराया पर पटवारी की अनावरी रिपोर्ट के बाद मिलेगा मुआवजा

ग्राम रसनी निवासी किसान नंदकुमार चंद्राकर ने बताया कि उसके द्वारा 100 एकड़ में धान की फसल लगाई है, जिसमें से लगभग 40 प्रतिशत फसलें चक्रवाती तूफान के कारण लेट जाने से खराब हो गई हैं। फसल बीमा के तहत उसने एचडीएफसी बैंक से बीमा भी कराया है, लेकिन जब वह क्लेम करने के लिए बैंक पहुंचा, तो अधिकारी ने यह कहकर लौटा दिया कि पटवारी की अनावरी रिपोर्ट के आधार पर ही क्लेम की राशि मिलेगी। किसान ने कहा कि पटवारी हड़ताल पर है, ऐसे में मुआवजा मिलेगा या नहीं, इसकी चिंता सभी किसानों को है।

फसलों को भारी नुकसान हुआ

आरंग क्षेत्र में चक्रवात तूफान से किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। सर्वे का काम अब तक शुरू नहीं हुआ है। इससे किसानों की चिंता बढ़ी हुई है कि मुआवजा मिलेगा या नहीं।

– **वतन चंद्राकर,** सदस्य, जिला पंचायत रायपुर

सर्वे जल्द से जल्द शुरू करना चाहिए

किसानों को राहत देने फसलों के नुकसान का सर्वे का काम जल्द से जल्द शुरू करना चाहिए, ताकि किसानों को मुआवजा मिल सके।

– **संदीप यदु,** उपाध्यक्ष, जिला पंचायत रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव में जीत की रणनीति पर भाजपा की बैठक में मंथन

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

प्रदेश में अगले माह होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर प्रदेश भाजपा संगठन की बैठक में जीत की रणनीति पर मंथन किया गया। बैठक



के बाद मुख्य प्रदेश प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पाण्डेय ने आगामी नगरीय निकाय चुनावों को लेकर कहा, पंचायत स्तर और पार्षद से लेकर पार्लियामेंट तक अंत्योदय का भाव जन-जन तक पहुंचे, यह भारतीय जनता पार्टी की कार्यशैली और रीति-नीति रही है। वार्ड पार्षद विकास की एक अत्यन्त महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। श्री पाण्डेय ने कहा, आगामी नगर निकाय चुनावों में भी जनता के आशीर्वाद से शहरों में भाजपा की नगर सरकार बनेगी। मैदान में उतरने से पहले की पूर्व तैयारी के तहत पार्टी अपने बूथों और शक्ति केन्द्रों को सुदृढ़ कर रही है। इसके तहत बूथ समितियों की समीक्षा की जा रही है कि वे पूरी तरह दुरुस्त हैं या नहीं? यदि कहीं नई नियुक्तियां कर संगठन को सक्रिय करने की आवश्यकता है, तो उसे समय रहते पूरा किया जा रहा है। इसी चुनावी व संगठनात्मक तैयारी के निमित्त यह महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित सभी प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक, महापौर और क्षेत्रीय पदाधिकारी मौजूद रहे। श्री पाण्डेय ने बताया, बैठक में संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ और सभी ने मिलकर नगरीय निकाय चुनावों में पार्टी की विजय सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। श्री पाण्डेय ने बताया, नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत के अंतर्गत आने वाले 17 निकायों में चुनाव होने हैं, जिनमें 17 अध्यक्ष पदों और 400 पार्षदों के पदों पर निर्वाचन होना है। इन चुनावों में पार्टी की रणनीति और आगामी कार्ययोजना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई है। च

घरौंदा सेंटर में आठ बच्चों की मौत हाईकोर्ट ने कहा- यह बेहद अमानवीय

पांच बच्चों के गायब होने के मामले को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया

बिलासपुर। रायपुर के घरौंदा सेंटर में आठ बच्चों की मौत और पांच बच्चों के गायब होने के मामले को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है और इसे एक तरह से अमानवीय बताया है। हाईकोर्ट ने सभी कोर्ट कमिश्नरों को जल्द रिपोर्ट पेश करने कहा है। इससे पहले वित्त और समाज कल्याण विभाग के सचिवों के साथ ही मुख्य सचिव ने शपथपत्र पेश करके घरोंदा सेंटर्स बच्चों के बारे में जानकारी दी थी। जिसमें कहा गया कि तीन साल में शासन ने 9 करोड़ रुपए बच्चों पर खर्च किए हैं। हाईकोर्ट ने इसमें 11 कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किया है। इसमें एडवोकेट विवेक श्रीवास्तव, अपूर्व त्रिपाठी, संघर्ष पाण्डेय, सूर्या कंवलकर डांगी, शिवाली दुबे, अदिति सिंघवी, ईश्वर जायसवाल के नाम शामिल हैं। इन सबको शासन और केंद्र की योजनाओं के तहत संचालित घरोंदा सेंटर्स का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति की रिपोर्ट पेश करने कहा गया है।

दरअसल मामले में रायपुर की संस्था कोपलवाणी ने कोर्ट में एक जनहित याचिका लगाई है। इसमें कहा गया था कि पिछले कुछ सालों में एनजीओ की मदद से बच्चों के लिए चलाए जा रही संस्था घरोंदा में बच्चों की भूखमरी से मौत हो रही है। इस मामले में कोर्ट ने शासन से जवाब तलब किया था। इस पर कोर्ट को बताया गया था कि इन संस्थानों में शासन में 3 सालों में 9 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। रायपुर रायपुर स्थित एनजीओ में करोड़ों के शासकीय अनुदान के बावजूद भूखमरी से बच्चों की मौत हुई थी। इस मामले में संस्था कोपलवाणी ने पहले ही राज्य के बड़े प्रशासनिक अफसरों से लिखित शिकायत की थी। इसके बाद घरोंदा योजना शुरु की गई। इसके तहत पीतांबरा संस्था समेत 4 संस्थाओं को 9 करोड़ 76 लाख रुपए दिए गए थे। इसमें से पीतांबरा और कुछ अन्य



संस्थाओं में 2014 से लेकर अब तक अलग-अलग 8 बच्चों की मौत हो चुकी है।

कमिश्नर नियुक्त करके मांगी रिपोर्ट

जानकारी के बाद कोर्ट ने प्रदेश के सभी एनजीओ द्वारा संचालित संस्थाओं के घरौंदा सेंटर्स और बाल आवास में जांच करने कोर्ट ने 11 कोर्ट कमिश्नरों को नियुक्त किया था। प्रदेश के रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, अंबिकापुर, रायगढ़, जगदलपुर जैसे जिलों में चल रहे सेंटर्स की पूरी जांच की गई। जिसके बाद कमिश्नर्स ने अपनी रिपोर्ट तैयार की लेकिन कुछ लोगों ने अपनी रिपोर्ट पेश नहीं की है। हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई 14 दिसंबर को तय की है।

यह है घरोंदा योजना

घरोंदा योजना निराश्रित नाबालिग और बालिग ऐसे लोगों के लिए शुरू की गई है, जो सेरिब्रल पाल्सी, डीएचडी या ऑटिज्म जैसी बीमारी से ग्रस्त हैं। कई जिलों में घरोंदा सेंटर्स संचालित किए जा रहे हैं। इनमें 18 साल से अधिक उम्र के निराश्रित और नाबालिग बच्चे भी रखे जाते हैं। कोर्ट कमिश्नरों ने इन्हीं सेंटर्स में जाकर पूरा मुआयना किया। इसके बाद यहां रहने वालों की दशा और व्यवस्था के बारे में रिपोर्ट तैयार की है।

जेल में रहते हुए सीआरपीएफ जवान को बर्खास्त करना अवैध

हाईकोर्ट ने बहाली के दिए निर्देश

बिलासपुर। हाईकोर्ट ने जेल में बंद रहने के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक इंस्पेक्टर के खिलाफ उसकी अनुपस्थिति में विभागीय जांच कर बर्खास्त करने की कार्रवाई को प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन माना है। कोर्ट ने बर्खास्तगी और अपील खारिज करने के दोनों आदेश निरस्त करते हुए याचिकाकर्ता को सेवा में वापस लेने का निर्देश दिया है। हालांकि कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि उसे पिछला वेतन नहीं मिलेगा। संबंधित विभाग को नियमानुसार नए सिरे से विभागीय कार्रवाई करने की स्वतंत्रता भी दी गई है।

याचिकाकर्ता वाई.के. सोलोमन मणिपुर के निवासी हैं और सीआरपीएफ में इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थ थे। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शक्ति राज सिन्हा ने बताया कि सोलोमन वर्ष 2015 में अंबिकापुर में प्रशिक्षण ले रहे थे। इस दौरान 2 अगस्त 2015 को अग्रसेन चौक पर संजय सिंह के साथ मारपीट की घटना हुई थी। बाद में इलाज के दौरान संजय सिंह की मृत्यु हो गई। इस मामले में याचिकाकर्ता के खिलाफ हत्या सहित भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया और 8 अक्टूबर 2016 को उनकी गिरफ्तारी हुई। इसके बाद सीआरपीएफ अधिकारियों ने विभागीय जांच शुरू कर 3 सितंबर 2018 को सेवा से बर्खास्त कर दिया। वहीं आपराधिक मामले में अंबिकापुर के तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश ने 1 नवंबर 2021 को संदेह का लाभ देते हुए उन्हें बरी कर दिया। इसके बाद उन्होंने बरी होने के आधार पर बहाली की मांग की, लेकिन 11 मई 2022 को विभाग ने उनकी अपील खारिज कर दी।

जेल में रहकर बचाव नहीं कर सकते

हाईकोर्ट ने सुनवाई में पाया कि विभागीय जांच के दौरान याचिकाकर्ता केंद्रीय जेल अंबिकापुर में विचाराधीन बंदी के रूप में निरुद्ध थे। उन्हें 23 जुलाई 2018 को जेल में नोटिस दिया गया था, जिसके जवाब में उन्होंने स्पष्ट किया था कि जेल में बंद होने के कारण वे विभागीय जांच में उपस्थित होकर अपना बचाव नहीं कर सकते। उन्होंने आपराधिक मुकदमे का अंतिम फैसला आने तक जांच स्थगित रखने का अनुरोध भी किया था। इसके बावजूद अधिकारियों ने उनकी अनुपस्थिति में जांच पूरी कर यह मान लिया कि उनके पास बचाव में कोई साक्ष्य या गवाह नहीं हैं। जेल में बंद होने की जानकारी और जांच स्थगित करने के अनुरोध के बावजूद सुनवाई का अवसर दिए बिना बर्खास्तगी का आदेश जारी करना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है।

खबर संक्षेप

भाजपा की प्रदेश चुनाव टोली का ऐलान

रायपुर। प्रदेश भाजपा ने नगरीय निकाय चुनाव के लिए अपनी प्रदेश टोली का मंगलवार को ऐलान किया। इसमें सांसद संतोष पांडेय साथ अखिलेश सोनी, भूपेंद्र सवन्नी, सौरभ सिंह, किशोर राय, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, पंकज झा, सुनील पिल्लाई, मितुल कोठारी, हेमंत पाणिग्रही शामिल हैं। इसी के साथ रायगढ़ में नगर पंचायत तमनार के लिए लखनलाल साहू को प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह से नगर पंचायत बिलाईगढ़ का केदार गुप्ता और बड़ी करेली का शशि पवार को प्रभारी बनाया गया है।

इंदिरा कला संगीत विवि के 4 कर्मचारी सेवानिवृत्त

रायपुर। खैरागढ़ स्थित राजकुमारी इंदिरा सिंह कला एवं संगीत विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय के गैर शिक्षक कर्मचारी संघ एवं कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित समारोह में चार कर्मचारियों को शॉल, श्रीफल, मोमेंटो, सम्मान पत्र एवं उपहार भेंटकर विदाई दी गई। इस मौके पर छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स कल्याण संघ के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र एवं सचिव शिरीष त्रिवेदी ने बताया कि एशिया के एकमात्र संगीत विश्वविद्यालय राजकुमारी इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर विश्वविद्यालय के चंद्रप्रकाश गायकवाड़, लक्ष्मी सिंह, विभाष मालवीय और ज्योति रानी झा सेवानिवृत्त हुए। खैरागढ़ इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय में अपने लंबे सेवाकाल के दौरान संस्थान की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूती देने वाले चार कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इन चारों कर्मचारियों ने अलग-अलग विभागों में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए विश्वविद्यालय की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में छत्तीसगढ़ को खनिजों से 16 हजार 738 करोड़ रुपए का राजस्व

खनिज संपदा का समुचित उपयोग कर छत्तीसगढ़ को देश के विकास का ग्रोथ इंजन बनाएंगे- साय

हरिभूमि न्यूज: रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ खनिज संपदा से समृद्ध राज्य है और देश के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास में प्रदेश के खनिज संसाधनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। राज्य सरकार केंद्र सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर खनिज संसाधनों का समुचित, वैज्ञानिक और जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा प्रयास है कि खनिज संपदा का लाभ केवल औद्योगिक विकास तक सीमित न रहे, बल्कि इसका सीधा लाभ स्थानीय लोगों, विशेष रूप से खनन प्रभावित क्षेत्रों और जनजातीय समुदायों तक पहुंचे। खनिज संसाधनों के बेहतर प्रबंधन, निवेश, रोजगार सृजन और समावेशी विकास के माध्यम से छत्तीसगढ़ को देश के विकास का प्रमुख ग्रोथ इंजन बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय मंगलवार अपने निवास कार्यालय रायपुर में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी की उपस्थिति में आयोजित खनन एवं कोयला क्षेत्र की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में प्रदेश में खनिज अन्वेषण, खनिज ब्लॉकों की नीलामी, कोयला उत्पादन, क्रिटिकल एवं रणनीतिक खनिजों के विकास, जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) की राशि के उपयोग तथा खनन गतिविधियों में आधुनिक तकनीक के समावेश सहित विभिन्न विषयों की विस्तार से समीक्षा की गई। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने खनन क्षेत्र में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किए जा रहे नवाचारों, राजस्व वृद्धि और तकनीक आधारित प्रशासनिक सुधारों की विशेष सराहना की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रही है और वे देश में जहां भी जाते हैं, राज्य सरकार के अच्छे कार्यों और प्रयासों की प्रशंसा करते हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ ने खनिज संसाधनों के बेहतर प्रबंधन, पारदर्शिता और सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। विशेष रूप से खनिज ऑनलाइन 2.0 पोर्टल, ड्रोन आधारित मॉनिटरिंग, खनन गतिविधियों की स्टार रेटिंग और डिजिटल निगरानी व्यवस्था की उन्होंने प्रशंसा की। केंद्रीय मंत्री ने खनिज राजस्व बढ़ाने और खनन क्षेत्र में प्रशासनिक दक्षता लाने के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों को सराहनीय बताया। उन्होंने बस्तर के जनजातीय समुदायों से टिन अयस्क की पारदर्शी खरीदी और बेहतर मूल्य सुनिश्चित करने के लिए विकसित TIN पोर्टल की भी विशेष प्रशंसा की। केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने बैठक में जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) की राशि के प्रभावी उपयोग पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि खनन गतिविधियों से प्रभावित क्षेत्रों और उनके निकटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना डीएमएफ का प्रमुख उद्देश्य है। इस राशि का अधिकतम उपयोग प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, आजीविका, अधोसंरचना और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए किया जाना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री ने माइन क्लोजर गतिविधियों को वैज्ञानिक और व्यवस्थित तरीके से संचालित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि जिन खदानों में खनन कार्य पूर्ण हो चुका है, उनका समापन निर्धारित वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप किया जाए। खनन समाप्त होने के बाद संबंधित क्षेत्र का किस प्रकार बेहतर और उपयोगी पुनः उपयोग किया जा सकता है, इस पर भी विशेष कार्ययोजना तैयार की जाए। बैठक में खनिज संसाधन विभाग के समन्वय से भू-विज्ञान एवं खनिकर्म संचालनालय द्वारा विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। इसमें बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में छत्तीसगढ़ को खनिजों से 16 हजार 738 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। प्रदेश में कोयला, लौह अयस्क, चूना पत्थर और टिन के उत्पादन में निरंतर वृद्धि दर्ज की गई है। बैठक में छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव विकास शील, एसीएस मनोज कुमार पिंगुआ, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक बी. साईराम, एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन तथा भारत सरकार और राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

शाह ने किया विकसित भारत संकल्प पार्क का लोकार्पण, 3 हजार से अधिक पौधों से संवरेगा शहर

16 एकड़ में विकसित पार्क में लगाए गए 2500 से अधिक पीपल के पौधे, 'पीपल सिटी' के रूप में पहचान बनाने की पहल

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर-16 में विकसित भारत संकल्प पार्क का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी मौजूद रहे। अमित शाह ने पार्क परिसर में पीपल का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य का संदेश दिया।

लगभग 16 एकड़ क्षेत्र में विकसित इस पार्क में 2500 से अधिक पीपल और 500 से अधिक स्थानीय प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं। इस पहल के जरिए नवा रायपुर को 'पीपल सिटी' के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। पार्क को केवल हरियाली का केंद्र ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, जनभागीदारी और सतत विकास के प्रतीक के रूप में तैयार किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से बनाए गए इस पार्क में आत्मनिर्भर, समृद्ध और विकसित भारत की परिकल्पना को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ा गया है। इसके माध्यम से नागरिकों को प्रकृति के संरक्षण और राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया



जाएगा। कार्यक्रम में वित्त मंत्री ओपी चौधरी, वन मंत्री केदार कश्यप, कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब सहित अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

'पीपल फॉर पीपल' अभियान से जुड़ेगी जनता

नवा रायपुर को हरित और पर्यावरण अनुकूल शहर बनाने के लिए 'पीपल फॉर पीपल' अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों को पौधों की देखभाल, संरक्षण और संवर्धन से जोड़ना है। अभियान के जरिए पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी का स्वरूप देने की कोशिश की जा रही है। भारतीय संस्कृति में पीपल के वृक्ष का विशेष धार्मिक और पर्यावरणीय महत्व है। इसी महत्व को प्रकृति संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता से जोड़ते हुए पार्क विकसित किया गया है। यह आधुनिक शहरी विकास और प्रकृति के बीच संतुलन का उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

भाजपा बोली- देश होगा नशा मुक्त

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अनुराग अग्रवाल ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के नशा मुक्त भारत के संकल्प का स्वागत किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट लक्ष्य रखा है कि 2029 तक देश को नशा मुक्त बनाना है। जिस दृढ़ इच्छाशक्ति से केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की विष्णुदेव साय सरकार ने बस्तर को नक्सल मुक्त करने की दिशा में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। उसी प्रकार देश को नशा मुक्त करने का लक्ष्य भी अवश्य पूरा होगा। श्री अग्रवाल ने कहा, नक्सलवाद की तरह ही नशा भी युवा पीढ़ी और देश के भविष्य के लिए सबसे बड़ा अभिशाप है। नक्सलवाद बंदूक से मारता है और नशा धीरे-धीरे पूरे परिवार और समाज को खोखला करता है। भाजपा सरकार नक्सलवाद पर जैसे सर्जिकल प्रहार कर रही है, वैसे ही नारकोटिक्स के पूरे नेटवर्क पर भी प्रहार किया जा रहा है।

अस्पतालों को 30 फीसदी कमीशन पर मरीजों की सप्लाई कर रहे एजेंट, स्वास्थ्य मंत्री ने कहा- इन पर कसेगा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज: रायपुर।

आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना में इलाज के नाम पर निजी अस्पतालों की गड़बड़ी में एजेंटों की भूमिका भी सामने आई है। गांव में घूमकर मरीजों की व्यवस्था करने के बदले अस्पतालों से उन्हें बाकायदा 30 प्रतिशत तक कमीशन भी मिलता है। निशुल्क इलाज, लाने ले जाने और खाना-पीना का खर्च उठाने का झांसा देकर एजेंट मरीज फांसते हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि अस्पतालों पर सख्ती के साथ इनके खिलाफ भी शिकंजा कसा जाएगा।

निशुल्क स्वास्थ्य सहायता योजना में गलत पैकेज बुक कर ज्यादा मुनाफा कमाने वाले 16 अस्पतालों को आयुष्मान से आउट कर दिया गया है। जांच के दौरान यहां कई तरह की शिकायतों के बीच कमीशन के आधार पर मरीजों की व्यवस्था का मामला काफी गंभीर है। छत्तीसगढ़ के गांव ही नहीं, ओडिशा और मध्यप्रदेश में भी अस्पतालों को मरीज की सप्लाई करने वाले एजेंट घूम रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग अब ऐसे अस्पतालों के साथ एजेंटों पर भी कार्रवाई करने की तैयारी में है। हरिभूमि-आईएनएच से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में ऐसे एजेंटों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी, जो अस्पतालों में निशुल्क स्वास्थ्य योजना में गड़बड़ी करने वाले का सहयोग कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को राजधानी समेत विभिन्न जिलों के 16 निजी अस्पतालों में गंभीर अनियमितता मिलने पर योजना से निलंबित कर दिया है। इनमें आधे से अधिक अस्पतालों में निशुल्क इलाज के लिए कार्ड ब्लाक करने के बाद भी मरीजों से अतिरिक्त राशि वसूल ली थी।

सूत्रों के अनुसार मरीजों की सप्लाई करने वाले एजेंट के लोग गांवों-गावों में घूमकर लोगों की शारीरिक-परेशानी के बारे में पूछते हैं। इस दौरान उन्हें अस्पताल ले जाकर बिना खर्च इलाज कराने के बारे में बताया जाता है। साथ ही इस बात का प्रलोभन दिया जाता है।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी







ऑनलाइन कारोबार 16 फीसदी कम ऑफलाइन 20 फीसदी ज्यादा

इस त्योहारी सीजन ऑनलाइन कारोबार को ऑफलाइन ने पटका, ऐसा पहली बार हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑनलाइन कारोबार के कारण लगातार ऑफलाइन कारोबार पर बड़ा असर हो रहा है। ऑफलाइन कारोबार आज की स्थिति में आधा हो गया है। ऐसे समय में ऑफलाइन कारोबार करने वालों के लिए यह एक अच्छी ▶▶|शेष पेज 8 पर

खास खबर



ऑफलाइन कारोबार बढ़ा

पहली बार त्योहारी सीजन में इस बार नवरात्रि में जो आंकड़े हम लोगों ने जुटाए हैं, उसके मुताबिक ऑनलाइन कारोबार 16 फीसदी कम हुआ है और ऑफलाइन 20 फीसदी बढ़ा है। दीपावली तक संभावना है कि आंकड़े और बदलेंगे और ऑफलाइन कारोबार में इजाफा ज्यादा होगा।

- अमर पारवानी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, कैट

ऑनलाइन में दाम भी कम

ऑनलाइन में मोबाइल, एलईडी, लैपटॉप, वाशिंग मशीन, फ्रीज से लेकर हर सामान बाजार से भी कम दाम में मिल रहा है। ई-कॉमर्स कंपनियां त्योहारी सीजन में ऑफर भी देती हैं। ऐसे में लोगों को इसका इंतजार भी रहता है। जो मोबाइल बाजार में 66 हजार में मिल रहा है, वही ऑनलाइन में 51 से 52 हजार में मिल रहा है। इसी तरह से जो 8 किलो की वाशिंग मशीन बाजार में 13 से 14 हजार में मिल रही है, वह ऑनलाइन में 10500 से 11 हजार में मिल रही है। इसी तरह से हर सामान की कीमत बाजार से 5 से 20 हजार तक कम होने के कारण ग्राहकों की रुचि ऑनलाइन खरीदारी में ज्यादा हो गई है।

10 मिनट में सामान घर पर

आज स्थिति यह हो गई कि कई ई-कामर्स कंपनियां कोई भी जरूरत का सामान आर्डर करने पर महज 10 मिनट में घर पर सामान पहुंचा रही हैं। यही नहीं, ज्यादातर सामान के दाम भी स्थानीय दुकानों से कम हैं। ऐसे में ग्राहक ऑनलाइन सामान मंगाने में ज्यादा रुचि ले रहे हैं। स्थानीय कारोबारी बताते हैं कि एक वह समय था जब ग्राहक एक माह या इससे ज्यादा समय का राशन अपने घरों में रखते थे, लेकिन अब ग्राहक बहुत कम सामान ले रहे हैं। ग्राहक जानते हैं कि उनका साबुन, पेस्ट, दाल, चावल, तेल, मसाले या फिर घर का कोई भी सामान खत्म हो जाएगा तो ऑनलाइन आर्डर करने पर महज दस मिनट में घर पर पहुंच जाएगा। ऐसे में ऑफलाइन कारोबार आधा हो गया है।

ओडिशा-तमिलनाडु और केरल में भारी बारिश, छत्तीसगढ़ में हल्की बारिश

'मुरासु' से तबाही...सड़कें डूबीं, पेड़ गिरे दो की मौत, हजारों एकड़ फसल बर्बाद!

विजयवाड़ा, विशाखापट्टनम और चेन्नई से करीब 30 उड़ानें रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भुवनेश्वर/रायपुर

मुरासु चक्रवाती तूफान ने आंध्र प्रदेश के तट के पास कई इलाकों में जमकर तबाही मचाई। कई इलाकों में बड़े-बड़े वृक्ष टूटकर धाराशायी हो गए।15 जिलों में करीब 30 हजार हेक्टेयर फसल नष्ट हो गई। तटीय शहरों में सड़कें डूब गईं और हाईवे पर वाहन फंस गए। सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। मंगलवार को विजयवाड़ा, विशाखापट्टनम, तिरुपति और चेन्नई एयरपोर्ट से 30 उड़ानें रद्द रहीं। ओडिशा में भी भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ।

चक्रवाती तूफान 'मुरासु' ने मंगलवार सुबह आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्र में भारी तबाही मचाई जहां हजारों पेड़ उखड़ गए, बिजली के सैकड़ों खंभे और मछुआरों की नौकाएं क्षतिग्रस्त हो गईं। चक्रवाती तूफान मुरासु ने नेल्लोर और नरसापुर के बीच ओंगोल में तबाही मचाई। इसके अलावा कोनासीमा जिले में पेड़ गिरने से एक महिला की मौत हो गई। राहत-बचाव की टीम मलबे को हटाने का काम शुरू कर दिया है। मुरासु चक्रवाती तूफान की रफ्तार 120 किलोमीटर प्रति घंटे तक की आई। नेल्लोर और नरसपुर के बीच इसने जमकर तबाही मचाई। आंध्रप्रदेश के तट से टकराया चक्रवाती तूफान मुरासु तेलंगाना की ओर चला गया है। चक्रवाती तूफान मुरासू की रफ्तार 100 से 120 किलोमीटर प्रति घंटे तक रही। इस तूफान का असर तमिलनाडु और केरल में भी देखने को मिला। तमिलनाडु के चेन्नई, चेंगलपट्टू और तिरुवल्लूर में भारी बारिश हुई। मुरासु के प्रभाव से आंध्र प्रदेश के बापटला में सबसे अधिक 222.4 मिलीमीटर बारिश हुई।

छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में असर

चक्रवाती तूफान मुरासु का असर तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में भी देखने को मिला। विशाखापत्तनम में स्थित डॉप्लर वेदर रडार के जरिए इस पर लगातार नजर रखी जा रही है। ओडिशा के गंजाम, गजपति, रायगढ़ा, कोरापुट और मलकानगिरि जिलों में भारी बारिश, बिजली चमकने और तेज हवाओं का असर देखा गया।





तमिलनाडु में भारी बारिश, कुड्डालोर में स्कूल बंद

तमिलनाडु के कुड्डालोर में मंगलवार को स्कूल बंद रहे। साइक्लोन मुरासु की वजह से भारी बारिश हुई। कुड्डालोर डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर ने ये ऑर्डर तब जारी किए जब जिले के कई हिस्सों में आंधी-तूफान, बिजली कड़कने और लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा।

मछुआरों को 2 दिन समुद्र में न जाने की सलाह

विशाखापत्तनम मौसम विभाग के निदेशक पीएलएन मूर्ति के मुताबिक, चक्रवाती तूफान मुरासु मंगलवार सुबह 3:30 से 5:30 बजे के बीच ओंगोल के पास आंध्र प्रदेश के तट को पार कर गया। फिलहाल यह दक्षिण आंध्र प्रदेश के तट के पास गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में मौजूद है। अगले 12 घंटे में इसके उत्तर-उत्तरपश्चिम दिशा में बढ़ने और मंगलवार दोपहर तक कमजोर होकर चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना है।

4 ट्रेनों का बदला रास्ता

तूफान मुरासु के कारण आंध्र प्रदेश में विजयवाड़ा-ओंगोल-गुडूर रेल सेक्शन पर ट्रेनों की आवाजाही रोक दी गई है। तेज हवाओं और खराब मौसम को देखते हुए साउथ कोस्ट रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा के लिए कई ट्रेनों के रूट बदल दिए हैं। कुछ ट्रेनों को रास्ते में रोककर चलाया जा रहा है।

शहर में दिल्ली का आर्टेमिस शांति हॉस्पिटल, शाह ने किया लोकार्पण



300 बिस्तरों वाले इस अस्पताल में सुपर स्पेशयलिटी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राजधानी के देवेंद्र नगर, पंडरी में 300 बिस्तरों वाले आर्टेमिस शांति हॉस्पिटल का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव विशेष रूप से उपस्थित रहे। गुरुग्राम स्थित प्रतिष्ठित आर्टेमिस हॉस्पिटल्स के विस्तार के रूप में स्थापित यह सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल छत्तीसगढ़ सहित मध्य भारत के मरीजों को आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध ▶▶|शेष पेज 8 पर

- गुरुग्राम के आर्टेमिस हॉस्पिटल्स का दिल्ली-एनसीआर से बाहर पहला विस्तार



एक ही छत के नीचे मिलेंगी 30 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं

आर्टेमिस शांति हॉस्पिटल में हृदय रोग, न्यूरोसाइंस, कैंसर उपचार, हड्डी एवं जोड़ रोग, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, किडनी एवं यूरोलॉजी तथा गंभीर मरीजों की देखभाल सहित कई चिकित्सा क्षेत्रों में विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। अस्पताल में 11 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और 30 से अधिक चिकित्सा एवं शल्य चिकित्सा विशेषज्ञताओं के माध्यम से मरीजों को समग्र उपचार देने की व्यवस्था की गई है।

आधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर

अस्पताल में आधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, अत्याधुनिक गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू), उन्नत इमेजिंग एवं जांच सुविधाएं तथा 24 घंटे आपातकालीन और ट्रॉमा सेवाओं की व्यवस्था की गई है। इन सुविधाओं के माध्यम से गंभीर बीमारियों के निदान से लेकर जटिल ऑपरेशन और उपचार तक की सेवाएं एक ही परिसर में उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

भूटान ने पीएम मोदी को समर्पित किया बौद्ध स्तूप

नई दिल्ली। भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने एक बौद्ध स्तूप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को समर्पित किया है। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने इसके लिए प्रधानमंत्री की असाधारण दूरदृष्टि और भारत-भूटान की मित्रता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को श्रेय दिया। रीजीजू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भूटान ने एक नवंबर को महज छह घंटे में 108 बौद्ध स्तूपों का निर्माण कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।



फैक्टरी सील, 35 हजार लीटर घी बरामद

जयपुर। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने घी बनाने और पैकिंग करने वाली एक फैक्टरी पर कार्रवाई करते हुए करीब 35 हजार लीटर घी बरामद किया। संदेह में पूरी इकाई को सील कर दिया। राज्य सरकार के 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा टीम ने हिमालय डेयरी प्रोडक्ट्स की फैक्टरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजस्थान सरस, डेयरी ब्रदर्स, श्री किरण सरस, माटुला, चॉइस डेयरी, रघु श्री और गणक ब्रांड के नाम से घी की पैकिंग की जा रही थी।

राहुल की पीएम मोदी को चुनौती

'डरिए मत मोदी जी, आमने-सामने बैठकर बहस कर लेते हैं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर खुली बहस की चुनौती देते हुए कहा है कि वह किसी भी मंच और किसी भी स्थान पर प्रधानमंत्री के साथ आमने-सामने बैठकर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री विपक्ष को देशद्रोही बताते हैं, ऐसे में यह तय होना चाहिए कि वास्तव में देशद्रोही कौन है और विदेशी ताकतों से किसके संबंध हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से कहा कि वह जल्द से जल्द इस चुनौती को स्वीकार करें और डरें नहीं।

- अमेरिकी डील से एपस्टीन तक उठाए सवाल

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी अपने वीडियो संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को बहस की चुनौती दिए हुए 24 घंटे हो चुके हैं, लेकिन अभी तक उनकी ओर से कोई जवाब नहीं आया है। उन्होंने कहा, 24 घंटे हो गए मोदी जी। मैंने आपको चैलेंज दिया है। आप कहते हो कि विपक्ष देशद्रोही है। किसी भी स्टेज पर, किसी भी जगह चुनिए और मेरे साथ डिबेट कीजिए।



इधर, रिजिजू ने राहुल का उड़ाया मजाक

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'विदेशी मदद' के मुद्दे पर खुली बहस की चुनौती दिए जाने का मजाक उड़ाते हुए मंगलवार को कहा कि यह वैसा ही है जैसे 'इस्लामी कट्टरपंथी धर्मनिरपेक्षता की बात करें।' रीजीजू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, 'उच्च स्तर की बहस परिपक्व लोगों के बीच होती है। गांधी ने देश को अस्थिर करने के लिए विपक्ष पर विदेशी मदद लेने का आरोप लगाने को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर सोमवार को पलटवार किया था और उन्हें इस मुद्दे पर खुली बहस करने की चुनौती दी थी। इधर, भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने यहां भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, अराजक 'कॉकरोच' और विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित ये सभी लोग 'सत्ता परिवर्तन' के लिए देश के सामने अराजकता का एक मॉडल पेश कर रहे हैं।

मोहन भागवत को भी बना सकते हैं निर्णायक

राहुल गांधी ने बहस की रूपरेखा भी सामने रखी। उन्होंने कहा कि इस चर्चा में दोनों पक्षों की मौजूदगी होगी, मीडिया और देश के युवा भी वहां मौजूद रहेंगे। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बैठेंगे और दूसरी तरफ वह स्वयं होंगे। बहस के लिए निर्णायक का चयन भी प्रधानमंत्री अपनी पसंद से कर सकते हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि यदि प्रधानमंत्री चाहें तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत को जज बनाया जा सकता है। राहुल ने कहा कि बहस पूरी तरह खुली होनी चाहिए, ताकि देश के सामने सभी सवालों और आरोपों पर स्पष्ट स्थिति सामने आ सके।

रायपुर-दुर्ग रोड घंटों रहा जाम



भिलाई। नेशनल हाईवे-53 पर कुम्हारी स्टेशन चौक ओवर ब्रिज के पास मंगलवार की शाम करीब साढ़े 7 बजे तेल से भरा टैंकर पलटने से रायपुर-दुर्ग मार्ग पर लंबा जाम लग गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जाम 3 किलोमीटर से ज्यादा लंबा था। रात करीब साढ़े 9 बजे तक वाहन रेंगते हुए गुजरते रहे। हालांकि रायपुर से दुर्ग आने वाले वाहन चालकों को अमलेश्वर रोड की ओर डायवर्ट किया गया था।

नेपाल के एवरेस्ट क्षेत्र में हादसा

लैंडिंग के दौरान दो हेलीकॉप्टर टकराए, भारतीय की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| काठमांडू

नेपाल के सोलुखुम्बु जिले के एवरेस्ट क्षेत्र में आज सुबह एक भीषण हवाई हादसा हो गया। फेरीचे हेलीपैड पर लैंडिंग के दौरान दो हेलीकॉप्टरों की आपस में जबरदस्त टक्कर हो गई। इस हादसे में एक भारतीय टूरिस्ट वसंत कुमार बालारामारामाडु की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि न्यूजीलैंड के भारतीय मूल के नागरिक शैलेश कृष्ण पटेल और दोनों हेलीकॉप्टरों के पायलट गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह दुर्घटना खुम्बु पासांग ल्हामु स्थित फेरीचे हेलीपैड पर सुबह 8:11 बजे हुई।



पर्यटक की मौत एनआरआई गंभीर

नेपाल पुलिस के इंस्पेक्टर तामांग ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि फिशटेल एयर में सवार भारतीय पर्यटक वसंत कुमार बालारामारामाडु की हादसे में जान चली गई। वहीं, इसी हेलीकॉप्टर में सवार न्यूजीलैंड निवासी भारतीय मूल के शैलेश कृष्ण पटेल गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

भारत एशिया की दूसरी सबसे बड़ी उच्च शिक्षा व्यवस्था बना

एशिया के टॉप 100 संस्थानों में भारत के 5 आईआईटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

एशिया की यूनिवर्सिटी की नई रैंकिंग में भारत की मौजूदगी पहले से मजबूत हुई है। 'क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंगः एशिया 2027' में भारत एशिया में सबसे अधिक यूनिवर्सिटी वाले देशों और शिक्षा प्रणालियों में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। इस मामले में केवल चीन भारत से आगे है। मंगलवार को घोषित क्यूएस रैंकिंग के अनुसार, भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु और पांच भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) एशिया के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में शामिल हैं। हालांकि पिछले वर्ष की तुलना में इन सभी की रैंकिंग में कई स्थानों की गिरावट आई है।



प्रधानमंत्री मोदी ने की तारीफ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उन्हें क्यूएस एशिया रैंकिंग में भारतीय विश्वविद्यालयों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि देखकर खुशी हुई है। उन्होंने कहा हमारी सरकार अनुसंधान और नवाचार पर ध्यान केंद्रित करते हुए, हमारे युवाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध है। मोदी ने कहा, हम भारतभर में और अधिक शैक्षणिक संस्थानों को सक्षम बनाकर इस क्षेत्र में संस्थागत क्षमता को बढ़ा रहे हैं।

एशिया के टॉप 10 विश्वविद्यालय

रैंक 1 - हांगकांग विवि, रैंक 2 - पेकिंग विवि, रैंक 3 - नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, सिंगापुर, रैंक 3 - नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ़ सिंगापुर, रैंक 5 - फ़ुदान विवि, रैंक 6 - हांगकांग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, रैंक 7 - सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ़ हांगकांग, रैंक 7 - द चाइनीज यूनिवर्सिटी ऑफ़ हांगकांग, रैंक 9 - सिंघुआ विवि, रैंक 10 - हांगकांग पॉलिटेक्निक विवि।

भारत के इन संस्थान को मिला स्थान

रैंक 59- आईआईटी दिल्ली, रैंक 64- आईआईएससी बैंगलोर, रैंक 70- आईआईटी मद्रास, रैंक 71 - आईआईटी बॉम्बे, रैंक 77- आईआईटी कानपुर, रैंक 77- आईआईटी खड़गपुर, रैंक 114- आईआईटी रुड़की, रैंक 115- आईआईटी गुवाहाटी, रैंक 156- वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, वेल्लोर, रैंक 206- मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन, मणिपाल, कर्नाटक। पिछले साल की रैंकिंग की तुलना में 36 भारतीय संस्थानों में सुधार हुआ है।

चिंतन

अनिश्चितकाल तक प्रदर्शन का हक नहीं



सियासत

प्रो.(डॉ) मनोज दयाल


लोकतंत्र में असहमति और प्रदर्शन का अधिकार है, लेकिन विरोध के नाम पर दूसरों के अधिकारों को कुचलने की छूट भी नहीं दी जा सकती। सार्वजनिक स्थानों पर अनिश्चितकाल तक कब्जा जमाकर बैठ जाना और आम लोगों की जिंदगी को बाधित करना किसी भी सूरत में उचित नहीं ठहराया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट की ताजा टिप्पणी इसी संतुलन की जरूरत को रेखांकित करती है। दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ हुए प्रदर्शन से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी भी संगठन को किसी सार्वजनिक स्थल पर अनिश्चितकाल तक प्रदर्शन करने का हक नहीं है। प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थानों पर भी समय-सीमा होनी चाहिए, ताकि दूसरे संगठनों को भी अपनी बात रखने का अवसर मिल सके। लोकतंत्र में विरोध का अधिकार किसी एक संगठन की स्थायी संपत्ति नहीं हो सकता। दरअसल, सार्वजनिक स्थानों पर लंबे समय तक चलने वाले धरने-प्रदर्शनों का असर केवल यातायात तक सीमित नहीं रहता। इससे दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी वालों, दिहाड़ी मजदूरों, नौकरीपेशा लोगों, विद्यार्थियों और मरीजों तक को परेशानी उठानी पड़ती है। दिल्ली के व्यापारिक संगठनों ने अदालत में दावा किया कि त्योहारों के सीजन में प्रदर्शनों के कारण कारोबारियों को करीब दो हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। किसी के विरोध के अधिकार की कीमत दूसरे नागरिकों को अपनी रोजी-रोटी गंवाकर नहीं चुकानी चाहिए। हालांकि, पूरे मामले का दूसरा पहलू भी उतना ही अहम है। प्रदर्शनकारियों को पुलिस कार्रवाई, हिरासत और निगरानी के नाम पर मनमानी का सामना नहीं करना चाहिए। सुनवाई के दौरान करीब सात हजार लोगों को हिरासत में लिए जाने और प्रदर्शनकारियों की निगरानी के कानूनी आधार पर सवाल उठाए गए। सरकार और पुलिस को यह स्पष्ट करना होगा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई किस कानून और किन परिस्थितियों में की गई। यही कारण है कि प्रदर्शन के अधिकार और सार्वजनिक व्यवस्था के बीच संतुलन बनाना आवश्यक है। सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वे शांतिपूर्ण प्रदर्शन के लिए पर्याप्त और सुविधाजनक स्थान उपलब्ध करवाएं। इन स्थानों का निर्धारण पारदर्शी नियमों के आधार पर हो और सभी संगठनों को समान अवसर मिले। दूसरी ओर, पुलिस को भी कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई करनी चाहिए। शांतिपूर्ण प्रदर्शन और हिंसक या अवैध गतिविधियों के बीच स्पष्ट अंतर किया जाना जरूरी है। प्रदर्शन आयोजित करने वाले संगठनों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। उन्हें यह समझना होगा कि लोकतांत्रिक अधिकारों के साथ सामाजिक दायित्व भी जुड़े हैं। यदि किसी आंदोलन के कारण सड़कें बंद होती हैं, सार्वजनिक परिवहन बाधित होता है या कारोबार ठप पड़ता है तो इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। कई बार लंबे समय तक चलने वाले धरने इस बात का संकेत होते हैं कि संबंधित पक्षों की शिकायतों का समाधान नहीं हो पा रहा। प्रशासन को समय रहते बातचीत करनी चाहिए, ताकि असंतोष टकराव में न बदले। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का व्यापक संदेश यही है कि लोकतंत्र में अधिकार एकतरफा नहीं हो सकते। किसी एक वर्ग की आवाज बुलंद करने के लिए दूसरे वर्ग की आवाजाही और आजीविका बाधित करना लोकतांत्रिक भावना के अनुकूल नहीं है। लोकतंत्र की मजबूती इसी में है कि असहमति को जगह मिले और आम जनजीवन भी निर्बाध चलता रहे।

किसी ने बनाई पार्टी, किसी ने बदला दल

> लोकतंत्र में सबको चुनाव लड़ने का अधिकार है। आजकल चुनाव लड़ने से ज्यादा चुनावी दुकान खोलने का चलन बढ़ गया है। "माननीय" बनने की ऐसी होड़ लगी है कि जिसके पास चार लोगों का समर्थन नहीं, वह भी चार पहियों वाली गाड़ी पर अपना झंडा लगाकर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन बैठा है। किसी ने पार्टी बनाई तो किसी ने दल बदल लिया। नाम चाहे कुछ भी हो..! मकसद एक ही है - किसी तरह विधायक-सांसद की नेम प्लेट लग जाए। उत्तर प्रदेश से लेकर दिल्ली तक का राजनीतिक मौसम देखिए। जैसे ही चुनाव की आहट सुनाई देती है, वैसे ही कुछ रिटायर्ड अफसरों, पूर्व न्यायाधीशों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और हताश नेताओं के भीतर सोया हुआ 'जननायक' जाग जाता है।

राजनीति का नया शॉर्टकट..! माननीय बनने की होड़..! कोई अपनी पार्टी बना रहा है तो कोई दल बदल रहा है। यह हरकतें चुनावी आहट के साथ तेज हो रही हैं। सियासी हसरतें पूरी करने का चलन इस कंपन्न से झनझना उठा है। लोकतंत्र में सबको चुनाव लड़ने का अधिकार है। आजकल चुनाव लड़ने से ज्यादा चुनावी दुकान खोलने का चलन बढ़ गया है। "माननीय" बनने की ऐसी होड़ लगी है कि जिसके पास चार लोगों का समर्थन नहीं, वह भी चार पहियों वाली गाड़ी पर अपना झंडा लगाकर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन बैठा है। किसी ने पार्टी बनाई तो किसी ने दल बदल लिया। नाम चाहे कुछ भी हो..!

मकसद एक ही है - किसी तरह विधायक-सांसद की नेम प्लेट लग जाए। उत्तर प्रदेश से लेकर दिल्ली तक का राजनीतिक मौसम देखिए। जैसे ही चुनाव की आहट सुनाई देती है, वैसे ही कुछ रिटायर्ड अफसरों, पूर्व न्यायाधीशों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और हताश नेताओं के भीतर सोया हुआ 'जननायक' जाग जाता है। वे सोचते हैं, किसी पार्टी में जाकर टिकट मांगने से अच्छा है, अपनी ही पार्टी क्यों न बना ली जाए। टिकट मांगने का झंझट खत्म..! खुद ही टिकट बांटो, खुद ही अध्यक्ष बनो..! यह हसरतें पूरी करने का जो नया चलन है, वह चुनावी कैलेंडर के साथ और तेज हो गया है। 2027 के विधानसभा चुनाव अभी दूर हैं। पर उत्तर प्रदेश में अभी से सैकड़ों नई पार्टियों ने निर्वाचन आयोग के दरवाजे पर दस्तक दे दी है। कोई लखनऊ में प्रेस क्लब में पार्टी लांच कर रहा है तो कोई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में अपना घोषणा पत्र पढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर पार्टी का लोगो, झंडा और एक जोशीला नारा- बस, बन गए राष्ट्रीय अध्यक्ष। रिटायर्ड अफसरों की राजनीति..! पेंशन के बाद पद की तलाश..! इस दौड़ में सबसे आगे हमारे सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी हैं। जीवन भर फाइलों पर 'स्वीकृत' और 'अस्वीकृत' लिखने वाले ये अधिकारी रिटायरमेंट के बाद अचानक व्यवस्था को बदलने का सपना देखने लगते हैं। इस कड़ी में सबसे चर्चित नाम है विजय शंकर पांडे का। उत्तर प्रदेश कैडर के इस पूर्व आईएएस अधिकारी ने अपने कार्यकाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग छेड़ने के लिए ख्याति अर्जित की थी। कहा जाता है कि उन्होंने प्रदेश के कई महाभ्रष्ट अधिकारियों को चिह्नित करने का बीड़ा उठाया था। उनकी छवि एक निर्भीक अधिकारी की थी। रिटायरमेंट के बाद उन्होंने सोचा कि व्यवस्था को फाइल से नहीं, मैदान से बदला जा सकता है। और फिर बना डाली अपनी पार्टी - लोक गठबंधन पार्टी। उनका तर्क है कि ईमानदार राजनीति ही भ्रष्टाचार का जवाब है। पर सवाल यह भी है कि क्या पार्टी बनाते ही जनता उनके पीछे चल देगी? इसी तरह एक और पूर्व आईएएस अधिकारी चंद्रपाल हैं। प्रशासन में लंबे अनुभव के बाद उन्होंने 'आदर्श समाज पार्टी' का गठन किया। उनका नारा है- समाज में आदर्श और समता स्थापित करना। वे दलित, पिछड़े और वंचित वर्ग की आवाज बनने का दावा करते हैं। प्रशासन में रहते हुए उन्होंने सिस्टम को अंदर से देखा। अब बाहर से उसे सुधारने निकले हैं। अब इस फेहरिस्त में नया नाम जुड़ा है -आईएएस दिव्या मित्तल का। अभी हाल ही में उन्होंने



अपनी राजनीतिक पार्टी बनाने का ऐलान किया है। एक युवा, तेजतर्रार महिला अधिकारी के रूप में उनकी पहचान रही है। उनका राजनीति में आना कई लोगों के लिए आश्चर्यजनक है तो कई लोगों के लिए यह संकेत है कि ब्यूरोक्रेसी में अब प्रतिभा घुटन महसूस कर रही है और उसे राजनीति में ऑक्सीजन तलाश रही है। क्या यह महज संयोग है कि ये सभी चुनाव से ठीक पहले सक्रिय होते हैं? नहीं, यह रणनीति है। चुनाव वह मौसम है, जब मीडिया को नए चेहरे चाहिए, जनता को नए विकल्प की तलाश होती है और ऐसे में अपनी दुकान सजाना सबसे आसान होता है। दलित राजनीति से राष्ट्रीय राजनीति तक का प्रयोग..! यह केवल आईएएस अधिकारियों तक सीमित नहीं है। इस ट्रेंड के पुराने खिलाड़ी भी हैं। उदित राज इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। भारतीय राजस्व सेवा से लेकर राजनीति तक उनका लंबा सफर रहा है। उन्होंने सबसे पहले इंडियन जस्टिस पार्टी बनाई थी। दलितों को न्याय दिलाने के नाम पर बनी यह पार्टी बाद में कांग्रेस, फिर भाजपा में विलीन होती-निकलती रही। उदित राज ने दिखाया कि पार्टी बनाना एक तरह से अपनी राजनीतिक कीमत बढ़ाने का तरीका भी है। आपकी अपनी पार्टी है, तो बड़ी पार्टियां आपको गठबंधन में लेने के लिए मजबूर होंगी। यही फॉर्मूला अब हर कोई अपना रहा है। जिसके पास 5 हजार वोट भी नहीं हैं, वह भी कहता है- हम 20 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और किंगमेकर बनेंगे। हकीकत यह है कि वे किंगमेकर नहीं, अपने ही घर के मेकर भी नहीं बन पाते। इन दुकानों के बनने के तीन बड़े कारण हैं। पहला - टिकट का अभाव और व्यक्तिवाद का उभार। बड़ी पार्टियों में टिकट के लिए लंबी लाइन है। वहां जाति, पैसा और परिवारवाद हावी है। ऐसे में एक रिटायर्ड अफसर या सामाजिक कार्यकर्ता को लगता है कि वहां उसकी पूछ नहीं होगी। इसलिए वह अपनी पार्टी बनाकर खुद को 'हाईकमान' घोषित कर देता है। दूसरा - चुनाव एक उद्योग बन गया है। पार्टी बनाइए। चंदा लीजिए। थोड़ा प्रचार कीजिए और अगर एक-दो सीटों पर 10-15 हजार वोट काट दिए, तो बड़ी पार्टियों से सौदेबाजी का रास्ता खुल जाता है। कई पार्टियां तो इसी वोट-कटवा की भूमिका के लिए ही बनाई जाती हैं। तीसरा - सोशल मीडिया का भ्रम। फेसबुक पर 10 हजार फॉलोअर और यूट्यूब पर 2 लाख व्यूज देखकर लोगों को लगता है कि ये व्यक्ति लोकप्रिय है। यह वर्चुअल लोकप्रियता उन्हें जमीन पर भी नेता होने का भ्रम दे देती है। वे भूल जाते हैं कि लाइक वोट में नहीं बदलता। सवाल यह है कि क्या यह लोकतंत्र के लिए खतरा है? जवाब है- नहीं, पर चेतावनी जरूर है। भारतीय निर्वाचन आयोग के पास 2800 से ज्यादा पंजीकृत दल हैं, पर 90% दल ऐसे हैं जिन्होंने कभी एक भी चुनाव नहीं लड़ा। ये सिर्फ कागजों पर हैं। बैलेट पेपर पर एक ही नाम से मिलते-जुलते 4-5 निर्दलीय और छोटी पार्टियों के चुनाव चिह्न देखकर वोटर कन्फ्यूज हो जाता है। और यही इनका असली खेल है - वोट काटो, चुनाव प्रभावित करो। दूसरी तरफ, यह लोकतंत्र की जीवंतता भी है। अगर कोई विजय शंकर पांडे या चंद्रपाल या दिव्या मित्तल ईमानदारी से कोई विकल्प देना चाहते हैं, तो उनका स्वागत होना चाहिए। समस्या तब है, जब पार्टी का मकसद सिर्फ 'माननीय' बनने की हसरत पूरी करना हो, जनता की सेवा नहीं। पार्टी बनाना आसान है। पर पार्टी को विचार देना, कैडर बनाना और जनता का विश्वास जीतना सबसे कठिन तपस्या है। वह तपस्या न तो प्रेस कॉन्फ्रेंस से होती है। न ही लखनऊ-दिल्ली के होटलों में पार्टी लांच करने से। लोकतंत्र में दुकानें बहुत खुल गई हैं। पर ग्राहक यानी जनता बहुत समझदार हो गई है। वह जानती है कि कौन सेवा के लिए आया है, तो कौन

(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे विवि, रायपुर के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

आध्यात्मिक

विवेक मिश्रा




33 लाख दीप प्रज्ज्वलन का नया रिकॉर्ड बनाने का प्रयास

भारत की आध्यात्मिक धारा प्रकट से अप्रकट की ओर प्रवाहित है, इसी अंतःकरण के दीपपर्व का बाह्य मूर्त चित्रण दीपावली है। अपने परम आराध्य के प्रत्यक्ष सानिध्य की अभिलाषा में रत एक नगर का रोम-रोम आह्लादित हो उठता है। अयोध्या से आशय उस भूमि से है, जिस पर युद्ध द्वारा विजय नहीं प्राप्त की जा सकती है, युद्ध अर्थात द्वंद्व से निर्मित संघर्ष। जिस धरा या स्थान पर युद्धकारक द्वंद्व का अंत होता हो, वहां स्वतः ही राम अर्थात रमणीय आनंद का निवास होता है। योगीजन भी इसी राममयी ब्रह्म तत्व में सदैव लीन मिलते हैं। भारतीय सनातन संस्कृति का यह पौराणिक दर्शन, आज हमारे समक्ष अयोध्या के भव्य व दिव्य दीपोत्सव के रूप में साकार होता है। दीपावली के शुभयोग पर आगामी 7 नवंबर 2026 को सरयू जी के 56 घाटों पर एकसाथ 33 लाख दीप प्रज्ज्वलित कर एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने का प्रयास होगा। श्री राम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में भी 1 लाख 11 हजार दियों का प्रज्ज्वलन होगा। ज्ञात हो विगत वर्ष 2025 में 26 लाख से अधिक दीप प्रज्ज्वलित कर रिकॉर्ड स्थापित किया गया है। गिनीज रिकॉर्ड स्थापित करने हेतु, सटीक मापदंडों की पालना करनी होती है। निगरानी रखने के लिए गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की एक आधिकारिक टीम मौके पर मौजूद रहती है। दीयों को व्यवस्थित रूप से दीप्त करने के लिए अवध विश्वविद्यालय समेत अन्य कॉलेजों के 35000 वालेंटियर को नियुक्त किया गया है। आयोजनों में 45 मिनट लंबा ड्रोन और लेजर शो भी रहेगा, जिसमें रामायण के प्रसंगों का सजीव चित्रण होगा। इस वर्ष 10 वे दीपोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे, जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई अन्य कैबिनेट मंत्री भी उपस्थित रहेंगे। 2027 के विधानसभा चुनावों से पूर्व इस बार का सांस्कृतिक कार्यक्रम, राजनीतिक पक्षों के चुनावी समीकरणों से भी जुड़ेगा। पिछले दिनों अयोध्या में सपा प्रमुख अखिलेश यादव का दौरा हुआ और वे श्री राम जन्मभूमि मंदिर दर्शन करने नहीं पहुंचे। सामुदायिक वोट बैंक को साधने की कोशिशों का यह एक सुनियोजित क्रम रहा है। विपक्षी दल, ऐसे आयोजनों में सरकारी धन की फिजूलखर्ची और सरकार की ब्रांडिंग पर आरोप लगाते हैं। बीते दिनों प्रधानमंत्री के जन्मदिन और सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूर्ण होने पर, आयोजित 'आशीर्वाद का दिया'नामक कार्यक्रम की तीखी आलोचना विपक्षीय दलों व चिंतको ने की थी। मुख्य विरोध उत्तर प्रदेश और बिहार से ही शुरू हुआ था। बाढ़ के बीच जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग ने उत्सव मनाने के आधिकारिक निर्देश जारी किए , जिन्हें बाद में वापस लिया गया। प्रथम दृष्टया, यह प्रश्न उचित प्रतीत होता है। इस स्तर के बड़े आयोजनों में जहां 33 लाख मिट्टी के दिये, 65 लाख बातियां, लगभग 55 हजार लीटर सरसों का तेल और 150 किलो कपूर का इस्तेमाल होने वाला है ।

इन व्यवस्थाओं में होने वाले खर्चों का योग कितने अंकों तक पहुंचता है? इसका अनुमान ही हम लगा सकते हैं। परन्तु एक दूसरा व्यावसायिक पक्ष यह भी है कि इस एकमुश्त मांग की आपूर्ति में कई छोटे-बड़े व्यापारी, व्यवसायी या श्रमिक वर्ग लगे होते हैं। इन बड़े आयोजनों के माध्यम से, वह पर्याप्त लाभ व रोजगार पाते हैं। पर्यटन, विज्ञापन और स्पॉन्सरशिप के माध्यम से राजकीय कोष को भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष लाभ पहुंचता है। वालंटियर के रूप में महाविद्यालयों के छात्रों का सहयोग,उन्हें संस्कृति से जुड़ने और परस्पर समन्वय के अवसर प्रदान करता है। भव्य आयोजनों से प्रतिष्ठित होती, नगर विशेष की अंतर्राष्ट्रीय छवि संपूर्ण राष्ट्र के लिए प्रगति के पथ को प्रशस्त करती है। अयोध्या में होने वाले दीपोत्सव को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखे जाने की अनिवार्यता को भी समझना चाहिए। मिट्टी के दीपक, बातियां, घी और सरसों का तेल पूर्णतः बायो डिग्रेडेबल हैं, अर्थात यह सभी सरलता से विघटित हो पुनः मिट्टी अथवा कार्बन स्वरूप में मिल जाते हैं। सरसों के तेल में 'एलील थियोआइसोसायनेट' नामक सक्रिय यौगिक होता है,जो तीखी गंध देता है। भारत भूमि के सबसे उन्नत आदर्श मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में प्रत्येक वर्ष नव-नवीन कीर्तिमान स्थापित करता, भव्य-दिव्य दीपोत्सव का आयोजन, सहज सर्वमान्य होना चाहिए। प्रभु राम तो स्वयं रुपर्वरु अर्थात जोड़ने वाले और ' उत्सव' अर्थात ऊपर उठते श्रेष्ठतम यज्ञ,उत्पत्ति और आनंद के स्वरूप हैं। यह तो हमारा दृष्टिकोण है कि, हम प्रभु मूर्त को किस दृष्टि से देख पाते हैं । जैसा कि, श्री राम चरित्र मानस में गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं:- 'जाकी रही भावना जैसी। प्रभु मूरति देखी तिन्ह तैसी॥

चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार




संकलित

दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं। यदि हमने किसी गरीब को कुछ दिया, तो वास्तव में हम पर उसका आभार है, क्योंकि उसने हमें इस बात का अवसर दिया कि हम अपनी दया की भावना उस पर काम में ला सकें।

मूर्ख साधू और ठग




संकलित

प्रेरणा

किसी गाँव के मंदिर में देव शर्मा नाम का एक प्रतिष्ठित साधू रहता था। उसे अपने भक्तों से दान में तरह- तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य सामग्री और पैसे मिलते थे। उन वस्त्रों को बेचकर साधू ने काफी धन जमा कर लिया था। वह अपने धन को एक पोटली में रखता था और उसे हमेशा अपने साथ लेकर ही चलता था। उसी गाँव में एक ठग रहता था। ठग हमेशा साधू का पीछा किया करता था, लेकिन साधू उस गठरी को कभी अपने से अलग नहीं होने देता। उसने साधू से मिन्नत की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले क्योंकि वह ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। साधू तैयार हो गया और इस तरह से वह ठग साधू के साथ ही मंदिर में रहने लगा। ठग मंदिर की साफ सफाई से लेकर अन्य सभी कार्य भी करता था। एक दिन साधू को पास के गांव में एक अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया, साधू ने वह आमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित दिन साधू अपने शिष्य के साथ अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में एक नदी पड़ी और साधू ने स्नान करने की इच्छा व्यक्त की। उसने पैसों की गठरी को एक कम्बल के भीतर रखा और उसे नदी के किनारे रख दिया। उसने ठग से सामान की रखवाली करने को कहा और खुद नहाने चला गया। ठग को तो कब से इसी पल का इंतजार था। जैसे ही साधू नदी में डुबकी लगाने गया, वह रुपयों की गठरी लेकर चम्पत हो गया। शिक्षाः किसी अजनबी की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर ही उस पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए।

अंतर्मन



आज की पाती

अपराध की काली कमाई सफेद करने का धंधा

मनी लॉन्ड्रिंग अर्थात धनशोधन आज केवल आर्थिक अपराध नहीं रह गया है, बल्कि यह संगठित अपराध, भ्रष्टाचार, मादक पदार्थों की तस्करी, आतंकवाद और अवैध व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण वित्तीय आधार बन चुका है। सामान्य शब्दों में कहें तो मनी लॉन्ड्रिंग वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से अपराध से अर्जित धन के वास्तविक स्रोत को छिपाकर उसे वैध अथवा कानूनी रूप से अर्जित धन के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। अपराधी जानते हैं कि केवल अवैध तरीके से धन कमाना पर्याप्त नहीं है। उस धन को ऐसी व्यवस्था में शामिल करना भी आवश्यक है जिससे उसकी वास्तविक उत्पत्ति का पता लगाना कठिन हो जाए।

- राजेश शर्मा, हिसार

ट्रेंड

पिंक लाइन



पुणे मेट्रो की नई 'पिंक लाइन' इतनी खास क्यों है? यह 23 किमी लंबी लाइन हिंजवडी के आईटी हब को शिवाजीनगर से जोड़ती है। इसका संचालन महिलाएं करेंगी। इससे पुणे में 'जीवन सुगमता' को काफी बढ़ावा मिलेगा! -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

सेहत के साथ खिलवाड़ नहीं



तुर्कमान गेट पर 7,000 किलो मिलावटी खोया जब्त किया गया! त्योहारी सीजन के दौरान और पूरे साल दिल्ली भर में छापेमारी तेज की जाएगी। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। किसी को भी मुनाफे के लिए लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

बीजेपी खुद अराजक



बीजेपी तो खुद ही अराजकता है! बीजेपी के राज में कोई अपराधी नहीं पकड़ा जाएगा, क्योंकि अपराधी चाहे जो भी हो, वह बीजेपी में कहीं न कहीं कोई पदाधिकारी जरूर होगा। महिलाओं के आंसू बीजेपी की सत्ता को बहा ले जाएंगे!

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

महंगाई मुक्ति यात्रा




भ्रष्टाचार और आसमान छूती कीमतों के खिलाफ गोवा के लोगों को एकजुट करने के संकल्प के साथ 'आप' 26 नवंबर से 19 दिसंबर तक 'महंगाई मुक्ति यात्रा' शुरू करेगी। हमारी व्यापक और परखी हुई गारंटियां सरल और सीधा समाधान देती हैं। -अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

करंट अफेयर

न्यूयॉर्क में 30 साल में पहली बार खसरे से बच्चे की मौत

अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य के उत्तरी ग्रामीण इलाके में खसरे से संक्रमित एक बच्चे की मौत हो गई है। राज्य के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 30 साल में राज्य में खसरे से मौत का यह पहला मामला है। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने बताया कि बच्चे की मौत सिरैक्यूज से करीब 93 150 किलोमीटर उत्तर में स्थित लुईस काउंटी में हुई। अमेरिका ने उच्च टीकाकरण दर बनाए रखकर 2000 में देश के भीतर खसरे के प्रसार को रोक दिया था। हाल के वर्षों में टीकाकरण की दर में गिरावट आई है और यह इस बीमारी के प्रकोप को रोकने के लिए जरूरी 95 प्रतिशत के स्तर से नीचे पहुंच गई है। डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता होचुल ने बच्चे की मौत पर दुख जताते हुए कहा, ' 'यह घटना इस बात की याद दिलाती है कि जब वाशिंगटन जानबूझकर अमेरिकियों को ऐसी बीमारियों से बचाने की दशकों की प्रगति को कमजोर करता है तो कितना कुछ दांव पर लग जाता है।'' रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने इस साल अमेरिका में खसरे से संबंधित तीन मौतों की पुष्टि की है। विभिन्न राज्यों के स्वास्थ्य विभागों ने इससे अधिक मौतों की जानकारी दी है।



ऑफ बीट

आपके बलगम का रंग बताएगा आपकी सेहत

क्या आपने कभी सोचा है कि जब आप बीमार होते हैं तो आपके बलगम का रंग अलग क्यों होता है? शायद आप यह सवाल पूछने वाले पहले व्यक्ति नहीं हैं। वास्तव में कई कारण हैं कि जब आप बीमार होते हैं तो आपके नाक के बलगम का रंग बदल जाता है। नाक के बलगम का रंग और गाढ़ापन आपकी रोग प्रतिरोध प्रणाली के बारे में रोचक जानकारी दे सकता है, और यह भी बता सकता है कि आपका शरीर बीमारियों के प्रति कैसे प्रतिक्रिया करता है। बलगम हमारे नाक के मार्ग में स्थित ऊतकों द्वारा निर्मित होता है। अक्सर इसे केवल एक दिक्कत के रूप में देखा जाता है, लेकिन बलगम एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। असल में यह एक सुरक्षात्मक अवरोधक के रूप में कार्य करता है, जो धूल, किटाणु, वायरस और अन्य कणों को श्वसन प्रणाली के गहरे भागों तक पहुंचने से रोकता है। हमारे नाक के बलगम में मौजूद लाइसोजाइम और लैक्टोफेरिन जैसे एंजाइम में रोगाणुरोधी गुण भी होते हैं। वे किटाणु की कोशिका को तोड़ते हैं और किटाणु के विकास को सीमित करने में मदद करते हैं। यह सुरक्षात्मक भूमिका बलगम को प्रतिरोधक की एक महत्वपूर्ण रेखा बनाती है, ऐसे समय में भी जब हम अस्वस्थ न हों।




हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

राज्योत्सव में विभूतियों का सम्मान

























































भाजपा नेताओं पर भड़का बांबे हाईकोर्ट, दिया आदेश

भारत धर्मनिरपेक्ष, दीया का दिवाली वीडियो दोबारा अपलोड करे बीएमसी



खास बातें

- एक्ट्रेस ने की थी ग्रीन पटाखे जलाने की अपील
- कोर्ट ने कहा- लोगों की छोटी सोच देखकर दुख हुआ



हम एक धर्मनिरपेक्ष देश हैं

अदालत ने कहा कि मुंबई जैसे शहर का अस्तित्व आपसी एकजुटता और समाज से जुड़े होने की मजबूत भावना पर टिका है। इसे किसी भी तरह की गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणी से खराब नहीं किया जाना चाहिए। हाई कोर्ट ने कहा कि हमने कल टिप्पणी करने वाले किसी भी राजनेता या व्यक्ति को जागरूकता फैलाने वाला वीडियो बनाते नहीं देखा। हम एक धर्मनिरपेक्ष देश हैं। हमें इस घटना से बहुत दुख हुआ है। यह मामला पर्यावरण से जुड़ा है और हर व्यक्ति, चाहे उसका धर्म या जाति कुछ भी हो, एक ही हवा में सांस ले रहा है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने मंगलवार को बीएमसी के 'पर्यावरण-अनुकूल और पटाखे-मुक्त दिवाली' अभियान के लिए अभिनेत्री दीया मिर्जा के वीडियो पर हुए विवाद को लेकर नाराजगी जताई। कोर्ट ने बीएमसी को उनका वीडियो फिर से अपलोड करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति नीला गोखले की पीठ ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों की छोटी सोच देखकर उन्हें बहुत दुख हुआ है, खासकर उन लोगों की जो आम जनता के प्रतिनिधि हैं। हाई कोर्ट ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि पर्यावरण, वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए बनाए गए एक वीडियो को इस तरह का गलत रंग दिया गया। कोर्ट ने कहा कि कोई भी व्यक्ति यह सवाल नहीं उठा सकता कि जागरूकता फैलाने के लिए अधिकारियों ने किसी खास सेलिब्रिटी को क्यों चुना।

सेलिब्रिटी चयन और धर्मनिरपेक्षता : हाई कोर्ट ने कहा कि जागरूकता फैलाने के लिए मशहूर हस्तियों को चुनने में बीएमसी कमिश्नर का फैसला बिल्कुल सही था। कोर्ट ने टिप्पणी की कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस मामले में अन्य अनावश्यक मुद्दों को बीच में लाया गया। अदालत ने कहा कि समाज में धर्मनिरपेक्ष भावना होनी चाहिए और संविधान नागरिकों से यही उम्मीद करता है कि वे इसे बढ़ावा दें। अगर क्लिप को हटा दिया गया है, तो बेहतर होगा कि उसे फिर से अपलोड कर दिया जाए।

हमारा आदेश 365 दिनों के लिए है

अदालत ने कहा कि विवाद के बाद बीएमसी को मिर्जा की क्लिप नहीं हटानी चाहिए थी और नगर निकाय को अभिनेत्री का वीडियो फिर से अपलोड करने के लिए कहा। पीठ ने कहा कि शादियों, जुलूसों, चुनाव में जीत और क्रिकेट मैचों के बाद जैसे मौकों पर पटाखे फोड़े जाते हैं। हमारा आदेश साल के सभी 365 दिनों के लिए है। हमारा मुख्य उद्देश्य पर्यावरण की रक्षा करना और वायु तथा ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करना है।



माफी के बाद भी नहीं थम रहा विवाद

भगवान कृष्ण पर टिप्पणी कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ शिकायत दर्ज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कथावाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की भगवान श्रीकृष्ण को लेकर की गई टिप्पणी के बाद बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। संत समाज से लेकर नेताओं तक ने उनके बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। बयान पर विवाद के बाद हालांकि धीरेंद्र शास्त्री ने माफी भी मांगी, लेकिन ये मामला यहीं शांत होता नहीं दिख रहा है। बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने मंगलवार को दिल्ली के संसद मार्ग थाने पहुंचकर धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। सांसद यादव ने कहा कि भगवान कृष्ण देश के करोड़ों लोगों की आस्था के प्रतीक हैं। उनकी गरिमा का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



ईशनिंदा की माफी नहीं : अखिलेश

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा है कि, 'मानवीय भूलों के लिए तो क्षमा किया जा सकता है, 'ईशनिंदा' के लिए कभी नहीं। ऐसे दुष्मुखी लोगों पर आजीवन प्रतिबंध लगना चाहिए, सार्वजनिक जीवन में हर सच्चा सनातनी इनका पूर्ण बहिष्कार करे। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा, हमारे कुलदेवता भगवान श्री कृष्ण पर सत्ता-पोषित एक मानसिक विक्षिप्त द्वारा की गई टिप्पणी अशोभनीय, अक्षम्य एवं अमर्यादित है। राम और कृष्ण एक दूसरे के पूरक हैं। यह नफरती लोग पहले इंसान को बांटते थे, अब भगवान को बांटने लगे। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि लोगों को बांटने से मन नहीं भरा कि आराध्यों को भी बांटने लगे? श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। श्री कृष्ण पूर्ण योगी हैं। दोनों ही विष्णु का अवतार हैं। ठाकुर जी को टेढ़ा मेढ़ा कहना पाप है।

यह है मामला

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के करैरा गांव में श्रीराम कथा के दौरान भगवान राम और श्रीकृष्ण की तुलना की थी। धीरेंद्र शास्त्री ने राम कथा के दौरान कहा था कि, 'हमारे राम सीधे हैं और तुम्हारे कृष्ण टेढ़े हैं। धाम भी सीधा है अयोध्या, तुम्हारे वाले का वृंदावन।' उन्होंने यह भी कहा था कि, 'बंसी बजाना तो खेल भी है, पर धनुष चलाना खेल नहीं है।' विवाद बढ़ने के बाद धीरेंद्र शास्त्री ने एक वीडियो जारी करके सफाई दी कि वे कृष्ण विरोधी नहीं हैं और उन्होंने यह बात केवल एक प्रेमपूर्ण भाव और विनोद में कही थी।

लॉरेंस गैंग के हैरी बॉक्सर के नाम से आया फोन

अब फिल्म स्टार तुषार कपूर को धमकी, मांगे 5 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बॉलीवुड एक्टर तुषार कपूर को कथित तौर पर लॉरेंस गैंग के सदस्य हैरी बॉक्सर के नाम से फोन आया। फोन करने वाले ने 5 करोड़ रुपए मांगे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, तुषार कपूर ने इसकी जानकारी मुंबई पुलिस को दी। इसके बाद जांच एंटी-एक्सटॉर्शन सेल और क्राइम ब्रांच को सौंप दी गई। क्राइम ब्रांच की टेक्निकल टीम ने धमकी भरे कॉल की ऑडियो रिकॉर्डिंग की जांच की। इसके बाद आवाज का मिलान हैरी बॉक्सर के आधिकारिक ऑडियो सैंपल से किया गया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, दोनों आवाजें आपस में मेल नहीं खातीं। इससे पुलिस को शक है कि यह फर्जी कॉल था। किसी ने गैंग का नाम लेकर डर पैदा करने की कोशिश की। अब पुलिस उस व्यक्ति की तलाश कर रही है, जिसने धमकी भरी ऑडियो रिकॉर्डिंग भेजी थी।



हैरी बॉक्सर पर रणवीर को धमकी देने का भी आरोप

गौरतलब है कि लॉरेंस गैंग के गुर्गे हैरी बॉक्सर पर बॉलीवुड और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े कई लोगों को धमकी देने के आरोप हैं। इनमें सबसे प्रमुख नाम एक्टर रणवीर सिंह का है। रिपोर्ट के मुताबिक, हैरी ने रणवीर के मैनेजर को वॉइस नोट भेजकर 10 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी थी।

इंडिया गठबंधन का होगा प्रदर्शन

पंजाब में आज एसआईआर के खिलाफ चुनावी बिगुल

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

एसआईआर व सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ बुधवार को पंजाब में इंडिया गठबंधन द्वारा बड़ी रैली की जाएगी। चंडीगढ़ में कांग्रेस के पंजाब प्रभारी सचिन पायलट ने यह जानकारी देते हुए बताया कि रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित सभी दिग्गज नेता शामिल होंगे।

रैली को लेकर कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा कि पिछले पूरे संसदीय सत्र के दौरान राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने बार-बार एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा की मांग की, लेकिन बीजेपी ने एक दिन भी इस पर चर्चा नहीं होने दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज भी इस मुद्दे पर चर्चा की मांग दोहरा रही है, लेकिन सरकार मुख्य मुद्दों पर चर्चा नहीं करती। उन्होंने आरोप लगाया कि अमित शाह और प्रधानमंत्री भी लगातार संसद के सत्र में हिस्सा लेने से बचते हैं।



पहले गरीबी खत्म करने के वादे होते थे : मोदी

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश की कई पीढ़ियों ने गरीबी खत्म करने के वादे सुने हैं। पहले गरीबी के खिलाफ लड़ाई सिर्फ नारों तक सीमित थी, लेकिन अब इसे खत्म करने के लिए जमीन पर काम हो रहा है। उन्होंने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए यह बात कही। इस दौरान उन्होंने पुणे मेट्रो की करीब 21,800 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन किया और नई परियोजनाओं की आधारशिला रखी। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस भी शामिल हुए। आज दुनिया में भारत की चर्चा दो और वजहों से हो रही है।



इनका हुआ सम्मान

डुमन लाल ध्रुव- शहीद वीरनारायण सिंह स्मृति सम्मान, विश्व गीता धेनू गोविन्द पक्षी सेवा धाम-यति यतनलाल सम्मान, सुश्री संजू देवी, गुण्डाधूर सम्मान, सुश्री लता नेताम-मिनीमाता सम्मान, सुखचंद भास्कर-गुरु घासीदास सामाजिक चेतना एवं अनुसूचित जाति उत्थान सम्मान सामाजिक चेतना एवं दलित उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए, धनसिंह बघेल- ठाकुर प्यारेलाल सिंह पुरस्कार, डॉ. पुरुषोत्तम चन्द्राकर, हबीब तनवीर सम्मान, टोमन कुमार- महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान, तेजस्विनी सेवा प्रतिष्ठान- पंडित रविशंकर शुक्ल सम्मान, डॉ. बिहारीलाल साहू-पं. सुन्दरलाल शर्मा सम्मान, डॉ. एम. श्रीराम मूर्ति-चक्रधर सम्मान, पुन्नीदास भट्ट-डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार, बाबूलाल अग्रवाल- महाराजा अग्रसेन सम्मान, प्रमोद कुमार साहू- चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार, बरुण सखाजी एवं रसिका पांडेय- चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार हिन्दी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया। शिशिर रॉय चौधरी- मधुकर खेर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार, डॉ. दिनेश कुमार नाग- धन्वन्तरि सम्मान, प्रदीप सोनी-श्रीमती बिलासादेवी केवट मत्स्य विकास पुरस्कार, डॉ. बहुरुन सिंह पटेल- महंत वैष्णवदास जी महाराज संस्कृत भाषा पुरस्कार, सत्य साईं संजीवनी अस्पताल, नवा रायपुर-डॉ. भंवरसिंह पोर्ते आदिवासी सेवा पुरस्कार, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड (बलौदाबाजार) स्व. रामानुज प्रताप सिंहदेव स्मृति श्रम यशस्वी पुरस्कार, सुरेश ध्रुव, उप पुलिस अधीक्षक-पंडित लखनलाल मिश्र सम्मान, दीपाली सरावगी- छत्तीसगढ़ अप्रवासी भारतीय सम्मान, सैयद ताहिर अली -किशोर साहू सम्मान, साधना यादव-लक्ष्मण मस्तुरिया सम्मान, सीएल रात्रे-देवदास बंजारे स्मृति पंथी नृत्य पुरस्कार, चंद्रभूषण वर्मा-खुमान साव सम्मान, दुर्गा प्रसाद पारकर-लाला जगदलपुरी साहित्य पुरस्कार, मोहन सुंदरानी-किशोर साहू राष्ट्रीय अलंकरण, कौस्तुभ शुक्ला एवं हेमन्त मिश्र- बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल सम्मान, बुलबुल बैद्या-माता बहादुर कलारिन सम्मान, अनंत विजय, माधव राव सप्रे राष्ट्रीय रचनात्मकता सम्मान,चेतन देवांगन- डॉ. तीजन बाई सम्मान, सत्येन्द्र उपाध्याय-चेंदरू राज्य ग्रामीण पर्यटन पुरस्कार, जगदीश देशमुख-संत रविदास सम्मान।


डीआरडीओ ने किया प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण

500 किमी तक मारक क्षमता, ट्रैक करना मुश्किल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने 3 नवंबर 2026 को ओडिशा के चांदीपुर तट के पास स्वदेशी प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण किया। इस मिसाइल की मारक क्षमता 150 से 500 किलोमीटर तक बताई जाती है। इसकी खासियत उड़ान के दौरान रास्ता बदलने की क्षमता है, जिससे दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम के लिए इसे ट्रैक करना और रोकना मुश्किल हो सकता है।

- भारत ने पहली बार एक लॉन्चर से दागीं 2 मिसाइलें



यह है खासियत

प्रलय भारत में विकसित सतह से सतह पर मार करने वाली क्वासी-बैलिस्टिक मिसाइल है। इसे जमीन से लॉन्च करके दुश्मन के सैन्य ठिकानों और रणनीतिक रूप से अहम लक्ष्यों को निशाना बनाया जा सकता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसका फ्लाइट पैटर्न है। नॉर्मल बैलिस्टिक मिसाइलें एक फिक्स पाथ को फॉलो करती हैं, जबकि क्वासी-बैलिस्टिक मिसाइल उड़ान के दौरान अपनी दिशा और रास्ते में बदलाव कर सकती है। इससे विरोधी देश के रडार और एंटी-मिसाइल सिस्टम के लिए इसके संभावित रास्तों का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है।

क्या होती है क्वासी बैलिस्टिक मिसाइल आम बैलिस्टिक मिसाइल सीधे ऊपर जाकर फिर नीचे आती है, रास्ता पहले से पता चल जाता है। प्रलय लो-ट्रेजेक्टरी पर जाती है, बीच में ही दिशा बदल सकती है, टर्मिनल फेज में मैन्युवर करती है। इसलिए दुश्मन का एयर डिफेंस इसे इंटरसेप्ट नहीं कर पाता। इसे आर्मी और एयरफोर्स दोनों में शामिल किया जाना है। पाकिस्तान के साथ LoC पर ऐसे शॉर्ट रेंज, हाई प्रिसीजन हथियार गेम-चेंजर माने जा रहे हैं।

मिसाइल की तकनीकी खूबियां

- मारक क्षमता : तकरीबन 150 से 500 किलोमीटर
- ईंधन : सॉलिड फ्यूल बेस्ड रॉकेट मोटर
- लॉन्चिंग सिस्टम : मोबाइल लॉन्चर से प्रक्षेपण
- गाइडेंस : मॉडर्न नेविगेशन और गाइडेंस सिस्टम
- वॉरहेड : अलग-अलग तरह के वॉरहेड ले जाने की क्षमता

homefirst
Home First Finance Company India Limited
CIN: L65990MH2010PLC240703
Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

शुद्धिपत्र

कृपया 07-10-2026 को ''सेंट्रल क्रॉनिकल'' + ''हरिभूमि'' (अंग्रेजी + हिंदी) में प्रकाशित उस ''(कब्जा सूचना'' विज्ञापन को देखें, जो अशोक कुमार साहू और हर्ष कुमार साहू के खिलाफ जारी किया गया था। **संपत्ति स्थिति: प्लॉट - खसरा नंबर 37/62 (भाग), मौजा - सैदा, महाल नंबर 7, प.ह.नं. 41, रा.नि.मं. अमसेना, विकास खंड तखतपुर, तहसील - सकरी, जिला - बिलासपुर (छत्तीसगढ़) - 495003। चौहद्दी: पूर्व - विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम-निस्तारी रास्ता, उत्तर-विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण - विक्रेता का प्लॉट।** ध्यान दें कि इस खाते के लिए **07-10-2026** को जारी किया गया '' कब्जा सूचना'' अब निरस्त कर दिया गया है। बाकी सभी बातें पहले जैसी ही रहेंगी।

स्थान: बिलासपुर
दिनांक: 04-11-2026
हस्ताक्षरकर्ता: अधिकृत अधिकारी,
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

homefirst
Home First Finance Company India Limited
CIN: L65990MH2010PLC240703
Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

शुद्धिपत्र

कृपया 08-10-2026 को ''सेंट्रल क्रॉनिकल'' + ''हरिभूमि'' (अंग्रेजी + हिंदी) में प्रकाशित उस ''(कब्जा सूचना'' विज्ञापन को देखें, जो अशोक कुमार साहू और हर्ष कुमार साहू के खिलाफ जारी किया गया था। **संपत्ति स्थिति: प्लॉट - खसरा नंबर 37/62 (भाग), मौजा - सैदा, महाल नंबर 7, प.ह.नं. 41, रा.नि.मं. अमसेना, विकास खंड तखतपुर, तहसील - सकरी, जिला - बिलासपुर (छत्तीसगढ़) - 495003। चौहद्दी: पूर्व - विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम-निस्तारी रास्ता, उत्तर-विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण - विक्रेता का प्लॉट।** ध्यान दें कि इस खाते के लिए 08-10-2026 को जारी की गई ''बिक्री सूचना'' एवं नीलामी तिथि **07-11-2026** को अब निरस्त कर दिया गया है। बाकी सभी बातें पहले जैसी ही रहेंगी।

स्थान: बिलासपुर
दिनांक: 04-11-2026
हस्ताक्षरकर्ता: अधिकृत अधिकारी,
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

परब विशेष

डा. पीसी लाल यादव

गौरा गीत मैं राम कथा



छत्तीसगढ़ का गौरा पर्व एक अनुष्ठानिक पर्व है। जिसे मूलतः गोड़ जाति के लोग मनाते हैं। लेकिन गौरा का पर्व अब गाँव के सभी समाज के लोगों द्वारा मनाया जाता है। यह लोक की व्यापकता और उसकी लोकप्रियता का प्रमाण है। गौरा पर्व लोक रूप में शंकर और पार्वती का विवाह है। इसे लोक व्यवहार में सम्पूर्ण वैवाहिक नियमों के द्वारा सम्पन्न किया जाता है। गौरा परब में पार्वती 'गौरी' और शंकर 'इसर राजा' के रूप में लोक पूज्य हैं। इसकी एक लोक धारणा है वह यह कि एक आदिवासी महिला जो निसंतान थी उसकी इच्छा थी कि शंकर जी उसका दामाद बने। इसलिए उन्होंने शंकर जी की तपस्या की। शंकर जी प्रसन्न हो गए, भोले भंडारी जो ठहरे। उन्होंने कहा वरदान मांगो। महिला ने कहा- तुम मेरे दामाद बनो। शंकर जी ने वरदान दे दिया। तब महिला ने कहा- किन्तु महाराज मेरी कोई बेटी नहीं है। शंकर जी ने फिर कहा- पार्वती तुम्हारी कोख से गौरा के रूप में जन्म लेगी। कुछ दिनों बाद वरदान सच साबित हुआ। पार्वती ने आदिवासी महिला की कोख से गौरा के रूप में जन्म लिया। तब भगवान शंकर का 'गौरा' को ब्याहने के लिए ईसर राजा के रूप लोक अवतरण हुआ।

कार्तिक अमावस्या के पूर्व विवाह के सारे नियमों को पूर्ण करते हुए ग्रामीणों द्वारा मिट्टी की शंकर-पार्वती की मूर्ति बनाकर ₹गौरा-गुड़ी₹ जिसे गौरा चौरा भी कहा जाता है में रखा जाता है। उस स्थान में ही गौरा पर्व मनाया जाता है। सुवा नृत्य गौरा पर्व का ही एक अंग है, जिसमें नृत्य के दौरान मिले अन्न और राशि को 'गौरा' पर्व में खर्च किया जाता है। गौरा पर्व धार्मिक अनुष्ठान के साथ-साथ सामाजिक सद्भाव और सहकार का सुंदर उदाहरण है। इस समय गाये जाने वाले गीत 'गौरा गीत' कहलाते हैं। गौरा गीतों में राम कथा का उल्लेख आता है। गौरा विसर्जन के समय महिलाओं द्वारा गीत गाया जाता है। उसमें राम जी व सीता जी का उल्लेख मिलता है।

एक पतरी चढ़ायेन गौरी खड़े हो बेलवासी
आमा च आमा पूजेन गौरी मांझे चौरासी



रैनिया के भौनिया रंग परे कस्तुरिया
आगू-आगू राम चले पाछू म भौजइया।

आगे-आगे राम जी चल रहे हैं उसके पीछे मध्य में भउजइया अर्थात सीता जी चल रही हैं और सबसे पीछे लक्ष्मण जी।

गांव की कहानी

डा. गीतेश कुमार अमरोहित

भगवान राम वन गमन को स्मरण कराता विश्राम वट



जांजगीर चाम्पा अंतर्गत धार्मिक महत्व के स्थल शिवरीनारायण मंदिर से लगभग 3 किलोमीटर की दूर महानदी पार कर दूसरे किनारे पर निंधौरी गांव के निकट है वटवृक्ष। स्थानीय निवासी इसे विश्राम वट कहते हैं। इस वट वृक्ष के पत्ते की क्षेत्र में अच्छी मान्यता है। प्राकृतिक रूप से दोने के आकार के होते हैं। ऐसी मान्यता है कि इसी दोने में माता शबरी ने वनवास काल के दौरान इस स्थल पर भगवान राम पहुंचे तो उन्होंने अपने जूठे बेर खिलाये थे। एक किंवदंती के अनुसार श्रीराम, लक्ष्मण तथा सीताजी ने इस वट वृक्ष के नीचे विश्राम किया था। इसीलिए इसे विश्राम वट कहते हैं। श्रीराम की वन यात्रा में उन्होंने महानदी के किनारे-किनारे बहुत लंबी दूरी तय की थी।

परंपरा

डा. रमाकांत सोनी

गौरा पूजन के समय किया जाता है फूल कुचरनी नेंग



छत्तीसगढ़ के ग्रामों कस्बों में गौरा-चौरा होता है। इसी चौरे में गौरा-गौरी की पूजा होती है। यहीं वे इनका ब्याह रचाते हैं। गौरा विशेषकर गोंड़ आदिवासियों का महत्वपूर्ण धार्मिक उत्सव है। यह उत्सव कार्तिक मास में दिवाली के समय मनाया जाता है। ₹गौरा₹ स्थापना कार्तिक अमावस्या के लगभग एक सप्ताह पूर्व होता है। सर्वप्रथम गौरा चौरा के पास जमीन में गड्ढा खोदकर फूल कुचरने का नेंग पूरा किया जाता है। जमीन को थोड़ा खोदकर उसमें ताम्बा का टुकड़ा, मुर्गी का अंडा और पाँच प्रकार के फूलों को डालकर मूसल से कूटा जाता है तदुपरांत उसके ऊपर बोर झरी का कांटा रखा जाता है। इसी स्थान पर महिलाएँ प्रतिदिन एकत्र होकर चाँवल चढ़ाती हैं। इस अवसर पर उत्सव के उमंग में नारी कंठ कोमल स्वरों से यह गाने लगता है--

एक पतरी रैनी भयनी, राय रतन हो दुर्गा देवी
तोरे शीतल छांव, चौकी चंदन हो पिदुली
गौरी के होथय मान, जइसे गौरी हो मान तुम्हारे
तइसे कोरवा के डार, कोरवा असन डोंहड़ी
परने ल खाथय हो, फूले पहिरथय
खेलय सगरी के पार।

लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

परब विशेष

टीकेश्वर सिन्हा ' गब्दीवाला '

लोगन के मन म उमंग भर देथे देवारी अउ दोहा



हमर छत्तीसगढ़ के संस्कृति में मिलजुल के एक-दूसर ल हाँसी-खुसी बाँटे के बड़ सुग्घर परम्परा हावै-तिहार मनाय के परम्परा। वइसे छत्तीसगढ़ में पारम्परिक तिहार बारो महिना मनाय जाथै, जेमा देवारी प्रमुख हे। देवारी हिंदी के दीवाली शब्द के अपभ्रंस शब्द आय। देवारी तिहार ल कार्तिक महिना के अंधियारी पाख के अमावस में मनाय जाथै। ये तिहार सरलग पाँच दिन ले मनाय जाथै। वइसे तिहार ले लोकगीत अउ लोकनृत्य घलो जुड़े रथय। लोकगीत में गवरागीत अउ सुवागीत। लोकनृत्य में सुवानृत्य अउ राउतनृत्य। ये राउतनृत्य याने गहिरा नाच ह सिरहोती के दिन ले सुरू होथय अउ मातर, जेठउनी, मड़ई-मेला तक चलथै।



गहिरा नाच में हमर गहिरा भाई मन नवां-नवां छिटहीं कुरता, घोंती, मंजुर पाँख खोंचाय रंग-बिरंग के पागा, दुनों खांद में कौड़ी गुंथाय गहना अउ दुनों गोड़ में घुंघरू पहिरे, दुनों हांथ में रंग-बिरंग के तार-फरिया लपटाय करिया-करिया लउठी घरे अलग-अलग ढंग ले गोल माँवर नाचत-नाचत हाना अउ कविता ल तुकबंदी करथयं, जेला दोहा परई कहे जाथय। वइसे दोहा हिंदी काव्य साहित्य के मात्रिक छंद आय जेमा चार चरन होथे अउ हर चरन में तेरह-ग्यारह मात्रा लगे रथैं। पर हमर रउत भाईमन के दोहा में मात्रा के अनिवार्यता नी रहाय। गहिराभाई मन हा सिरहोती रात में गाँव के दिही-डोंगरी ल पूजा करे बर जावत गउरीगनेस ल सुमरत दोहा पारथैं-

अरे रे अरे...
सदा भवानी दाहिनी, सनमुख गवरी गनेस।
पाँच देव रक्छा करै, ब्रम्हा बिस्नू महेस।

सुरहोती के दूसर दिन गोबरधन पूजा होथै। इही दिन जम्मों गहिरा मन बारा-साढ़े-बारा बजत ले नहाखोर के अपन-अपन ठाकुर (मालिक) मन घर गाय ल परसा जर अउ मंजुरपाँख के बने सोहई बांधे बर जाय के पहिली अपन घर के दिही-डोंगरी के पूजा कर के एक जगा सकलाथैं अउ जुजुक-जुजुक...करत नाचत-कूदत गाँव के गंवटिया घर सोहई बांधे बर जावत अइसन ढंग ले दोहा पारथें-

जात के मंय गहिरा संगी, बुधूरू मोर नाँव।
तरिया के बर कदम अस, गोकुल कस मोर गाँव।

गंवटिया घर के मुंहांटी में अमरते भार जेन गहिरा (पहाटिया) ढँकर घर के गरूवा चराथे, तेन हा अपन दूनों गोड़ ल थोरिक बकरा के अउ लउठी उपर डहर हलावत अपन ठाकुर ल दोहा पारत ताना मारथै-

वोल्की कोल्की बइला चरायेंव, बइला के सिंग में माटी।
ठाकुर घर जोहारे ल आयेंव, बुचवा हांड़ी में बासी।

गोबर में सुग्घर अकन ले लिपाय दुआर में गहिराभाई मन नाचत-कूदत रथैं। बाजा के बंद होय ले घर के पहाटिया ह कोठा में जा के सोहई बांधत गाय ल सुनाथै-

बारो महिना तोला चरायेंव धौंरी,
तोर सन भटकेंव खारे-खार।
भर दे कोठा ल मोर ठाकुर के,
जेमा तोरो होवय उद्धार।

ताहन गाय ल सोहई घर के निकालत एक हांथ में लउठी धरे माता पार बाजत बाजा संग दोहा पारत मनमांड़े घोलंडथै, जेला ₹ कासन चघई₹ कहे जाथै।


बाघ-बाघ कहे संगी, बाघ काँह ले आय।
बाघ ढिलागे मोर ठाकुर के, कोनों पार न पाय।₹

येकर बाद गंवटनीन हा दान के रूप में पइसा अउ नवां गोंती रखे सुपा में धान, जेला ₹ सुखधना₹ कहे जाथै, दुवार में गढ़हाथै ताहन पहाटिया ह थोरिक कइंचा गोबर धर के सुखधना के धान में लोटावत-गोलियावत गंउटिया-गंउटनीन अउ जम्मों झन ल सुख-समृद्धि के असीस देवत राग लमियाथै ये दइसने ढंग ले-

ए...ए....ए....
जैसे के मालिक लिये-दिये, तइसे देबो असीस।
रंगमहल में बइठो मालिक, जियो लाख बरीस।
धन दोगानी भुइंया पावौ, पावव हमर असीस।
नाती-पूत ले घर भरै, जियो लाख बरीस।।

धार्मिक : घनश्याम सिंह नाग

मन्नतें पूरी करती हैं मां अन्नपूर्णा



शिल्प कला की दृष्टि से बस्तर अंचल का बड़े डोंगर एक समृद्ध नगर रहा है। यहां तालाब किनारे, जंगल में, पहाड़ में, यत्र-तत्र मूर्तियाँ बिखरी पड़ी मिलती हैं। इनमें से कुछ मूर्तियाँ तो शिल्प कला की दृष्टि से निःसन्देह दुर्लभ और बेजोड़ हैं। महिषासुर मर्दिनी (दन्तेश्वरी) मंदिर के गर्भगृह में पहुँचने के पहले वाले कक्ष के अन्दर ऐसी ही एक दुर्लभ और बेजोड़ मूर्ति है माँ अन्नपूर्णा भवानी की। विश्व का पोषण करने वाली माँ अन्नपूर्णा के रूप की अद्भुत कल्पना कर शिल्पकार ने प्रतिमा को मूर्त रूप दिया है। आमतौर पर इसे भगवान विष्णु की प्रस्तर प्रतिमा समझी जाती है, परन्तु गौर से देखने पर पता चलता है कि ये जग पालनकर्तृ अन्नपूर्णा हैं। उँगलियों से चोट करने पर धातु की सी आवाज आती है, इसलिए यह अनुमान लगाया जाना कठिन है कि यह अष्टधातु की मूर्ति है या किसी विशेष पत्थर से बनी है। मूर्ति के सम्बन्ध में ग्रामीणों तथा पुजारियों को भी नहीं मालूम है कि यह प्रस्तर प्रतिमा है, या किसी धातु से बनी है। यों ही मंदिर के एक कक्ष के कोने में आले पर इसे रख दिया गया है। चार भुजाधारी इस मूर्ति के बाँईं ओर की एक हाथ (ऊपर) की हथेली में विघ्न विनाशक गणेश जी को बालक रूप में बैठे हुए दिखाया गया है और बाँईं ओर की दूसरे हाथ (नीचे) में जगत के पोषण के लिए अन्नपूर्णा पात्र धारण किये हुए दिखाया गया है। अन्न का भण्डार कभी खत्म न होने वाली इस अन्नपूर्णा पात्र को अक्षय पात्र भी कहा जाता है। दाँईं ओर की एक हथेली पर (ऊपर) जगत पिता भगवान शंकर का विग्रह, (जलहरि युक्त शिवलिंग) को धारण किये है तो दूसरे हाथ (नीचे) में लक्ष्मी रूप में धन की वर्षा करती हुई शिल्पांकित की गई है। मस्तक में किरीट, कान में कुण्डल, कलाइयों में कड़े और गले में माला विराजमान है। नीचे (चरणों के पास) दाएँ-बाएँ खड़ी देवियाँ रिद्धि-सिद्धि प्रतीत होती हैं। दुर्लभ और बेजोड़ यह मूर्ति प्राचीन काल में बस्तर की उन्नत शिल्प कला को प्रदर्शित करती है।

सुरता

लखनलाल साहू ' लहर '

बांसगीत में पारंगत विक्रम यादव ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई



छत्तीसगढ़ के ग्राम खैरा (रवेली) जिला राजनांदगांव निवासी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाले बांस गायक कलाकार विक्रम यादव विगत कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन से कला जगत को अपूरनीय क्षति हुई है विक्रम यादव जी छत्तीसगढ़ी लोकगाथा 'बांस गीत' की विलुप्त होती बांस वादन परंपरा को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाने वाले एक प्रतिभा संपन्न एवं समर्पित लोक कलाकार थे ।उनकी दीर्घ एवं विलक्षण कला-साधना को छत्तीसगढ़ी कला जगत हमेशा याद करेगी। बांस, बांसुरी एवं बीन वादन में आपकी अद्भुत प्रतिभा, दीर्घ साधना और समर्पण ने छत्तीसगढ़ की लोककला एवं लोकपरंपरा को नई ऊँचाइयाँ प्रदान की हैं। आपने वर्ष 1971 में अंतरराष्ट्रीय रंगकर्मी हबीब तनवीर के 'नया थिएटर' से जुड़कर रायपुर, दिल्ली, भोपाल, कलकत्ता, दुर्गापुर, शोलापुर, उत्तर प्रदेश, पुणे, हरियाणा, कोल्हापुर, सतारा, मुंबई एवं अहमदाबाद सहित देश के विभिन्न स्थानों पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। विदेशों में भी अपनी बांस वादन कला की प्रस्तुति देकर आपने छत्तीसगढ़ की लोककला का गौरव बढ़ाया तथा राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के समक्ष भी अपनी कला का प्रदर्शन किया। वर्ष 2007 में रंगकर्मी अनुपरंजन पांडेय के 'बस्तर बैंड' से जुड़कर आपने देश-विदेश में अपनी सांस्कृतिक सहभागिता को निरंतर आगे बढ़ाया।

संस्कृतिः डा. ज्योति किरण चंद्राकर

गौ की पूजा की जाती है गोवर्धन पूजा के दिन

छत्तीसगढ़ अंचल में गोवर्धन पूजा का विशेष महत्व है। गोवर्धन पूजा लोग अपने गौशाला में करते हैं तथा सामूहिक रूप से राऊत जाति के लोग संध्या दैहान में करते हैं। इस दिन श्रीकृष्ण जी ने गोवर्धन पर्वत धारण कर इंद्र के वज्र और कोप से लोगों की रक्षा की थी इसलिए उनकी स्मृति में गोवर्धन बना कर पूजा करने की परम्परा प्रचलित है।

लोग गौशाला में रावत द्वारा गोबर से श्री कृष्ण की प्रतीकात्मक मूर्ति व गोवर्धन पर्वत का प्रतिरूप बनवाते है जिसे सिलियारी, फूल व धान की बालियों से सजाया जाता है। उसके ऊपर मिट्टी का कलश व दीया रखा जाता है। रावत पशुओं, गायों को नहलाकर गौशाला में गोवर्धन के ऊपर चलाता है तब गृहस्वामिनी गायों व बछड़ों की पूजा करती हैं व गायों को खिचड़ी खिलाती है। खिचड़ी में दाल, चावल, चौसेला, खीर, बड़ा पूड़ी, सब्जी (कोचई, कद्दू जिमीकंद, शकरकंद) आदि को एक साथ मिलाकर बनाया जाता है। गायों के बचे जूठन खाकर गृहस्वामिनी व्रत तोड़ती है। कुर्मी जाति में यह पर्व पशुधन व कृषि संस्कृति का संपोषक माना जाता है। गौशाला में बनाए गए गोवर्धन की मूर्ति को कुचलते



हुए गाय अंदर प्रवेश करती हैं इसे ही गोवर्धन पूजा (अन्नकूट) कहा जाता है। दोपहर में महिलाएँ गोष्ठान के सामने गाय के खुर (पैर) का चिन्ह गेरू रंग व चावल के घोल से बनाती है जिसे 'खुर लौटाना' कहा जाता है। संध्या के समय ग्रामीण क्षेत्र में दैहान में सभी पुरुष व बच्चे एकत्र होते हैं जहाँ रावत जाति के लोगों द्वारा गोवर्धन पूजा किया जाता है। उस गोबर को विष्णु-लक्ष्मी का आशीर्वाद मानकर बच्चे, बड़े, महिलाएं, पुरुष सभी एक दूसरे के माथे पर लगाकर आशीष प्राप्त करते हैं। बच्चे गोवर्धन पूजा के समय आतिशबाजी करते हैं। रऊताइन (अन्नगार) कोठी की दीवार पर कलात्मक भित्तिचित्र बनाकर हाथा देती हैं व गृहस्वामी को आशीष देकर सुख-समृद्धि की कामना करती है। गोवर्धन खुंदाने के पश्चात राउत अपने गृहस्वामी के गायों के गले में 'सोहाई' बांधता है व दोहा लगाकर नृत्य करता है तथा आशीष देता है कि गौशाला हमेशा गायों से भरा रहे व कोठरी में सदैव अन्न भरा रहे। ग्रामीण क्षेत्र के शत-प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि गोवर्धन पूजा का त्यौहार पूरे रीति-रिवाजों के साथ पूर्ण किया जाता है। जबकि शहरी क्षेत्र के अधिकांश उत्तरदाताओं ने कहा कि वर्तमान में गोवर्धन पूजा, खिचड़ी खिलाने की परंपरा, खुर लौटाना, भित्तिचित्र बनाना शहरी क्षेत्र में नहीं किया जाता।

कहीं का पैसा कहीं खर्च, रायपुर निगम का 70 करोड़ का खेल, सीएजी की आपत्ति, अनुमति-भुगतान के दस्तावेज मांगे

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

रायपुर नगर निगम में 15वें वित्त आयोग से जल प्रबंधन के लिए मिली राशि के उपयोग को लेकर सीएजी ने सवाल उठाए हैं। ऑडिट में 69.76 करोड़ रुपये की राशि अमृत मिशन 1.0 के कार्यों में निकाय अंशदान के रूप में इस्तेमाल किए जाने पर आपत्ति जताते हुए इसे निर्धारित उद्देश्य से अलग उपयोग (फंड डायवर्जन) की श्रेणी में आने की आशंका व्यक्त की गई है। इस मामले में नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय ने नगर निगम से भुगतान, स्वीकृति और संबंधित दस्तावेजों का विवरण मांगा है।

इस मामले में संचालनालय ने नगर निगम से अमृत मिशन के कार्यों के लिए स्वीकृत विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर), प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति, वर्क ऑर्डर, भुगतान संबंधी दस्तावेज, बैंक स्टेटमेंट और



पीएफएमएस ट्रांजैक्शन की प्रतियां मांगी हैं। महालेखाकार (लेखापरीक्षा), छत्तीसगढ़ के 11 अगस्त 2026 के ऑडिट ऑब्जर्वेशन क्रमांक 8 में 15वें वित्त आयोग के मिलियन प्लस सिटी टाइड ग्रांट (जल प्रबंधन) के उपयोग का मामला उठाया गया है। इसके आधार पर संचालनालय ने 29 अक्टूबर को नगर निगम रायपुर को पत्र जारी कर विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

ऑडिट के अनुसार रायपुर नगर निगम में अमृत मिशन 1.0 के तहत 30 कार्यों को पूरा करने के लिए 738.456 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त थी। इन कार्यों में केंद्रांश 33.33 प्रतिशत, राज्यांश 40 प्रतिशत और निकाय अंशदान 26.67 प्रतिशत निर्धारित था। नगर निगम को निकाय अंशदान के रूप में 225.2899 करोड़ रुपये वहन करना था। सीएजी के पत्र में बताया गया है कि नगर निगम रायपुर ने अमृत मिशन के कार्यों में निकाय अंशदान के रूप में 15वें वित्त आयोग की राशि से 16.25 करोड़ रुपये का भुगतान किया। इसके अलावा अमृत मिशन के शेष कार्यों को पूरा करने के लिए 53.5128 करोड़ रुपये की अतिरिक्त स्वीकृति मांगी गई थी। संचालनालय ने 31 मई 2023 के पत्र के माध्यम से इस राशि के उपयोग की अनुमति प्रदान की थी। इस तरह कुल 69.7628 करोड़ रुपये का उपयोग अमृत मिशन के कार्यों में निकाय अंशदान के रूप में किए जाने का मामला सामने आया है। ऑडिट ने इस उपयोग को लेकर सवाल उठाया है कि क्या 15वें वित्त आयोग के जल प्रबंधन अनुदान का उपयोग किसी अन्य योजना के कार्यों में निकाय अंशदान के रूप में करने की अनुमति भारत सरकार, वित्त मंत्रालय अथवा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय से प्राप्त की गई थी। ऑडिट ने ऐसी अनुमति या स्पष्टीकरण के दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा है। साथ ही 28 जुलाई 2021 के भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के किस प्रावधान के तहत राशि का उपयोग किया गया, इसका भी जवाब मांगा गया है। ऑडिट में यह भी उल्लेख किया गया है कि रायपुर नगर निगम को अमृत मिशन के तहत 30 कार्यों के लिए निर्धारित निकाय अंशदान में से 16.25 करोड़ रुपये का भुगतान 15वें वित्त आयोग की राशि से किया गया। इसके बाद 53.5128 करोड़ रुपये की राशि की स्वीकृति भी इसी उद्देश्य से मांगी गई। ऑडिट ने इस तरह राशि का उपयोग अन्य योजना के कार्यों में किए जाने को निर्धारित अनुदान के उद्देश्य से अलग उपयोग की आशंका के रूप में देखा है। इसके अलावा 15वें वित्त आयोग के अनुदान के तहत रायपुर नगर निगम की पांच अनिवार्य जल प्रबंधन परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति भी मांगी गई है। इनमें बघवा तालाब, पहाड़ी तालाब और खदान डबरी तालाब का जीर्णोद्धार एवं गहरीकरण, 90 एमएलडी एसटीपी में 20 एमएलडी जल के पुनर्चक्रण की सुविधा तथा लभांडी और फुंडहर क्षेत्र में 70 किलोमीटर पाइपलाइन के माध्यम से 6365 घरों तक जलापूर्ति की परियोजना शामिल है। सीएजी ने इन परियोजनाओं की स्वीकृत राशि, खर्च, वर्तमान स्थिति और संबंधित वित्तीय अभिलेख उपलब्ध कराने को कहा है। साथ ही यह जानकारी भी मांगी गई है कि अमृत मिशन के शेष कार्यों को पूरा करने के लिए 15वें वित्त आयोग की राशि से कितनी रकम खर्च की गई।

बैज ने कहा- सौरभ का प्रत्यर्पण छोटी कार्रवाई उप्पल और शुभम को कब लाएंगे?


हरिभूमि न्यूज: रायपुर

महादेव ऑनलाइन सट्टा एप मामले में सौरभ चंद्राकर को ओमान से भारत लाए जाने के बाद प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, सौरभ चंद्राकर का प्रत्यर्पण बहुत देर से हुआ है। यह बेहद छोटी कार्रवाई है। उन्होंने सवाल किया कि सौरभ चंद्राकर को भारत लाया गया है, लेकिन रवि उप्पल और शुभम सोनी को कब लाया जाएगा?

कांग्रेस सरकार के समय जारी हुआ था लुकआउट सर्कुलर

उन्होंने दावा किया कि सौरभ चंद्राकर के भारत लाए जाने की प्रक्रिया के पीछे तत्कालीन भूपेश बघेल सरकार के ठोस प्रयासों की भूमिका रही है। उन्होंने कहा, महादेव सट्टा एप के खिलाफ पहली एफआईआर से लेकर 72 एफआईआर दर्ज करने तक की कार्रवाई कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुई थी। उस दौरान 500 से अधिक जब्तियां और गिरफ्तारियां भी की गई थीं।

दीपक बैज ने कहा कि महादेव सट्टा एप को गूगल प्ले स्टोर से हटाने के लिए भी तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने अनुरोध किया था। रायपुर पुलिस की अर्जी पर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर भी कांग्रेस सरकार के समय जारी हुआ था। उन्होंने दावा किया कि ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी के खिलाफ सख्त कानून बनाने की पहल भी भूपेश सरकार ने की थी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा पर विधानसभा चुनाव के दौरान महादेव सट्टा एप को लेकर राजनीतिक प्रचार करने का आरोप लगाया। उन्होंने सवाल किया कि डबल इंजन की सरकार बनने के बाद भी पिछले तीन वर्षों में महादेव सट्टा एप पूरी तरह बंद क्यों नहीं हुआ? आज भी सोशल मीडिया मंचों पर इसके विज्ञापन उपलब्ध होने का दावा करते हुए उन्होंने सरकार की कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने दिसंबर 2025 में महादेव एप मामले में सामने आए कुछ नामों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी हीरेन जोशी, 23वें वित्त आयोग के सदस्य हितेश जैन और प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल की भूमिका पर सवाल उठाए।



उद्योगों के लिए अलग-अलग फायर सिस्टम, शुल्क देकर बाहरी उद्योग भी ले सकेंगे सुविधाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

औद्योगिक इकाइयों के लिए अग्निशमन सुविधाओं को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार ने नई व्यवस्था बनाई है। अब औद्योगिक क्षेत्रों में साझा अग्निशमन प्रणाली को व्यक्तिगत भूखंडों की अग्निशमन व्यवस्था के विकल्प के रूप में अपनाया जा सकेगा। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्रों के बाहर संचालित इकाइयां भी भुगतान के आधार पर इन सुविधाओं का उपयोग कर सकेंगी। उद्योग विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम (सीएसआईडीसी) औद्योगिक क्षेत्रों और पार्कों में सार्वजनिक फायर हाइड्रेंट, जल भंडारण टंकियों और अन्य साझा अग्निशमन अधोसंरचना की स्थापना एवं संचालन की अनुमति देता है। इन सुविधाओं को व्यक्तिगत भूखंड स्तर पर अग्निशमन संस्थापनाओं के विकल्प के रूप में अपनाया जा सकता है, बशर्ते निर्धारित सुरक्षा मानकों और तकनीकी मापदंडों का पालन किया जाए।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)
मु.का. दूरभाष: 221288, 222672, फैक्स: 07759-221929, पो. बॉक्स नं. 12
पिन कोड 495677 Website : www.korbamunicipal.in,
korba.urbanecg.gov.in, Email : corporationkorba@gmail.com

फा.क्र./ 1498 / जल प्रदाय / 2026/ कोरबा, दिनांक 30.10.2026

Gem Portal Bid Invitation

नगर पालिक निगम, कोरबा के जल आपूर्ति कार्य हेतु इच्छुक सेवा प्रदाता से अकुशल श्रमिक (प्लेसमेंट) प्रदाय हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से बिड आमंत्रित किया जाता है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

Gem Bid No./ Issue date	Description	Estimate Amount	Earnest Money	Bid due date	Due date for Submission of Sealed envelope
GEM/2026/B/8220386 Dt 30.10.2026 (2nd Call)	Selection of Placement Agency For Manpower Outsourcing Services Under Minimum Wages For Water Works At Municipal Corporation Korba.	102.43 Lakh	01 Lakh	16.11.2026	23.11.2026

बिड की विस्तृत जानकारी GEM Portal पोर्टल https://gem.gov.in के साथ ही विभागीय वेबसाईट http://korbamunicipal.in एवं https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

अधीक्षण अभियंता
नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

कार्यालय आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा छत्तीसगढ़

स्वास्थ्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, छ.ग. वेबसाईट www.cgdme.in

क्रमांक STU-49/18/2026/DME / नर्सिंग-छात्र रायपुर, दिनांक / 31.10.2026

ऑनलाईन आवेदन सूचना

प्रवेश वर्ष 2026 (1) बीएससी नर्सिंग, (2) एमएससी नर्सिंग, (3) पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग एवं (4) पोस्ट बेसिक डिप्लोमा इन साईकियाट्रिक नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु

प्रवेश वर्ष 2026 में प्रदेश के शासकीय एवं निजी नर्सिंग महाविद्यालयों में संचालित (1) बीएससी नर्सिंग, (2) एमएससी नर्सिंग, (3) पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग एवं (4) पोस्ट बेसिक डिप्लोमा इन साईकियाट्रिक नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन निम्न समय-सारिणी अनुसार आमंत्रित किये जाते है :-

क्र.	प्रक्रिया का विवरण	विवरण
1	ऑनलाईन आवेदन शुल्क	अनारक्षित (UR) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) राशि रू. 1000/- अनुसूचित जाति (SC) एवं अनुसूचित जनजाति (ST) राशि रू. 500/-
2	ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि होने पर संशोधन शुल्क (Edit Fee) का भुगतान, कर संशोधन (Edit) किया जा सकता है (आवेदन की अंतिम तिथि तक)	राशि रू. 500/- (रू. पांच सौ मात्र)
3	ऑनलाईन आवेदन - प्रारंभ तिथि	दिनांक 02.11.2026, दोपहर 02:00 बजे (14:00 Hrs) से
4	ऑनलाईन आवेदन - अंतिम तिथि	दिनांक 08.11.2026 सायं 05:00 बजे (17:00 Hrs) तक

ऑनलाईन आवेदन, काउंसिलिंग, आबंटन एवं प्रवेश संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु संचालनालय चिकित्सा शिक्षा की वेबसाईट www.cgdme.in का अवलोकन करें।
(आयुक्त चिकित्सा शिक्षा द्वारा अनुमोदित)

(सुश्री संगीता अग्रवाल)
अध्यक्ष काउंसिलिंग समिति (नर्सिंग पाठ्यक्रम)
संचालनालय चिकित्सा शिक्षा, छ.ग.

जी. 262704374/1

आकांक्षा को मिली पीएचडी की उपाधि

रायपुर। दुर्गा महाविद्यालय रायपुर के हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक आकांक्षा शुक्ला को परदेशी वर्मा के हिंदी संस्मरण पर पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। ज्ञात हो कि डॉ. शुक्ला ने शोधकार्य शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी की पूर्व प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के कुशल निर्देशन में पूर्ण किया। डॉ. आकांक्षा अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पति जयेश कुमार शुक्ला को देती हैं। उनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य डॉ. प्रतिभा मुखर्जी साहूकार, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रोशनी मिश्रा सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी है।

छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड

मुख्यालय, ब्लॉक 7ए, द्वितीय तल,
ऑफिस काम्पलेक्स, सेक्टर-24, अटल नगर, नवा रायपुर
Email id- nanheadoffice@gmail.com

क्रमांक / शक्कर / 2026-27/50-A नवा रायपुर दिनांक 28/10/2026

प्रेस विज्ञप्ति

सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजनांतर्गत निगम द्वारा राज्य के लगभग 67.29 लाख परिवार (58.66 लाख प्राथमिकता एवं लगभग 8.63 लाख अन्त्योदय) राशनकार्डधारियों को 01 किलोग्राम शक्कर 17.00 रूपये प्रति किलो की दर से प्रतिकार्ड खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय रायपुर जारी आबंटन लगभग 6683.77 मे0टन के तहत माह सितंबर-2026 तक वितरण किया जा चुका है। नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा राज्य स्थित 04 कारखानों (लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल पण्डरिया, भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना कवर्धा, दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना बालोद एवं मॉ महामाया सहकारी शक्कर कारखाना केरता जिला अंबिकापुर) से शक्कर की प्राप्ति उपरांत सार्वजनिक वितरण प्रणाली हेतु शासन के आबंटन अनुसार शक्कर का भंडारण उचित मूल्य दुकानों तक किया जाता है।

वर्तमान में राज्य स्थित चारों सहकारी शक्कर कारखानों द्वारा कारखानों में शक्कर का स्टॉक उपलब्ध नहीं होने के कारण विक्रय की असहमति व्यक्त करते हुए शक्कर प्रदाय नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण राज्य में माह अक्टूबर-2026 में 40 प्रतिशत एवं नवम्बर-2026 में शक्कर का वितरण हितग्राहियों को नहीं कराया जा सका है। विगत 06 माहों में जारी आबंटन, उठाव एवं वितरण की स्थिति निम्नानुसार है :-

राज्य में विगत माहों में जारी शक्कर आबंटन, उठाव एवं वितरण की स्थिति

माह	आबंटन (मात्रा क्विं. में)	उ.मू.दु. में उठाव (मात्रा क्विं. मे)	वितरण (मात्रा क्विं. में)
जून-2026	66027.63	64450.49	46640.38
जुलाई-2026	66284.30	48023.09	61120.32
अगस्त-2026	66585.92	50223.22	60285.77
सितंबर-2026	66839.86	66282.16	62530.30
अक्टूबर-2026	66837.77	50116.35	39874.06
नवंबर-2026	64772.84	3616.17	93.61

राज्य स्थित इन 04 सहकारी शक्कर कारखानों से माह नवम्बर-2026 में उत्पादन होने के उपरान्त शक्कर प्रदाय करने पर राज्य के पात्र हितग्राहियों को शक्कर का वितरण किया जा सकेगा।

प्रबंध संचालक
मुख्यालय नवा रायपुर

संवाद-49681

संचालनालय, आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी, (आयुष) छत्तीसगढ़

ब्लॉक-1, तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर 492002
फोन नं. (0771) 2221640, फैक्स 2221641, ईमेल- cgayush@gmail.com

क्रमांक STU-47/37/2026/PG Ad.26-27 नवा रायपुर, दिनांक 02-11-2026

स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम आयुर्वेद वाचस्पति (एम.डी. आयुर्वेद)/ आयुर्वेद धन्वन्तरि (एम.एस.-आयुर्वेद) में सत्र 2026-27 में राज्य कोटे एवं निजी महाविद्यालय के ऑल इंडिया कोटे की सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन सूचना

शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय एवं निजी आयुर्वेद महाविद्यालयों के आयुर्वेद वाचस्पति (एम.डी. आयुर्वेद) आयुर्वेद धन्वन्तरि (एम.एस.-आयुर्वेद) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

एम.डी.-आयुर्वेद/एम.एस. आयुर्वेद पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अखिल भारतीय आयुष स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा AIAPGET 2026 में सम्मिलित, पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाईन पंजीयन कर सकते हैं।

ऑनलाईन पंजीयन करने के पूर्व "छत्तीसगढ़ स्नातकोत्तर आयुर्वेद शिक्षा प्रवेश नियम 2024" एवं सूचना पत्र (Information Bulletin) का पूर्णतः अध्ययन कर ही ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ करें, जो वेबसाईट https://cgayush.admissions.nic.in में उपलब्ध है।

पंजीयन कार्यक्रम

क्र.	विषय	विवरण
1	एम.डी.-आयुर्वेद/एम.एस. आयुर्वेद पाठ्यक्रम के राज्य कोटे एवं निजी महाविद्यालयों के ऑल इंडिया कोटे की सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन की प्रारंभ तिथि	दिनांक 04 नवम्बर 2026
2	एम.डी.-आयुर्वेद एम.एस.-आयुर्वेद पाठ्यक्रम के राज्य कोटे एवं निजी महाविद्यालयों के ऑल इंडिया कोटे की सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन के लिए अंतिम तिथि	दिनांक 11 नवम्बर 2026, समय रात्रि 11:59 बजे तक
3	एम.डी.-आयुर्वेद/एम.एस. आयुर्वेद पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु संस्था एवं विषय का चयन	दिनांक 04 नवम्बर 2026 से 11 नवम्बर 2026, समय रात्रि 11:59 बजे तक

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट https://cgayush.admissions.nic.in का अवलोकन किया जा सकता है।

आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़

जी. 262704383/1

"छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग" धमतरी वनमंडल धमतरी

काष्ठागार नगरी का ई-ऑक्सन का संक्षिप्त विज्ञापन

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि धमतरी वनमंडल धमतरी के अन्तर्गत नगरी काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ, जलाऊ एवं बल्ली का ई-ऑक्सन द्वारा निर्वर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि वे ई-ऑक्सन में भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय / वन काष्ठागार नगरी से प्राप्त की जा सकती है।

नीलाम दिनांक- 13 नवम्बर 2026 नीलाम समय- अपरान्ह: 2.00 बजे से

प्रजाति	नया वनोपज		अविक्रित वनोपज		योग वनोपज	
	ईमारती (घ.मी.)	बल्ली डेंगरी (नग)	ईमारती (घ.मी.)	बल्ली डेंगरी (नग)	ईमारती (घ.मी.)	बल्ली डेंगरी (नग)
सागौन	-	-	50.703	1206	50.703	1209
साल	0.604	-	207.671	952	208.275	952
साजा	-	-	14.755	339	14.755	339
बीजा	-	-	16.683	26	16.683	26
तिन्सा	-	-	0.695	-	0.695	-
शीशम	-	-	0.377	-	0.377	-
हल्दू/ मुण्डी/ खम्हार	-	-	7.258	61	7.258	6
सलई/ मोयन	1.305	-	0.353	-	1.658	-
धावड़ा	-	5	6.260	176	6.26	181
कर्रा/सेन्हा/अन्य	5.533	19	114.116	3102	119.649	3121
योग:-	7.442	27	418.871	5862	426.3131	5889

नीलाम में प्रस्तावित वनोपज की अनुमानित मात्रा

टीप:- (1) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई- कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य हैं। (2) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। (3) लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई- कार्मस पोर्टल में अपने आईडी से लॉगइन करके देख सकते है। (4) ई-ऑक्सन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेंकड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओ द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

फोन 07722-238371, फैक्स 07722-236137

वनमंडलाधिकारी
धमतरी वनमंडल धमतरी

जी. 262704369/1

OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR (C.G.)

e-Procurement Tender Notice
Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in
(First Call)

NIT NO: 10/RMC/2026 RAIPUR DATED : 02/11/2026

Online bids are invited for the following works of works up to 27/11/2026 at 17:30 hours.

System Tender No.	Name of Work	Amount of the Estimate (PAC)	Cost of Tender form	Earnest Money Deposit	Eligible class of contractor/ firm	Time allowed for Completion
203376	CONSTRUCTION OF DIVYANG INCLUSIVE PARK AT NEAR NARIYA TALAB RAIPUR- CG (UNDER SIPDA SCHEME)	PAC-8.15 Cr SOR-3.99 Cr Nos SOR-4/16 Cr	3,000.00	4,07,500/-	"B" and Above	18 Monts (Including Rainy Season)

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh. e-Procurement Portal https: //eproc.cgstate.gov.in from 03/11/2026, 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal.

Note:- (1) All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal (2) Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. ***Help Desk at Toll Free No. 18004199140*** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in (3) For More Details please download NIT detaills.

Dream City, Clean City, Green City

CHIEF ENGINEER
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

Office of The Superintending Engineer

Chhattisgarh Rural Road Development Agency Project Circle Raigarh, Distt-Raigarh (C.G.)

NIT No 155 1st Call/Tender/CGRRDA/2026 Raigarh Date: 02.11.2026

-:: Press Notification ::-

NIT No 155 1st Call Date 02-11-2026 (M.M.G.S.Y)

The Superintending Engineer, Chhattisgarh Rural Road Development Agency, Project Circle, Raigarh on behalf of Governor of Chhattisgarh (C.G.) invites the Online percentage rate tenders for Repair & Maintenance work of MMGSY (Zonal Tender) on rate SOR of CGRRDA (i.e. S.O.R. of Panchayat and Rural Development Department, For Construction & Maintenance of Rural Roads works issued by Chhattisgarh Rural Road Development Agency, Raipur enforced from 06.06.2025) from approved and eligible Contractors Single Window Registration under E-In-C PWD C.G. for following works under: -

N.	Nit No. Tender No,	District	Zone	Name of Block under Zone	Work Name	Amount (Rs in Lakhs)	Eamest Money (Rs in Lakhs)	Time Allowed for Completion (including Rainy Season)	Categorary of Cotractor	Rate invited	Remark No. of Call SOR Applied
1	155	Raigarh/ Raigarh	Zone-1	Lailunga	Zonal Tender Repair & Maintance Work Under MMOSY	50.00 GST (I/c 18%)	0.50	02 Month	D & Above	Percentage Rate SOR 06.06.2025 Issued by CE, CGRRDA Raipur	1st Call
2	155	Raigarh/ Raigarh	Zone-2	Dharamjaigadh		50.00 GST (I/c 18%)	0.50	02 Month	D & Above		1st Call
3	155	Raigarh/ Raigarh	Zone-3	Dharamjaigadh		50.00 GST (I/c 18%)	0.50	02 Month	D & Above		1st Call
4	155	Janjgir-Champa/ Janjgir	Zone-1	Akaltara		50.00 GST (I/c 18%)	0.50	02 Month	D & Above		1st Call
5	155	Janjgir-Champa/ Janjgir	Zone-2	Akaltara		50.00 GST (I/c 18%)	0.50	02 Month	D & Above		1st Call
6	155	Janjgir-Champa/ Janjgir	Zone-3	Bamhanidih		50.00 GST (I/c 18%)	0.50	02 Month	D & Above		1st Call
7	155	Janjgir-Champa/ Janjgir	Zone-4	Nawagadh		50.00 GST (I/c 18%)	0.50	02 Month	D & Above		1st Call
8	155	Sarangadh-Bilaigadh/ Sarangadh	Zone-5	Pamgadh		50.00 GST (I/c 18%)	0.50	02 Month	D & Above		1st Call
9	155	Sakti	Zone-1	Dabhara		50.00 GST (I/c 18%)	0.50	02 Month	D & Above		1st Call

Detailed N.I.T. and other Details can be viewed on our website https://eproc.cgstate.gov.in.on 06.11.2026, 5:00 PM.

(Ajay Kumar Ekka)
Superintending Engineer
Chhattisgarh Rural Road Development Agency
Project Circle, Raigarh (C.G.)

S-49671

खबर संक्षेप



जायडस वेलनेस घाटे से उबरी 5.1 करोड़ का मुनाफा

नई दिल्ली। जायडस वेलनेस का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में 5.1 करोड़ रुपये रहा है। आमदनी बढ़ने की वजह से कंपनी मुनाफे में आई है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में जायडस को 52.8 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में मंगलवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में उसकी परिचालन आय बढ़कर 1,126.6 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 650.5 करोड़ रुपये थी। आलोच्य तिमाही में कंपनी का कुल खर्च बढ़कर 1,125.4 करोड़ रुपये हो गया।

एसएफसी का शेयर पहले दिन 29% बढ़त लेकर बंद



नई दिल्ली। अपशिष्ट जल शोधन समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी एसएफसी एनवायरनमेंटल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का शेयर मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद अपने 330 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 29 प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई में शेयर निर्गम मूल्य से 7.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 354.05 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कारोबार के अंत में यह 28.74 प्रतिशत उछलकर 424.85 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई में शेयर 7.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 355.10 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कारोबार के अंत में यह 29.12 प्रतिशत चढ़कर 426.10 रुपये पर बंद हुआ।

सेबी निवेशकों को देने जा रही बड़ी राहत, एलटीसीजी टैक्स हटाने की तैयारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार में घरेलू निवेशकों को राहत देने और साथ ही विदेशी निवेश बढ़ाने के लिए बाजार नियामक सेबी ने सरकार को टैक्स बदलावों की सिफारिश की है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों के हवाले से बताया है कि सेबी ने विदेशी निवेशकों पर लगने वाला लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स (एलटीसीजी) टैक्स को हटाने की सिफारिश की है। यही नहीं, सेबी ने घरेलू म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए भी राहत का प्रस्ताव दिया है। प्रस्ताव ये है कि अगर निवेशक एक साल से ज्यादा समय से रखी अपनी म्यूचुअल फंड यूनिट बेचकर दूसरी स्कीम में निवेश करते हैं, तो इस स्विच को टैक्सेबल बिक्री नहीं माना जाए।

विदेशी निवेशकों पर लगने वाला लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स हटाने की सिफारिश

निवेशकों को अभी लगता है इतना टैक्स ?

मौजूदा नियमों के मुताबिक, एक साल से ज्यादा समय तक रखी गई सिक्योरिटीज पर फिलहाल 12.5 प्रतिशत लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स लगता है। एक साल या उससे कम अवधि में बेची गई सिक्योरिटीज पर शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स 20 प्रतिशत है। इसके अलावा शेयरों की खरीद-बिक्री पर एसटीटी यानी सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स और डिविडेंड पर विदहोल्डिंग टैक्स भी लागू होता है।



विदेशी निवेशकों का रिटर्न बढ़ सकता है

सेबी का कहना है कि इक्विटी निवेश से जुड़े ट्रांजैक्शन कॉस्ट दूसरे बाजारों के मुकाबले काफी ज्यादा हैं। ब्रोकरेज फर्म जेफरीज के मुताबिक, कैपिटल गेन्स टैक्स में कटौती से विदेशी निवेशकों के लिए भारतीय बाजार अधिक आकर्षक हो सकता है और पोर्टफोलियो निवेश बढ़ सकता है।

घरेलू म्यूचुअल फंड निवेशकों को भी राहत का प्रस्ताव

सेबी ने घरेलू म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए भी टैक्स राहत की सिफारिश की है। सूत्रों के मुताबिक, अगर निवेशक एक साल से ज्यादा समय तक रखी गई म्यूचुअल फंड यूनिट्स को बेचकर दूसरी स्कीम में निवेश करते हैं, तो इस बदलाव को टैक्सेबल बिक्री नहीं माना जाना चाहिए। इसका मकसद निवेशकों को घरेलू म्यूचुअल फंड में निवेश बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करना है। भारत के म्यूचुअल फंड उद्योग के पास 82.6 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति है।

लगातार बिकवाली से रुपए पर दबाव

सूत्रों के मुताबिक, विदेशी निवेशकों से लगातार बातचीत के दौरान टैक्स व्यवस्था में बदलाव की मांग प्रमुखता से सामने आई। सेबी ने पिछले दो साल में विदेशी निवेशकों के साथ कई बैठकें की हैं। लगातार बिकवाली से रुपए पर भी दबाव पड़ा है। एक सूत्र ने कहा कि प्रस्तावों का मकसद विदेशी निवेशकों पर शुरुआती टैक्स बोझ कम करना है। बता दें कि पिछले दो साल में निफ्टी 50 में 4.8 फीसदी की गिरावट आई है।

वाणिज्य मंत्री ने दोनों मुद्दे देश के लिए 'बहुत संवेदनशील' बताए

भारत ने कभी जीएम उत्पादों के आयात की अनुमति नहीं दी, डेयरी क्षेत्र भी नहीं खोलेगा: गोयल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत ने किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में अपने डेयरी क्षेत्र को नहीं खोला है और आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) उत्पादों के आयात की अनुमति भी नहीं देगा। उन्होंने इन दोनों मुद्दों को देश के लिए बहुत संवेदनशील बताया। राष्ट्रीय राजधानी में किरोड़ीमल कॉलेज के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि भारत ने किसी भी संवेदनशील वस्तु पर ''कभी भी'' समझौता नहीं किया है और व्यापार समझौतों में हमेशा अपने किसानों, मछुआरों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के हितों की रक्षा की है।''

भारत ने किसी भी संवेदनशील मुद्दे पर कभी समझौता नहीं किया

किसानों, मछुआरों और एमएसएमई के हितों की रक्षा की

समुद्री उत्पाद में हमारी स्थिति मजबूत

गोयल ने व्यापार समझौतों से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा, ''हम कुछ कृषि उत्पादों और कुछ ऐसी वस्तुओं के मामले में बाजार खोलने को लेकर बहुत संवेदनशील हैं जिनमें हमारी मजबूत स्थिति है, जैसे समुद्री उत्पाद। हम अपना डेयरी क्षेत्र खोलने को लेकर बहुत संवेदनशील हैं। वास्तव में, आज तक हमने किसी के लिए भी डेयरी क्षेत्र नहीं खोला है।



हमारा प्रयास रोजगार के अवसर बढ़ाना

'रेनेट' पनीर बनाने में इस्तेमाल होने वाला एक एंजाइम है, जिसे परंपरागत रूप से छोटे बछड़ों के पेट की अंदरूनी परत से निकाला जाता है। मंत्री ने कहा, ''हमारा प्रयास रोजगार के नए अवसरों के साथ-साथ अपने उन उत्पादों के लिए नए बाजार खोलना है, जिनमें हम प्रतिस्पर्धी हैं और जिनसे भारत के बड़े हिस्से, हमारे एमएसएमई, कृषि क्षेत्र के किसानों तथा सभी को बड़े पैमाने पर लाभ मिल सकता है।''

विदेशों के डेयरी उत्पाद में 'रेनेट' का उपयोग

वाणिज्य मंत्री ने कहा, हम भारत में किसी भी जीएम उत्पाद को आने देने के मामले में बहुत संवेदनशील हैं। हमने कभी इसकी अनुमति नहीं दी है और भविष्य में भी ऐसा नहीं करेंगे। हम अपनी धार्मिक संवेदनशीलताओं को लेकर भी सतर्क हैं। अक्सर विदेशों में डेयरी उत्पाद बनाने के दौरान बछड़े के मांस या 'रेनेट' का इस्तेमाल किया जाता है...हम भारत में इसकी अनुमति नहीं देते।

आबादी का बड़ा हिस्सा कृषि पर निर्भर

ये टिप्पणियां इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा कृषि पर निर्भर है और इनमें ज्यादातर छोटे तथा सीमांत किसान हैं। नीति-निर्माताओं को आशंका है कि जीएम फसलों का सस्ता और बड़े पैमाने पर आयात, खासकर विकसित देशों की अत्यधिक मशीनीकृत और सब्सिडी वाली कृषि प्रणालियों से होने वाला आयात, घरेलू कीमतों को नीचे ला सकता है और ग्रामीण आय को नुकसान पहुंचा सकता है।

तरजीही बाजार पहुंच हासिल करने का प्रयास

गोयल ने कहा कि भारत हमेशा कपड़ा, दवा, कृषि उत्पादों तथा रत्न एवं आभूषण जैसे क्षेत्रों के लिए तरजीही बाजार पहुंच हासिल करने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा, ''ये सभी हमारे हित के क्षेत्र हैं, जिनके लिए हम तरजीही बाजार पहुंच हासिल करने का प्रयास करते हैं। भारत से आने वाले सामान पर लगाए जाने वाले शुल्क हमारी प्रतिस्पर्धी देशों- इंडोनेशिया, मलेशिया, वियतनाम, चीन और फिलिपीन...की तुलना में कम हों।''

विनिर्माण को बड़े पैमाने पर बढ़ावा

वाणिज्य मंत्री ने कहा, ''हमारा प्रयास है कि भारत को अपने प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले तरजीही दर मिले।'' रोजगार के बारे में उन्होंने कहा कि सरकार देश में विनिर्माण को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दे रही है। गोयल ने कहा, हम विनिर्माण और अधिक सरकारी नौकरियों को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं। नियमित रोजगार तलाशने वालों के लिए अधिक अवसर पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं

रामेश्वरम धाम स्पेशल ट्रेन यात्रा की 80% सीटें बुक, 24 दिसंबर को होगी रवाना




रायपुर। तीर्थ यात्रा के क्षेत्र में अपनी विश्वसनीय पहचान बना चुकी श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए एक बार फिर रामेश्वरम धाम स्पेशल ट्रेन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह 11 दिवसीय धार्मिक यात्रा 24 दिसंबर से 3 जनवरी 2027 तक आयोजित होगी। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। अब तक लगभग 80 प्रतिशत सीटों की बुकिंग पूरी हो चुकी है। श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति पिछले 20 वर्षों से लगातार रामेश्वरम धाम स्पेशल ट्रेन यात्रा का सफल संचालन कर रही है। इन वर्षों में समिति अब तक लगभग 4 लाख श्रद्धालुओं को विभिन्न तीर्थस्थलों के दर्शन करा चुकी है। वर्षों से श्रद्धालुओं द्वारा जताया जा रहा विश्वास, सहयोग और स्नेह ही समिति की सबसे बड़ी उपलब्धि है। इस विशेष धार्मिक यात्रा के माध्यम से श्रद्धालुओं को दक्षिण भारत के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के दर्शन का सौभाग्य मिलेगा। यात्रा के दौरान श्री रामेश्वरम धाम, श्री तिरुपति बालाजी, कन्याकुमारी, माँ मीनाक्षी देवी मंदिर (मदुरै) एवं श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराए जाएंगे। यात्रा के सफल संचालन के लिए रेलवे से संबंधित सभी आवश्यक प्रक्रियाएं शुरू कर दी गई हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती मांग और उत्साह को देखते हुए बुकिंग तेजी से हो रही है। अब तक लगभग 80 प्रतिशत सीटें आरक्षित हो चुकी हैं, जबकि शेष सीमित सीटों के लिए बुकिंग जारी है। समिति ने इच्छुक श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस पावन धार्मिक यात्रा में शामिल होने के लिए अंतिम समय का इंतजार न करें और समय रहते अपना आरक्षण सुनिश्चित कर लें। सीटें सीमित होने के कारण श्रद्धालु जल्द से जल्द बुकिंग कराकर इस यात्रा का लाभ उठा सकते हैं।

बजाज फिनसर्व का मुनाफा 25 फीसदी बढ़ 5,952 करोड़ नई

दिल्ली। बजाज फिनसर्व का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़कर 5,952 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 4,746 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। बजाज फिनसर्व ने शेयर बाजार को दी सूचना में मंगलवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 43,416 करोड़ रुपये हो गई।

सऊदी अरामको के लाभ में 35 फीसदी का उछाल



फ्रैंकफर्ट। प्रमुख तेल कंपनी सऊदी अरामको ने मंगलवार को कहा कि तीसरी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 35 प्रतिशत बढ़कर 36.3 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। कंपनी ने एक साल पहले की समान तिमाही में 26.9 अरब डॉलर का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। सऊदी अरब की कंपनी ने एक बयान में कहा कि मलेशिया की सरकारी तेल कंपनी पेट्रोनास को अपनी रिफाइनिंग एवं पेट्रोरसायन कंपनी पीआरईएफकेम में हिस्सेदारी बेचने से भी उसे लाभ हुआ।

टाटा मोटर्स ने इवेको में 89.42 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स ने इटली की कंपनी इवेको में 89.42 प्रतिशत हिस्सेदारी करीब 3.43 अरब यूरो में खरीद ली है। इस अधिग्रहण के बाद दोनों कंपनियों का संयुक्त कारोबार 2.28 लाख करोड़ रुपये (21 अरब यूरो) का होगा और यह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी बनेगी। टाटा मोटर्स ने मंगलवार को कहा कि नकद निविदा पेशकश के शुरुआती निपटान के बाद इवेको में उसकी हिस्सेदारी 89.42 प्रतिशत हो गई है।

हालांकि, अधिग्रहण की प्रक्रिया अभी जारी है। अधिग्रहण पूरा होने के बाद इवेको, टाटा मोटर्स की एक परोक्ष अनुषंगी कंपनी बन जाएगी। यह 2008 में फोर्स से जगुआर लैंड रोवर खरीदने के बाद टाटा मोटर्स का सबसे बड़ा अधिग्रहण है। इवेको समूह में करीब 33,000 कर्मचारी हैं। इसके 16 औद्योगिक संयंत्र और 22 शोध एवं विकास केंद्र हैं। यह सौदा निपटान स्वैच्छिक निविदा पेशकश की स्वीकार्यता अवधि पूरी होने के बाद हुआ है। इसके तहत टाटा मोटर्स ने इवेको के सामान्य शेयरों के लिए 14.4 यूरो प्रति शेयर नकद देने की पेशकश की थी। शेयरधारकों को अपने शेयर बेचने का एक और मौका देने के लिए निविदा पेशकश की अवधि दो-छह नवंबर, 2026 तक पांच कारोबारी दिनों के लिए फिर खोली जाएगी।



सूचीबद्धता समाप्त करने की प्रक्रिया जल्द

टाटा मोटर्स के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गिरीश वाघ ने इटली के शेयर बाजारों से इवेको की सूचीबद्धता समाप्त करने की समयसीमा बताने से इनकार किया। हालांकि, उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया जल्द पूरी होगी।

सोना 700 रुपए टूटकर 1.41 लाख रुपए पर

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में बिकवाली और कच्चे तेल की कीमतों में सुधार के बीच निवेशकों के द्वारा सतर्क रुख अपनाने के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 700 रुपये टूटकर 1,41,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार के 1,42,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव से 700 रुपये टूटकर 1,41,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में स्थिर रही चांदी की कीमत में भी गिरावट दर्ज की गई। चांदी 2,000 रुपये टूटकर 1,84,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जबकि सोमवार को इसका भाव 1,86,000 रुपये प्रति किलोग्राम था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''वैश्विक बाजारों से कमजोर संकेतों और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में सुधार के बीच मंगलवार को सोने की कीमतों में तेजी का रुख कमजोर पड़ गया।'' उन्होंने कहा कि हालांकि, त्योहारी सत्र नजदीक आने से घरेलू सर्राफा कीमतों को सहारा मिल सकता है। धनतेरस और दिवाली से पहले सोने की खरीदारी बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि इन त्योहारों के दौरान सोना खरीदना शुभ माना जाता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना 41.19 डॉलर यानी 1.04 प्रतिशत गिरकर 3,905.44 डॉलर प्रति औंस पर आ गया, जबकि चांदी तीन प्रतिशत से अधिक टूटकर 48.97 डॉलर प्रति औंस रह गई।



कारोबारियों की ओर से मुनाफावसूली जारी : एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष एवं शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''कारोबारियों की ओर से मुनाफावसूली जारी रहने के कारण सोने की कीमतों में तेज गिरावट आई और सर्राफा बाजार दबाव में रहा।''

राशिफल

मेष — मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।

वृष — व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

मिथुन — लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।

कर्क — कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

सिंह — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

कन्या — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन:स्थिति रहेगी।

तुला — नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद से बचें।

वृश्चिक — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।

धनु — नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।

मकर — नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

कुंभ — वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

मीन — आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

फाइजर के लाभ में 65.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी

नई दिल्ली। दवा कंपनी फाइजर लिमिटेड का जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 65.72 प्रतिशत बढ़कर 313.25 करोड़ रुपये हो गया। विशेष मद से प्राप्त लाभ इसकी वजह रही। फाइजर ने मंगलवार को शेयर बाजारों यह जानकारी दी। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में उसे 189 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी ने कहा कि उसने मिनिप्रेस एक्सएल की बिक्री के बाद अपनी मूल कंपनी फाइजर इंक, अमेरिका से समीक्षाधीन तिमाही में 132.06 करोड़ रुपये का विशेष लाभ दर्ज किया है। इस निर्णय के बाद फाइजर लिमिटेड ने सात सितंबर, 2026 से मिनिप्रेस एक्सएल का विनिर्माण बंद कर दिया।



homefirst
Home First Finance Company India Limited
CIN: L65990MH2010PLC240703
Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

शुद्धिपत्र

कृपया 08-10-2026 को ''सेंट्रल क्रॉनिकल'' + ''हरिभूमि'' (अंग्रेजी + हिंदी) में प्रकाशित ''बिक्री सूचना'' विज्ञापन देखें, जो मोहन नामदेव और गंगा नामदेव से संबंधित है। संपत्ति स्थिति : मकान नंबर 126/69, मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 30, रा.नि.मं. बिल्हा विकास खंड, तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ - 495001। चौहद्दी: पूर्व - निस्तारी रास्ता, पश्चिम - नगमा परवीन का प्लॉट, उत्तर - विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण - अश्विनी त्रिलोक का प्लॉट। ध्यान दें कि इस खाते के लिए 08-10-2026 की 'बिक्री सूचना' और 07-11-2026 की नीलामी की तारीख रद्द कर दी गई है। बाकी बातों में कोई बदलाव नहीं है।

स्थान: बिलासपुर
दिनांक: 04-11-2026
हस्ताक्षरकर्ता: अधिकृत अधिकारी,
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

homefirst
Home First Finance Company India Limited
CIN: L65990MH2010PLC240703
Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

शुद्धिपत्र

कृपया 07-10-2026 को ''सेंट्रल क्रॉनिकल'' + ''हरिभूमि'' (अंग्रेजी + हिंदी) में प्रकाशित ''कब्जा सूचना'' विज्ञापन देखें, जो मोहन नामदेव और गंगा नामदेव के खिलाफ जारी किया गया था। संपत्ति स्थिति: मकान-126/69, मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 30, रा.नि.मं. बिल्हा विकास खंड, तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। चौहद्दी: पूर्व - निस्तारी रास्ता, पश्चिम - नगमा परवीन का प्लॉट, उत्तर - विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण - अश्विनी त्रिलोक का प्लॉट। ध्यान दें कि इस खाते के लिए 07-10-2026 को जारी किया गया ''कब्जा सूचना'' अब निरस्त कर दिया गया है। बाकी बातों में कोई बदलाव नहीं है।

स्थान: बिलासपुर
दिनांक: 04-11-2026
हस्ताक्षरकर्ता: अधिकृत अधिकारी,
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

शब्द पहेली - 6398

1	2		3		4	■	5		6	7
8		■		■	9			■	10	
	■	11				■	12	13	■	
14				■	15	16	■	17	18	
	■		■	19			20	■		■
21	22		23		■	24		25		26
■		■	27		28		■		■	
29		30	■	31		■	32			
	■	33	34	■	35				■	
36	37	■	38			■		■	39	
40				■	41					

बाएँ से दाएँ

1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

ऊपर से नीचे

1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

शब्द पहेली- 6397 का हल

■	ब	ल	शा	ली	■	रु	ख	सा	र	■
अ	न	■	ली	■	प	त	ब	■	जा	न
न	■	ज	मा	दा	र	■	न	म	■	फा
म	ज	रु	र	■	■	आ	■	द	र	स
ना	■	र	■	अ	ज	ग	र	■	वा	त
■	मि	त	वा	■	ही	■	स	प	ना	■
म	ल	■	दा	वा	न	ल	■	रा	■	फि
त	न	य	■	ल	■	■	ह	ज	र	त
ल	■	म	त	■	का	र्या	ल	य	■	र
बी	ज	■	म	का	न	■	च	■	सा	त
■	य	ल	गा	र	■	ब	ल	शा	ली	■

सूडोकु नवताल - 6408

कठिनतम

	9				4			7
					7	9		
8								
4		5	8					
3				1				2
					9	7		6
								4
		3	5					
2			6				8	

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल 6407 का हल

7	8	5	2	6	3	1	4	9
4	3	1	9	7	5	8	2	6
2	6	9	1	4	8	7	5	3
3	1	4	6	8	9	5	7	2
9	5	8	7	2	4	6	3	1
6	7	2	5	3	1	9	8	4
5	2	7	3	9	6	4	1	8
1	4	6	8	5	2	3	9	7
8	9	3	4	1	7	2	6	5

तत्काल टिकट के लिए मारामारी, सर्वर की सुस्ती से बढ़ी परेशानी, अब एजेंट कन्फर्म बुकिंग के नाम पर वसूल रहे 2 से 3 हजार

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

दिवाली पर घर जाने की तैयारी कर रहे यात्रियों के लिए कन्फर्म रेल टिकट जुटाना मुश्किल होता जा रहा है। लंबी दूरी की ट्रेनों में पहले से ही लंबी वेटिंग चल रही है। ऐसे में यात्रियों की आखिरी उम्मीद तत्काल टिकट पर टिकी है, लेकिन बुकिंग शुरू होते ही सर्वर धीमा पड़ने और वेबसाइट क्रैश होने की समस्या उनकी परेशानी बढ़ा रही है। इसका फायदा उठाकर टिकट एजेंट कन्फर्म टिकट दिलाने के नाम पर यात्रियों से मनमानी रकम वसूल रहे हैं। कई मामलों में टिकट के निर्धारित किराये से दो से तीन हजार रुपये तक अतिरिक्त लिए जा रहे हैं।

दिल्ली, मुंबई, उत्तर प्रदेश, बिहार, पुणे, हैदराबाद और सूरत जैसे शहरों की ओर जाने वाली ट्रेनों में तत्काल टिकट

आरक्षण केंद्रों में 30 टोकन पर केवल 3 से 5 यात्रियों को मिल रहा टिकट



की मांग बढ़ गई है। रायपुर रेलवे स्टेशन के आरक्षण केंद्र में यात्री सुबह 6 बजे से ही कतार में लग रहे हैं। एसी तत्काल टिकट की बुकिंग सुबह 10 बजे और स्लीपर की सुबह 11 बजे शुरू होती है। इसके बावजूद काउंटर खुलने के कुछ ही मिनटों में सर्वर की समस्या सामने आने लगती है। जब तक वेबसाइट दोबारा काम करना शुरू करती है, तब तक अधिकतर सीटें बुक हो चुकी होती हैं। हरिभूमि की टीम ने रायपुर रेलवे स्टेशन के आरक्षण केंद्र में सुबह 9 बजे स्थिति का जायजा लिया। उस समय 30 से अधिक यात्री टिकट के इंतजार में कतार में खड़े थे। केंद्र में एसी और स्लीपर तत्काल टिकट के लिए 30-30 टोकन जारी किए जाते हैं। एसी तत्काल की बुकिंग शुरू होने के बाद महज 8 यात्रियों के टिकट बन पाए और वेबसाइट बंद हो गई। इसी तरह सुबह 11 बजे स्लीपर श्रेणी की बुकिंग शुरू होने पर केवल तीन यात्रियों को टिकट मिल सका। इसके बाद वेबसाइट फिर क्रैश हो गई। कतार में लगे अन्य यात्रियों को खाली हाथ लौटना पड़ा। देर से पहुंचे 15 से अधिक लोग भी भीड़ देखकर वापस चले गए। सर्वर की समस्या से परेशान यात्री मजबूरी में एजेंटों से संपर्क कर रहे हैं। रायपुर निवासी प्रेरणा शुक्ला को प्रयागराज जाने के लिए कन्फर्म टिकट चाहिए था। आरक्षण केंद्र में टिकट नहीं मिलने के बाद उन्होंने अगले दिन एजेंट से संपर्क किया। एजेंट ने 4,300 रुपये के टिकट के लिए 7,300 रुपये लिए। यानी निर्धारित किराये से 3,000 रुपये अधिक चुकाने पड़े।

हरिभूमि की पड़ताल में एक टिकट एजेंट ने दावा किया कि वह 5जी इंटरनेट की तेज रफ्तार से टिकट बुक करता है। एजेंटों की ओर से कन्फर्म टिकट मिलने का भरोसा देकर प्रति टिकट दो से तीन हजार रुपये तक अतिरिक्त मांगे जा रहे हैं। दूसरी ओर, आम यात्री ऑनलाइन बुकिंग के दौरान वेबसाइट धीमी होने और भुगतान प्रक्रिया पूरी होने से पहले सीटें खत्म होने की शिकायत कर रहे हैं। हावड़ा जाने की तैयारी कर रहे श्याम तिवारी लगातार तीन दिनों से ऑनलाइन तत्काल टिकट बुक करने का प्रयास कर रहे हैं। उनका कहना है कि बुकिंग शुरू होते ही आईआरसीटीसी की वेबसाइट धीमी पड़ जाती है और भुगतान तक पहुंचने से पहले सीटें खत्म हो जाती हैं। वहीं, शंकर नगर निवासी कुलदीप साहू मुंबई जाने के लिए सुबह से आरक्षण केंद्र की कतार में लगे, लेकिन टोकन मिलने के बावजूद उन्हें कन्फर्म टिकट नहीं मिल सका।दिवाली के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ के बीच तत्काल टिकट बुकिंग में आ रही इस समस्या ने आम लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। यात्रियों की मांग है कि बुकिंग के समय सर्वर की समस्या दूर करने के साथ टिकटों की कालाबाजारी पर भी प्रभावी रोक लगाई जाए।

कम होने लगी ओपीडी में आने मरीजों की संख्या, रूटीन सर्जरी भी पचास फीसदी कम

आंबेडकर अस्पताल में दिवाली का असर, मरीज सर्जरी के लिए मांग रहे त्योहार के बाद की तारीख



हरिभूमि न्यूज: रायपुर

सबसे बड़े शासकीय आंबेडकर अस्पताल में दिवाली का असर अभी से नजर आने लगा है। आने वाले मरीज अपनी नियोजित सर्जरी के लिए त्योहार के बाद की तारीख मांग रहे हैं। पिछले दो दिन से आईपीडी के साथ ओपीडी के मरीजों की संख्या भी पचास फीसदी तक कम हो चुकी है। त्योहार के दौरान अस्पतालों में नियमित के बजाए आपात चिकित्सा पर ही फोकस रहेगा। दिवाली की शुरुआत भले ही 6 नवंबर शुक्रवार से हो रही हो, मगर इसका असर नियमित तरीके के कामकाज पर नजर आ रहा है। सरकारी अस्पतालों की उपचार व्यवस्था भी इससे अलग नहीं है। सितंबर के महीने में प्रतिदिन डेढ़ हजार तक पहुंचने वाली ओपीडी अभी आठ सौ से हजार तक सिमट गई है। इसके अलावा विभिन्न विभागों में होने वाली रूटीन सर्जरी भी पचास फीसदी तक कम हो गई है। अस्पताल से जुड़े चिकित्सकों के मुताबिक आपात स्थिति अथवा बड़ी समस्या लेकर आने वाले मरीज तो पहले से तय तारीख पर अपना ऑपरेशन करा रहे हैं। दूसरी ओर ओपीडी में आने वाले जरूरतमंद मरीज अपनी रूटीन सर्जरी के लिए त्योहार के बाद की तारीख मांग रहे हैं। जिन मरीजों के ऑपरेशन अभी होने है वे सर्जरी टालकर अगली तिथि तय करने का निवेदन डाक्टरों से कर रहे हैं। माना जा रहा है कि अगले तीन-चार दिनों में अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों की संख्या और कम हो जाएगी। त्योहार के अवकाश के दौरान दो दिन अस्पतालों में इमरजेंसी व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाएगा। उस दौरान डाक्टरों की आपात ड्यूटी भी लगाई जाएगी।

दिवाली के दौरान पटाखा फोड़ते वक्त झुलसने वालों के इलाज के लिए डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल के बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग को अलर्ट पर रखा जाएगा। इस विभाग में अवकाश के दौरान एमसीएच डाक्टरों को तैनात किया जाएगा। रोस्टर के आधार पर चौबीस घंटे ड्यूटी के दौरान झुलसकर आने वालों का तत्काल इलाज किया जाएगा। आंबेडकर अस्पताल में इमरजेंसी यूनिट में नेत्र रोग, मेडिसिन, हड्डी रोग के डाक्टरों की ड्यूटी रहेगी।

बड़ी समस्या के दौरान इलाज के लिए मरीज आंबेडकर और डीके अस्पताल की तरफ जाएंगे। लेकिन प्रसव सहित अन्य प्राथमिक इलाज के लिए प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी इंतजाम किया गया है। सीएमएचओ डा. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि सभी ब्लाक स्तर के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है त्योहार के दौरान हेल्थ सेंटर में नियमित रूप डाक्टरों सहित अन्य स्टाफ की ड्यूटी लगाए ताकी मरीजों को प्राथमिक उपचार मिल सके।

पूर्व नियोजित सर्जरी वाली मांग

त्योहार के दौरान ओपीडी में आने वाले मरीज अपनी समस्या के समाधान के लिए पूर्व नियोजित सर्जरी के लिए तारीख आगे बढ़ाने का निवेदन करते हैं। आवश्यक नहीं होने पर उनका निवेदन स्वीकार किया जाता है। इमरजेंसी और अति आवश्यक ऑपरेशन लगातार किए जा रहे हैं।

- डा. संतोष सोनकर, चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल



पीएचडी प्रवेश परीक्षा 27 को, 60 मिनट में हल करने होंगे 50 सवाल

रायपुर। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। प्रवेश परीक्षा ऑफलाइन मोड में ही होगी। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए समय-सारणी विश्वविद्यालय की वेबसाइट में भी अपलोड कर दी गई है। परीक्षा 27 नवंबर को प्रातः 12 बजे से प्रारंभ होगी। परीक्षा एक घंटे की होगी। इस अवधि में परीक्षार्थियों को 50 बहुवैकल्पिक सवाल हल करने होंगे। किसी प्रश्न में उत्तर का चयन न करने पर कोई अंक नहीं दिया जाएगा और गलत विकल्प का चयन करने पर कोई अंक नहीं काटे जाएंगे। प्रवेश प्रक्रिया, पहचान पत्र सहित अन्य जानकारी रविवि ने अपने आधिकारिक वेबसाइट में अपलोड कर दी है। रविवि ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया पहले ही पूर्ण कर ली है। अभ्यर्थी लंबे समय से परीक्षा तिथि का इंतजार कर रहे थे। लिखित परीक्षा के बाद अभ्यर्थियों को साक्षात्कार दिलाना होगा। इसके बाद ही चयनित अभ्यर्थियों की सूची रविवि जारी करेगा।

रसायन शास्त्र, वाणिज्य, विधि, हिन्दी, फॉर्मेसी, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, गणित, भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, प्राणीविज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, बॉयोटेक्नालॉजी, समाजशास्त्र, कम्प्यूटर साइंस, वनस्पति विज्ञान, प्रबंधन, मनोविज्ञान, भूगोल, ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान, बॉयोसाइंस, लोक प्रशासन, सांख्यिकी, भू-विज्ञान, समाजकार्य, बॉयोकेमेस्ट्री, शारीरिक शिक्षा तथा मानवविज्ञान में पीएचडी करने के लिए विद्यार्थी यह प्रवेश परीक्षा दिलाएंगे। जिन विषयों में पीएचडी सीट रिक्त है, केवल उन्हीं विषयों के लिए रविवि प्रवेश परीक्षा आयोजित कर रहा है।

दीपावली पर प्रदेश के बाजारों में हस्तशिल्प के उत्पादों को मिल रहा बेहतर रिस्पांस

हरिभूमि न्यूज : रायपुर



छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने दीपावली पर्व से पूर्व प्रदेश के बाजारों में पारंपरिक कारीगरों और छोटे शिल्पकारों द्वारा हस्तनिर्मित वस्तुओं को मिल रहे बेहतर रिस्पांस को लेकर प्रसन्नता जाहिर की है। उनका कहना है कि इस त्योहारी सीजन में हर छोटे और बड़े व्यापारिक क्षेत्र में अपेक्षा अनुरूप कारोबार दर्ज किया जा रहा है। सराफा बाजार में सोने-चांदी के आभूषणों की खरीदारी से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल व्हीकल सेगमेंट, वस्त्र उद्योग और प्रॉपर्टी डीलिंग जैसे बड़े क्षेत्रों में रिकॉर्ड बिक्री हो रही है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'वोकल फॉर लोकल' के आह्वान का सीधा प्रभाव छत्तीसगढ़ के बाजारों में साफ दिखाई दे रहा है। इससे प्रदेश की ग्रामीण व स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। प्रदेश के व्यापारियों, उद्योगपतियों एवं आम नागरिकों को दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि इस वर्ष दीपावली पर्व पर छत्तीसगढ़ के व्यापार एवं उद्योग जगत में एक अभूतपूर्व उत्साह,और जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है।

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीशन थौरानी ने त्योहारी सीजन में बाजारों की सुरक्षा और सुगम व्यवस्था को लेकर स्पष्ट किया कि छत्तीसगढ़ का पूरा व्यापारी समाज जिला एवं पुलिस प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहा है। बाजारों में खरीदारों और आम जनता की सहूलियत के लिए ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखना अत्यंत आवश्यक है। इस दिशा में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज पूरी जिम्मेदारी से काम कर रहा है।

श्री थौरानी ने प्रदेश के व्यापारियों से अपील की है अपनी दुकानों के बाहर सामान फैलाकर न रखें और वाहनों की पार्किंग को इस तरह व्यवस्थित करें जिससे सड़कों पर जाम की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने सभी से बाजारों में स्वच्छता बनाए रखने और सुरक्षा नियमों का सजगता से पालन करने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने आम जनता से अधिक से अधिक स्वदेशी और स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पादों की खरीदारी करने आग्रह किया,ताकि इस दीपावली हर गरीब और छोटे कारीगर के घर में भी खुशियों का दीपक प्रज्वलित हो सके।

Home First Finance Company India Limited
CIN: L65990MH2010PLC240703
Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

शुद्धिपत्र

कृपया 07-10-2026 को ''सेंट्रल क्रॉनिकल'' + ''हरिभूमि'' (अंग्रेजी + हिंदी) में **मनीष कुमार बघेल और सरिता बघेल के खिलाफ प्रकाशित ''कब्जा सूचना'' विज्ञापन देखें। संपत्ति स्थिति : प्लॉट-खसरा नंबर 365/2, मौजा मुढ़ीपार प.ह.नं. 09, तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। चौहद्दी: पूर्व - विक्रेता की जमीन, पश्चिम - 20 फीट का निस्तारी रास्ता, उत्तर - विक्रेता की जमीन, दक्षिण - विक्रेता की जमीन।** ध्यान दें कि **07-10-2026** को जारी इस खाते की ''कब्जा सूचना'' को निरस्त कर दिया गया है। बाकी मामलों में कोई बदलाव नहीं है।

स्थान: बिलासपुर
दिनांक: 04-11-2026

हस्ताक्षरकर्ता: अधिकृत अधिकारी,
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

धनतेरस की रात से लौटेगी ठंड, दिवाली के दौरान 4 डिग्री तक गिरावट के आसार

दोपहर बाद काले हुए बादल, शाम होते ही बरस पड़े

हरिभूमि न्यूज: रायपुर।

चक्रवात का असर समाप्त होने के बाद धनतेरस यानी शुक्रवार की रात से ठंड के लौटने की संभावना है। दिवाली तक न्यूनतम तापमान में चार डिग्री तक गिरावट भी होगी। इधर चक्रवात मुरासु के असर से मंगलवार को छाए बादल दोपहर बाद काले हुए और शाम होते ही बरसने लगे। हालांकि बूंदाबांदी का प्रभाव कुछ देर रहा, मगर इससे मौसम में ठंडकता आ गई है।

वर्तमान में हवा के साथ आने वाली नमी के प्रभाव से न्यूनतम तापमान तीन से पांच डिग्री तक अधिक हो चुका है। चक्रवात जमीन सतह पर आगे बढ़ते हुए छत्तीसगढ़ के समीप से आगे बढ़ रहा है। इसके प्रभाव से बस्तर और मध्य इलाके में बादल छाने के साथ वर्षा भी हो रही है। मंगलवार को राजधानी में सुबह से बादल छाए रहे जो दोपहर बाद काले हो गए। शाम होत ही हवा की गति थोड़ी बढ़ी और यहां बारिश का दौर शुरू हो गया जो काफी देर तक चलता रहा। अनुमान है कि बुधवार को भी मौसम कुछ ऐसा ही रह सकता है और दोपहर बाद हल्की वर्षा हो सकती है। वर्तमान राजधानी का अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। चक्रवाती तूफान आगे बढ़ने के साथ अवदाब का रूप धरने की संभावना है

कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
प्रधानमंत्री आवास योजना सार्वजनिक सूचना

विज्ञापन क्र.1516/न.पा.नि./पीएमएवाय/2026 दिनांक 03/11/2026

सार्वजनिक सूचना

प्रमोटर नगर पालिक निगम, बिलासपुर द्वारा भारत सरकार की 72वीं CSMC बैठक दिनांक 17/04/2025 में परियोजना के समस्त 725 आवासों का समर्पण स्वीकृत होने के कारण छत्तीसगढ़ रेरा में पंजीकृत प्रोजेक्ट PMAY AT (725DUS) MINIMATA BILASPUR पंजीयन क्रमांक PCGRERA250322001358 का सरेंडर डी–रजिस्ट्रेशन निरस्तीकरण कराया जाना प्रस्तावित है।

किसी व्यक्ति संस्था द्वारा उक्त प्रोजेक्ट में यदि कोई बुकिंग कराई गई हो अथवा कोई क्लेम दावा हो, तो अपना दावा विवरण सहित इस सूचना के प्रकाशन से 15 दिनों के भीतर छत्तीसगढ़ रेरा की ईमेल आईडी registrar.rera.cg@gov.in पर भेजें तथा दावा विवरण रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ रेरा कार्यालय, शास्त्री चौक, रायपुर 492001 को भी प्रेषित करें।

प्रमोटर– नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)
ईमेल–commissionerbmcbilaspur@gmail.com

आयुक्त
नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें।

OFFICE OF THE CHIEF MUNICIPAL OFFICER MUNICIPAL COUNCIL KANKER

S.No. 1046/PWD/ONLINE TENDER Kanker/Dated 03.11.2026

E-procurement Tender Notice
Main Portal: https://cgeprocurement.gov.in

S. No.	NIT. No.	System Tender no.	Name of work	Probable Amount of Contract (In Lakh)	Earnest Money (In Lakh)	Class of Contractor	Last Date and Time For Downlode Tender
1	1040	203327 (1st Call)	Rejuvenation of Water body including ecological restoration and public amenities with Five (05) years Operation & Maintenance in Dudhawa Talab, at Ward No. 19 Kanker, Chhattisgarh under AMRUT 2.0.	Rs. 427.38	Rs. 2.14	In Class B or Above	25.11.2026 till 5.30 pm
2	1042	203356 (2nd Call)	Construction of CC Top And RCC Drain on bus stand at Nagar pali-ka kanker under Adhosarchna Budget	Rs. 125.82	Rs. 0.95	In Class C or Above	25.11.2026 till 5.30 pm

The details can be viewed and downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal (https://cgeprocurement.gov.in) from 03.11.2026 at 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

Chief Municipal Officer
Municipal Council KANKER
District- North Bastar Kanker (C.G.)

गणेश विसर्जन के दौरान पुलिस कर्मियों से धक्का-मुक्की करने वाले फरार 2 आरोपी गिरफ्तार


हरिभूमि न्यूज: रायपुर।

गणेश विसर्जन के दौरान ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों से विवाद कर धक्कामुक्की करने वाले फरार दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये दोनों आरोपी पूर्व में भी जेल जा चुके हैं। इस मामले में पुलिस इन दोनों आरोपियों के चार साथियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

सिविल लाइन क्षेत्र में गणेश विसर्जन शोभायात्रा में तेज आवाज में डीजे बजा रहे गणेश समिति के लोगों को पुलिस कर्मियों द्वारा समझाइश दी जा रही थी। इस दौरान आधा दर्जन लोग पुलिस कर्मियों के साथ इस बात को लेकर वाद-विवाद करने लगे। पुलिस कर्मियों ने जब सख्ती दिखाई, तो उनसे धक्कामुक्की करने लगे। इस मामले में शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने एवं उनसे धक्का-मुक्की करने पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 296, 115(2). 221, 224, 132(ए), 191(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज करते हुए 4 लोगों को गिरफ्तार किया था, वहीं अन्य दो जय कुमार तांडी 38 वर्ष निवासी जगन्नाथ नगर सिविल लाइन एवं सत्यनारायण तांडी उर्फ सत्या 33 वर्ष निवासी जगन्नाथ नगर मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने इन दोनों की पतासाजी कर गिरफ्तार किया है।

कांग्रेस का आरोप- पटवारियों की हड़ताल खत्म नहीं होने देना चाहती सरकार

हरिभूमि न्यूजः रायपुर। प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने पटवारियों की हड़ताल को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि सरकार उनकी जायज मांगों पर बातचीत कर समाधान निकालने के बजाय दमनात्मक कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा, अब तक 50 पटवारियों को निलंबित किया जा चुका है और काम पर नहीं लौटने पर सर्विस इन ब्रेक की धमकी दी जा रही है। सरकार का यह रवैया अलोकतांत्रिक और तानाशाहीपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि पटवारियों की हड़ताल के कारण धान खरीदी की तैयारियां प्रभावित हो रही हैं। किसानों का पंजीयन नहीं हो पा रहा है और खसरा-खतौनी में सुधार के काम अटके हुए हैं।



सोने की नीलामी की सूचना

बजाज फाइनेंस लिमिटेड ("BFL");
पंजीकृत कार्यालय: 4वीं मंजिल, बजाज फिनसर्व हाउस, पुणे-अहमदनगर रोड के पास, विमान नगर, पुणे - 411 014

BAJAJ FINANCE

ऋणी(यों) एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित ऋणी बार-बार सूचना दिए जाने के बावजूद बकाया राशि का भुगतान करने और/या आवश्यक मार्जिन जमा करने में विफल रहे हैं। इस कारण, ऋणियों द्वारा लोन की चुकौती के लिए जमानत के रूप में दिए गए सोने की नीलामी "जैसा है, जहाँ है" के आधार पर निम्नलिखित शर्तों के अनुसार की जाएगी: 1. QR कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना की सम्पूर्ण जानकारी देखें, जिसमें सोने का विवरण, सकल वजन एवं बोलीदाताओं पर लागू नियम एवं शर्तें शामिल हैं 2. सभी बोलीदाताओं को नीलामी के दिन या उससे पहले ₹ 25,000/- की अग्रिम जमानत राशि (EMD) ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से जमा करना अनिवार्य है; 3. नीलामी स्थल पर सुबह 10 बजे पहचान एवं पते के वैध प्रमाण के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है। 4. RBI के समय-समय पर संशोधित निर्देशों के अनुसार आरक्षित मूल्य निर्धारित किया जाएगा। 5. यदि पहली नीलामी आयोजित या पूरी नहीं हो पाती है, तो यहाँ उल्लिखित तारीख को दूसरी नीलामी 19-Dec-26। यदि दूसरी नीलामी भी आयोजित या पूरी नहीं हो पाती है, तो यहाँ उल्लिखित तारीख को तीसरी नीलामी 23-Dec-26। नीलामी की तारीख में कोई भी बदलाव नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित किया जाएगा। बोली प्रस्तुत करना उपरोक्त नियमों एवं शर्तों की स्वीकृति माना जाएगा। किसी भी पूछताछ के लिए WECARE@BAJAJFINSERV.IN पर संपर्क करें

प्रथम नीलामी की तिथि: 09-12-26, द्वितीय नीलामी की तिथि: 19-12-26 और तृतीय नीलामी की तिथि: 23-12-26 अम्बिकापुर - अम्बेडकर चौक; PLI4GOL36870462, 37686917, 89554248, 90038131, 98131223, 98488256, 99404041, 99713733, 47014545, 00461706, 01405139, 01355165, 01642781, 02105419, 48249044, 02335073, 49004671, 04430688, 04394820, 04502197, 04710415, 49830062. **अम्बिकापुर - ब्रह्मा रोड;** PRP8EGL89983555, 98355519, 02094079, 02984813, 03354080, 03489278, 03552797, 03849357, 03827200, 03818017, 04009253, 04415603, 04970396. **भिलाई - जी.ई. रोड;** PBX2EGL102757787, 04766350. **भिलाई - कृष्णा थिएटर रोड;** PMM8EGL101096054. **प्रथम नीलामी की तिथि: 10-12-26, द्वितीय नीलामी की तिथि: 19-12-26 और तृतीय नीलामी की तिथि: 23-12-26 भिलाई - पावर हाउस चौक;** PLI3EGL100765153, 48042483, 04987795. **भिलाई - सिरसा गेट चौक;** PMM9EGL100733953, 01417806, 02350093, 49288794, 04907980. **भिलाई - स्मृति नगर;** PLL2EGL98351568, 01853521, 03311072. **बिलासपुर - अग्रसेन चौक;** PGJ8EGL97902467, 98334130, 98338332, 98631210, 99980851, 00244715, 47766507, 01901950, 02097551, 02701443, 02729463, 02782228, 02788492, 03016918, 03250025, 03841268, 03754841, 04420655, 04475903, 49820272, 04926584. **प्रथम नीलामी की तिथि: 11-12-26, द्वितीय नीलामी की तिथि: 19-12-26 और तृतीय नीलामी की तिथि: 23-12-26 बिलासपुर - सरकंडा;** P42HGOL37530099, 98310585, 98528672, 46025815, 99392458, 99351142, 99519716, 99451679, 99955394, 46872358, 00487295, 01192188, 02075654, 02081058, 02382339, 02775273, 02741802, 02769897, 03093881, 03308214, 04023296, 49676933, 04983668. **चाम्पा - बरपाली चौक;** PPA1EGL97915921, 99688193, 00253299, 00513369, 48818031, 03310211. **दुर्ग - महाराजा चौक;** PMW4EGL100740916, 03038176, 03567058, 49734580. **दुर्ग - स्टेशन रोड;** P08IEGL88693521, 99374113, 99473244, 99461041, 00673887, 00669496, 00677119, 00738517, 01109760, 01181943, 01155113, 01165953, 01881901, 02164977, 02696900, 04023457. **जगदलपुर - गुरु गोविंद सिंह चौक;** PQV4EGL85848055, 99528096, 99463463, 99522302, 99960325, 01136816, 47778373, 01654798, 01873860, 02352089, 02706432, 02830301, 03082762, 48997914, 03536397, 03552158, 04710953, 04777149. **प्रथम नीलामी की तिथि: 12-12-26, द्वितीय नीलामी की तिथि: 19-12-26 और तृतीय नीलामी की तिथि: 23-12-26 जांजगीर - मेन रोड;** PVO4EGL101658956. **कटघोरा - बीजीएल;** PNY8EGL97937734, 98318631, 99360278, 00520288, 48644982, 03023011, 03015439, 03324530, 03278622, 49135556, 49286549, 04458702, 49696065. **कोरबा - सीएसईबी चौक;** PEQ2EGL88891272, 88894628, 98463113, 98657247, 98645574, 99392576, 99405810, 99818633, 00014678, 00461436, 00487579, 01340311, 01364511, 01379433, 01600390, 03053456, 03245260, 04024772, 04716334, 49828706, 04974777. **कोरबा - कोसाबाड़ी;** PLI5EGL88695240, 98330772, 98481977, 99496742, 01435404, 47890880, 47896236, 02131987, 02320816, 02361101, 02353745, 02379272, 02840254, 02687259, 48638563, 03810085, 04021392, 04972148, 04938409. **प्रथम नीलामी की तिथि: 14-12-26, द्वितीय नीलामी की तिथि: 19-12-26 और तृतीय नीलामी की तिथि: 23-12-26 कोरबा - पावर हाउस रोड;** PSY3EGL88266848, 98512402, 98624181, 99472528, 00692705, 01151464, 01127892, 01145999, 01127578, 01433395, 01350249, 01596804, 01895393, 02289417, 02308228, 02736495, 02973718, 03739572, 04458588. **महासमुंद - बीजीएल;** PNU8EGL102746384, 03080166, 03265574, 04409315. **मनेंद्रगढ़ - बीजीएल;** PNU9GOL37979518, 37982532, 40197139, 98132830, 45902709, 98462479, 99465906, 99410713, 99739474, 00015691, 01359354, 01423021, 02383202, 03006278, 04727062, 04724982, 04984885, 49983461. **मुंगेली - मेन रोड;** POY9GOL39344428, 99435815, 01859334, 02381600, 02710293, 03498528. **प्रथम नीलामी की तिथि: 15-12-26, द्वितीय नीलामी की तिथि: 19-12-26 और तृतीय नीलामी की तिथि: 23-12-26 रायगढ़ - कोतरा रोड;** PRQ3EGL102818196. **रायपुर - बूढ़ापारा;** PSU8EGL98500298, 03326475. **रायपुर - जी.ई. रोड;** PCZ6EGL87412796, 89712500, 89924026, 99394026, 00523424, 01841698, 01824413. **प्रथम नीलामी की तिथि: 16-12-26, द्वितीय नीलामी की तिथि: 19-12-26 और तृतीय नीलामी की तिथि: 23-12-26 रायपुर - मोवा;** PRZ6EGL102833411. **रायपुर - पचपेड़ी नाका;** PLI9EGL98639271, 98637403, 04465491, 04984387, 04988641. **रायपुर - पिपरिया टावर;** PEN5GOL47337058, 01372618. **रायपुर - तेलीबांधा रोड;** PF45EGL88204985, 98617154, 99753357, 01345908, 48252306, 03002631, 03311611, 03753132. **प्रथम नीलामी की तिथि: 17-12-26, द्वितीय नीलामी की तिथि: 19-12-26 और तृतीय नीलामी की तिथि: 23-12-26 राजिम - बीजीएल;** PVG6EGL101414310, 01860897, 04076128, 03996127. **राजनांदगाँव - जी.ई. रोड;** PEN6EGL97901828, 97936106, 97912396, 98083793, 45737387, 98352703, 98498097, 98628186, 02085447, 02760385, 03019761. **राजनांदगाँव - कामठी लाइन;** PRZ5EGL90004817, 98461753, 99764768, 99748498, 00500221, 01074592. **व्यापार - विहार बिलासपुर;** PLI7EGL87948671, 88716333, 90501695, 49729455.

बजाज फाईनान्स लिमिटेड

प्रथम पृष्ठ का शेष

शाह बोले- छत्तीसगढ़ ....

रास्ता रोका गया।

लोक कलाओं और आदिवासी परंपराओं को मिल रही पहचान

शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति को जीवंत बनाए रखने के लिए पंडुम और बस्तर ओलिंपिक जैसे आयोजन किए जा रहे हैं। करमा, राउत नाचा, पंडवानी जैसी लोककलाओं के साथ ढोकरा, बेलमेटल, काष्ठ शिल्प और कोसा कला को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बस्तर दशहरा की 75 दिनों तक चलने वाली अनूठी परंपरा को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने नई पहचान दी है। बस्तर पंडूम और बस्तर ओलिंपिक के माध्यम से लाखों युवा अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ रहे हैं। यहां की वेशभूषा, खानपान और लोकगीतों को देश-दुनिया तक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

रायपुर में लगाए जाएंगे पांच लाख पीपल के पौधे

अमित शाह ने रायपुर को पीपल सिटी बनाने की योजना का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में रायपुर में पांच लाख पीपल के पौधे लगाए जाएंगे। पीपल सिटी बनने के बाद रायपुर दुनिया के सबसे बड़े पर्यावरण अनुकूल शहरों में अपनी पहचान बनाने की दिशा में आगे बढ़ेगा। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाए जा रहे प्रयासों और विकसित भारत संकल्प पार्क की पहल का भी उल्लेख किया।

संसद चलने दीजिए, देश की जनता को पता चल जाएगा सच कौन और झूठ कौन

अमित शाह ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने राहुल गांधी को संसद में चर्चा की चुनौती देते हुए कहा कि हाथ में संविधान लेकर घूमने से संविधान के प्रति समर्थन साबित नहीं होता, बल्कि आचरण भी संवैधानिक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि राहुल गांधी में हिम्मत है तो संसद में आइए और दो-दो हाथ कीजिए। संसद चलने दीजिए, देश की जनता को पता चल जाएगा कि सच कौन बोल रहा है और झूठ कौन।

समानता, सेवा और सच्चाई छत्तीसगढ़ के संस्कार

अमित शाह ने गुरु घासीदास और गुरु नानक देव के संदेशों का उल्लेख करते हुए कहा कि समानता, सेवा और सच्चाई छत्तीसगढ़ के संस्कार हैं। उन्होंने कहा कि नक्सलमुक्त भारत का संकल्प पूरा करने की दिशा में प्रदेश ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के विकास और सामाजिक योगदान में अहम भूमिका निभाने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया है। उन्होंने प्रदेशवासियों और आदिवासी समाज को बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ आज अपनी अलग पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है।

कांग्रेस पर नक्सलवाद का समर्थन करने का आरोप

गृह मंत्री ने कांग्रेस पर नक्सलवाद के प्रति नरम रुख अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने वर्ष 2010 में तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री पी. चिदंबरम के बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय नक्सलियों से हथियार डालने के बजाय बातचीत करने की बात कही गई थी। शाह ने कहा कि केवल बातचीत से हिंसा नहीं रुकती। जो नक्सली मुख्यधारा में लौटना चाहते हैं, वे हथियार डालकर आत्मसमर्पण करें। सरकार उन्हें मुख्यधारा में शामिल करेगी, अन्यथा सुरक्षा बल उनका मुकाबला करेंगे। गृह मंत्री ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा, रमन सिंह के नेतृत्व में 15 वर्षों तक विकास के काम हुए, लेकिन उस समय केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। उन्होंने आरोप लगाया कि नक्सलवाद खत्म करने की मंशा और इच्छाशक्ति नहीं दिखाई गई। आदिवासी क्षेत्रों के विकास की जो कल्पना की गई थी, वह अधूरी रह गई।

टॉप टूरिस्ट डेस्टिनेशन ....

कि लंबे समय तक नक्सलवाद के कारण बस्तर सहित प्रदेश के अनेक क्षेत्रों की पर्यटन संभावनाओं का अपेक्षित विकास नहीं हो सका। अब शांति और सुरक्षा का वातावरण मजबूत होने से पर्यटन, उद्योग, व्यापार और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। चित्रकोट जलप्रपात, तीरथगढ़ जलप्रपात, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान, मां दंतेश्वरी मंदिर, मां बम्लेश्वरी मंदिर और विश्वप्रसिद्ध बस्तर दशहरा जैसे पर्यटन एवं सांस्कृतिक स्थलों में देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करने की अपार क्षमता है।

एसआईआर पर विशेष ....

तैयार है। एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के मुद्दे पर भी सरकार विशेष संसद सत्र बुलाकर चर्चा करने को तैयार है। उन्होंने कांग्रेस से संसद की कार्यवाही बाधित नहीं करने की अपील की।

छत्तीसगढ़ विकास की ....

सरकार काम कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि मोदी की गारंटी की अधिकांश वादे हमने पूरे किए है। सरकार ने बस्तर को नक्सल मुक्त होने के बाद यहां पर विकास विकास की दिशा में कदम बढ़ाया है। उन्होंने कहा, विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए प्रदेश ने विजन डाक्यूमेंट बनाया है। प्रदेश की प्राकृतिक संपदा, वन क्षेत्र, उपजाऊ भूमि और मेहनतकश जनता विकास की सबसे बड़ी पूंजी है। सरकार इन संसाधनों का उपयोग जनकल्याण और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए कर रही है। राज्य गठन के बाद सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विस्तार हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा, नक्सलवाद लंबे समय तक प्रदेश के विकास में बाधा बना रहा। केंद्र सरकार के सहयोग, सुरक्षा बलों के साहस और स्थानीय लोगों के समर्थन से बस्तर को शांति और विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

इंडिगो की उड़ान में ...

था कि इसका संबंध आपातकालीन निकास द्वार से है। उन्होंने बताया कि यात्री के कवर को छूने के बाद अलार्म बजा, जिससे विमान में सवार लोगों में घबराहट फैल गई। उन्होंने कहा कि आपातकालीन निकास तंत्र से छेड़छाड़ की किसी भी कोशिश से अन्य यात्रियों की जान और सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। यह उड़ान सोमवार को रात करीब 12 बजकर 45 मिनट पर दिल्ली से रवाना हुई थी और रात करीब दो बजे पुणे पहुंची।

वोटर लिस्ट से ....

उन्हें गलत घोषणा करने या कानूनी कार्रवाई का सामना करने का डर रखने की जरूरत नहीं है। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को इस संबंध में आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी किया है। आयोग ने कहा है कि प्रारूप मतदाता सूची में नाम नहीं होने की स्थिति में संबंधित मतदाता को अंतिम मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने के लिए निर्धारित प्रक्रिया के तहत नए सिरे से आवेदन करना होगा। यह प्रावधान उन मतदाताओं पर भी लागू होगा, जिनका नाम पहले किसी मतदाता सूची में दर्ज रह चुका है। दरअसल, आयोग के संज्ञान में आया था कि एसआईआर के दौरान जारी ड्राफ्ट मतदाता सूची में नाम नहीं मिलने वाले कई पुराने मतदाता फॉर्म-6 भरने से हिचक रहे हैं। इसकी वजह फॉर्म-6 में दिया जाने वाला वह घोषणा-पत्र है, जिसमें आवेदक को यह घोषणा करनी होती है कि उसका नाम पहली बार मतदाता सूची में शामिल किया जा रहा है। पुराने मतदाताओं को आशंका थी कि पहले से मतदाता होने के बावजूद ऐसी घोषणा करना गलत बयान माना जा सकता है और इसके लिए जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के तहत उनके खिलाफ मुकदमा चलाया जा सकता है। आयोग ने इस आशंका को दूर करते हुए स्पष्ट किया है कि फॉर्म-6 में दी जाने वाली घोषणा का प्रावधान 1 अगस्त 2022 से लागू है। यदि किसी पुराने मतदाता का नाम एसआईआर की प्रारूप मतदाता सूची में नहीं है, तो उसे अंतिम सूची में नाम शामिल कराने के लिए नए सिरे से आवेदन करना होगा। ऐसी परिस्थिति में फॉर्म-6 भरना केवल मतदाता सूची में नाम शामिल कराने की प्रक्रिया है। महज इस आधार पर कि संबंधित व्यक्ति पहले भी मतदाता रह चुका है, उसका आवेदन झूठी घोषणा नहीं माना जाएगा। राज्यों को व्यापक प्रचार के निर्देश- निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को इस स्पष्टीकरण की जानकारी संबंधित अधिकारियों और आम मतदाताओं तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने इसे जनहित का विषय बताते हुए स्थानीय भाषाओं में भी विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा है। आयोग के इस स्पष्टीकरण से के दौरान प्रारूप मतदाता सूची में नाम नहीं मिलने वाले उन पुराने मतदाताओं को राहत मिलेगी, जो कानूनी कार्रवाई की आशंका के चलते फॉर्म-6 जमा करने से बच रहे थे। अब वे निर्धारित प्रक्रिया के तहत अंतिम मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने के लिए आवेदन कर सकेंगे।

इस त्योहारी सीजन...

खबर है कि पहली बार त्योहारी सीजन में ऑनलाइन कारोबार 16 फीसदी कम हुआ है और ऑफलाइन कारोबार में 20 फीसदी का इजाफा हुआ है। इसके पीछे का कारण कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी यह बताते हैं कि लगातार हमारे व्यापारिक संगठन यह अभियान चला रहे हैं कि बाजार चलो और लोकल कारोबारियों से खरीदी करो। आने वाले समय में ऑफलाइन कारोबार में और इजाफा होने की संभावना जताई जा रही है।

आज का जमाना ऑनलाइन कारोबार का ज्यादा हो गया है। ऑनलाइन में किचन से लेकर घरों का हर सामान, इलेक्ट्रॉनिक्स सहित हर सेक्टर का सामान आसानी से मिल रहा है। ऑनलाइन में कीमत भी कम होने के कारण ऑनलाइन खरीदारी की तरफ ग्राहकों का रुझान ज्यादा हो गया है।

शहर में दिल्ली का...

कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इसके शुरू होने से अब गंभीर और जटिल बीमारियों के उपचार के लिए मरीजों को दूसरे बड़े शहरों पर निर्भरता कम करने का विकल्प मिलेगा। लोकार्पण समारोह में उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल तथा रायपुर नगर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी भी मौजूद रहे। इसके अलावा आर्टेमिस हॉस्पिटल्स एवं अपोलो टायर्स लिमिटेड के चेयरमैन ओंकार एस. कंवर, आर्टेमिस हॉस्पिटल्स की प्रबंध निदेशक डॉ. देवलीना चक्रवर्ती और आर्टेमिस शांति हॉस्पिटल्स के निदेशक डॉ. कमलेश अग्रवाल सहित वरिष्ठ चिकित्सक एवं अस्पताल प्रबंधन के अधिकारी उपस्थित थे। दिल्ली-एनसीआर से बाहर आर्टेमिस का पहला विस्तार- आर्टेमिस हॉस्पिटल्स के चेयरमैन ओंकार एस. कंवर ने कहा कि संस्थान की स्थापना का मूल उद्देश्य प्रत्येक मरीज को संवेदनशीलता के साथ गुणवत्तापूर्ण और विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना रहा है। आर्टेमिस शांति हॉस्पिटल के माध्यम से समूह दिल्ली-एनसीआर से बाहर मध्य भारत में अपनी सेवाओं का विस्तार कर रहा है। आर्टेमिस हॉस्पिटल्स की प्रबंध निदेशक डॉ. देवलीना चक्रवर्ती ने कहा, रायपुर में अस्पताल शुरू होने से मरीजों को आधुनिक तकनीक, अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों और उन्नत चिकित्सा प्रक्रियाओं का लाभ अपने ही शहर में मिल सकेगा। शहर में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उद्देश्य- डॉ कमलेश आर्टेमिस शांति हॉस्पिटल्स के निदेशक डॉ. कमलेश अग्रवाल ने कहा, यह रायपुर और पूरे छत्तीसगढ़ के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। अस्पताल की स्थापना का उद्देश्य प्रदेशवासियों को उनके अपने शहर में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए उन्हें घर और परिवार से दूर नहीं जाना पड़े। अतिथियों ने किया आधुनिक सुविधाओं का अवलोकन- समारोह के दौरान अतिथियों ने फीता काटकर अस्पताल का औपचारिक उद्घाटन किया और लोकार्पण पट्टिका का अनावरण किया। इसके बाद उन्होंने अस्पताल के विभिन्न विभागों और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का अवलोकन किया।

ईंधन आयात में कमी से 100 अरब डॉलर की बचतः आईईए

नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 300 गीगावाट के पार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



देश में नवीकरणीय ऊर्जा के तेजी से विस्तार से पिछले 15 साल में कोयले और प्राकृतिक गैस के आयात पर 100 अरब डॉलर से अधिक की बचत हुई है। इससे देश की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत हुई है और वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा बाजार में भारत की भूमिका भी लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक दशक में देश की नवीकरणीय बिजली उत्पादन क्षमता करीब चार गुना हो गई है और 2026 में यह 300 गीगावाट के पार पहुंच गई। इसके साथ ही भारत दुनिया का दूसरा सबसे तेजी से बढ़ता नवीकरणीय ऊर्जा बाजार और सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) मॉड्यूल का दूसरा सबसे बड़ा विनिर्माता बन गया है। नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन में 'भारत का नवीकरणीय ऊर्जा बाजार' शीर्षक से जारी रिपोर्ट 2026 में कहा गया है कि भारत ने 2025 में ही अपनी स्थापित बिजली क्षमता में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी गैर-जीवाश्म ईंधन यानी स्वच्छ ईंधन स्रोतों से हासिल करने का लक्ष्य पूरा कर लिया, जबकि इसे 2030 तक हासिल किया जाना था। रिपोर्ट के अनुसार, नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार से आर्थिक और ऊर्जा सुरक्षा के मोर्चे पर भी ठोस लाभ मिले हैं। 2011 से 2025 के बीच नवीकरणीय बिजली उत्पादन के कारण भारत को कोयले और प्राकृतिक गैस के आयात पर 100 अरब डॉलर से अधिक की बचत हुई। वर्ष 2030 तक कुल बचत दोगुने से अधिक होने का अनुमान है।

■ ऊर्जा बाजार में भारत की भूमिका भी लगातार महत्वपूर्ण

2030 तक क्षमता 530 गीगावाट पहुंच जाएगी: एजेंसी का अनुमान है कि 2030 तक भारत की नवीकरणीय बिजली उत्पादन क्षमता करीब 530 गीगावाट पहुंच जाएगी। इसमें 80 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि सौर पीवी से होने की उम्मीद है। इससे गैर-जीवाश्म स्रोतों पर आधारित बिजली क्षमता और मजबूत होगी।

भारत का कोयला आयात 11 करोड़ टन अधिक होता है : आईईए के अनुमान के मुताबिक, कोयले के आयात पर इसका प्रभाव विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा है। यदि 2010 के बाद सौर पीवी, पवन और जैव ऊर्जा की अतिरिक्त क्षमता नहीं जोड़ी गई होती, तो 2025 में भारत का कोयला आयात करीब 11 करोड़ टन अधिक होता।

NAGAR PANCHAYAT KUNKURI, DIST-JASHPUR, C.G

E-Procurement Tender Notice (1st Call)

NIT NO: 729/2026 KUNKURI, Dated 03.11.2026

Online bids in three envelop system are invited for the following construction works/supply works up to date 25.11.2026 at 17.30 Hours

System tender No.	Description	P.A.C
203370	Rejuvenation of Water body including ecological restoration and public amenities with Five (05) years Operation & Maintenance in Chhat Talab, Kunkuri, Chhattisgarh under AMRUT 2.0.	582.65 LACS

The details can be downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in From 03.11.2026 at 17:30 Hours. (IST) onwards.

For more details on the tender and bidding process please visit the above mentioned portal

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
NAGAR PANCHAYAT KUNKURI

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज – अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, एसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पैट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email- hbclassified375@gmail.com
Classified
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

आवश्यकता है

आवश्यकता है- होटल में वेटर सप्लायर युवक युवतियां एव इंडियन कुक, चायनीज कुक तथा साऊथ इंडियन कुक की आवश्यकता है रहने खाने की सुविधा वेतन योग्यता आनुसार सम्पर्क करें- 7987633348 (42238)

आवश्यकता है- बिलासपुर में घरेलू काम करने के लिए महिला एवं ऑफिस वर्क करने के लिए पुरुष कर्मचारी की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार इच्छुक एवं जरुरतमंद तत्काल सम्पर्क करें- 9993711248, 9109511248 (42237)

आवश्यकता है- क्लीनिक में काम करने हेतु लड़की की आवश्यकता है। (सैलरी 4000 से 5000, समय सुबह 10बजे से शाम 8बजे) सम्पर्क करें- राजीव प्लाजा के पास, पुराना बस स्टैण्ड, बिलासपुर 7880210386 (42239)

आवश्यकता है- प्रसिद्ध कम्पनी में युवक, युवतियां, महिलाएं चाहिए। ऑफिस रिसेप्शनिस्ट, केयर टेकर, देखभाल, ऑफिस गर्ल, ऑफिस बॉय विभिन्न कार्यों हेतु फुल/ पार्ट टाइम अनुभव आवश्यक नहीं, वेतन 10000+ सुविधाएं सम्पर्क- 9827495951 (42236)

आवश्यकता है- Ocean Company में ऑफिस हेतु 10वीं से ग्रेजुएट लड़के, लड़कियां चाहिए उम्र 18-28, आय 10500 से 18000 एवं रहना खाना, सम्पर्क करें- न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा, बिलासपुर 8818877406, 9644433021, 07752-337082 (42235)

आवश्यकता है- फ्लाई ऐश ब्रिक्स, कवर ब्लॉक, पेवर ब्लॉक आदि प्रोडक्ट की मार्केटिंग हेतु युवक की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- होटल मंगलश्री, विहान मेडिकल के ऊपर, मुंगेली नाका बिलासपुर 88786 01222 (42225)

आवश्यकता है- स्टोर्स में एकाउन्ट एवं सेल्स कार्य करने के लिए स्मार्ट युवती की आवश्यकता है वेतन 6000 से 10000 तक सम्पर्क करें- बंसत विहार चौक राजकिशोर नगर बिलासपुर 8962881411, 9826163818 (42229)

आवश्यकता है-सोशल मीडिया हैंडलर्स चाहिए जो फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाटसअप का अच्छा जानकार हो। वेतन 10000 से 20000 पता- होटल रॉयल रामा पुराना बस स्टैंड के पास टेलीफोन एक्सचेंज रोड बिलासपुर 9893392495 (42226)

आवश्यकता है- बिलासपुर में साउंड सिस्टम शोरूम में कार्य करने हेतु मेहनती, ईमानदार जिम्मेदार युवकों की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 12000+ इंसेंटिव और बोनस। अनुभवी उम्मीदवारों को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- 9685005500 (42233)

आवश्यकता है-होटल में कार्य हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर लड़का चाहिए। वेतन 12000 से 25000 (समय सुबह 8बजे से शाम 8बजे) पता- होटल रॉयल रामा पुराना बस स्टैण्ड टेलीफोन एक्सचेंज रोड बिलासपुर 9893392495 (42227)

आवश्यकता है-जगत फार्मा को दवाई दुकान के लिए मेहनती लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है पद- एकाउंट्स एसोसिएट, पिकर, चेकर, पैकर,लोकल डिलीवरी स्थान- होटल अजीत के पीछे, मेडिकल कॉम्प्लेक्स, तेलीपारा बिलासपुर (42231)

आवश्यकता है-घर के लिए अनुभवी पुरुष कुक चाहिए, जिन्हें शुद्ध शाकाहारी एवं मल्टीकुजीन खाना बनाना आता हो। यादव एवं ब्राह्मण को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- आरएसबी कम्पाउंड, नया सरकंडा, बिलासपुर 78798 58767, 7223890879 (42218)

आवश्यकता है-नेहरू चौक, बिलासपुर में घर में खाना बनाने (कुक) हेतु महिला/ पुरुष की आवश्यकता है। खाना बनाने का अनुभव आवश्यक। महिला को प्राथमिकता। समय दोपहर 2बजे के बाद। सम्पर्क- 8839295358 (42230)

आवश्यकता है-होटल के किचन में बर्तन धोने हेतु नाइट शिफ्ट में हाउस कीपिंग स्टाफ (पुरुष/ महिला) चाहिए। सम्पर्क करें- होटल विस्तारा SBI के ऊपर, काली मन्दिर के पास, तिफरा, बिलासपुर 9301577078 (42222)

आवश्यकता है-कपड़े एवं रेडीमेड दुकान हेतु लड़के एवं लड़कियों तथा सिलाई कारीगर लेडीज एवं जेन्ट्स की आवश्यकता है सम्पर्क करें- इंडिया हाउस काली मंदिर के सामने तेलीपारा बिलासपुर 9522011711 (42223)

आवश्यकता है-शादी कार्ड शोरूम में काम करने के लिए लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- उपहार कार्ड कलेक्शन सीएमडी कॉलेज के पास पुरुषोत्तम भवन लिंक रोड बिलासपुर (42221)

आवश्यकता है- दिन में लॉज में कार्य करने हेतु वेटर की आवश्यकता है। रहने की सुविधा उपलब्ध। आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- किरण लॉज, गाँधी चौक बिलासपुर (42234)

आवश्यकता है-राज्य के सभी जिले के सभी ब्लॉक में सीसीटीवी लगाने के लिए फ्रेशर और अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 9183887992, 7777887991 (105)

बेचना है

बेचना है- बिलासपुर सकरी मेन रोड से लगी कॉलोनी में सभी साइज, सुविधाओं सहित प्लॉट उपलब्ध रेलवे स्टेशन, कालेज, हॉस्पिटल्स, स्कूल, पेट्रोल पम्प मेन मार्केट से लगा रेट 1800/- वर्गफुट सम्पर्क- 9893958173 (42041)

बेचना है-कमर्शियल हॉल 630वर्गफीट एवं 12×22 की दुकान बहुत वाजिब कीमत में तुरन्त बेचना है सर्वसुविधा युक्तपरिसर, चकरभाठा मार्केट से लगा, हाईकोर्ट और बिलासपुर एयरपोर्ट के नजदीक सम्पर्क -9826130163 8770523386 (42228)

बेचना है-कोरबा- उरगा मुख्य मार्ग पर हाउसिंग बोर्ड कालोनी बरबसपुर में एक LIG फ्लैट (मध्य तल) का बेचना है सम्पर्क करें- 9425283727, 9424165378 (42224)

बेचना है-भारत माला प्रोजेक्ट के पास नेशनल हाईवे 130A रोड से लगा 150 फ्रंट बाऊंड्री वाल से घिरा लिमतरा खैरा रोड पर स्थित (एक एकड़) जमीन शीघ्र बेचना सम्पर्क करें- 8349054531 (42185)

बेचना है- बिलासपुर, विद्या उपनगर, कृष्णा अपार्टमेंट के आगे में 35×30 एवं 35×60 के दो प्लाट टोटल 35×90= 3150 वर्गफिट का प्लाट बेचना है सम्पर्क करें- 9827171666 (कृपया दलाल सम्पर्क ना करें) (42232)

बेचना/ किराया

बेचना/किराया- जी.एस. प्लाजा, नवभारत प्रेस के पास, जीत टॉकीज के सामने, पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर में 336 वर्गफुट की दुकान शोरूम, ऑफिस इत्यादि हेतु उपयुक्त किराया/ बेचना है। सम्पर्क करें- 9098878888 (42219)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 5.00 PM

MedicareSpecialists
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिगं को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

अब नौकरी पाना हुआ आसान!
अपनी मनपसंद नौकरी के अवसरों के लिए देखें हरिभूमि क्लासीफाइड पेज का "आवश्यकता है" कॉलम
निजी कंपनी, प्राइवेट जॉब्स, फैक्ट्री के लिए भी, कैरियर गाइडेंस
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-
रिंग रोड नं.-2, गौरव पथ, बिलासपुर

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:-मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:-मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:-मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:-मो.9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:-मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:-मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:-मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:-मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:-मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:-मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:-मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:-मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:-मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:-मो. 9827466133, 9907047586
- हिबिस्कस मार्केटिंग एण्ड एडवर्टाइजमेंट:-मो. 8109229025

सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेनदेन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापनदाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

रोहित-विराट पर रहेंगी नजरें, अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण के साथ न्यूजीलैंड से भिड़ेगा भारत



आज से भारत-न्यूजीलैंड के बीच 5 मैचों की वनडे सीरीज

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

रोहित शर्मा और विराट कोहली पर एक बार फिर से सभी की निगाहें टिकी रहेंगी लेकिन भारत के अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण के कारण न्यूजीलैंड बुधवार से शुरू होने वाली 5 मैचों की वनडे श्रृंखला में बेहतर स्थिति में नजर आ रहा है। वनडे श्रृंखला के बाद होने वाली टेस्ट श्रृंखला को ध्यान में रखकर जसप्रीत बुमराह को विश्राम दिया गया है जबकि प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा चोटिल होने के कारण टीम से बाहर हैं।

ऐसे में अनुभवी मोहम्मद सिराज को अतिरिक्त जिम्मेदारी उठानी होगी। सिराज के अलावा भारतीय टीम में शामिल अन्य चार विशेषज्ञ गेंदबाजों अर्शदीप सिंह (18), गुरनूर बराड़ (09), अंशुल कंबोज और औकिब नबी (एक-एक) के पास कुल मिलाकर 29 वनडे मैचों का अनुभव है।



19 नवंबर को पहला टेस्ट मैच

टौरंगा में पांचवें और अंतिम वनडे के तुरंत बाद शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला को ध्यान में रखते हुए अंतिम दो वनडे में भारत के कुछ स्टार खिलाड़ी नहीं खेलेंगे। वनडे श्रृंखला 15 नवंबर को समाप्त होगी और पहला टेस्ट मैच 19 नवंबर को वेलिंगटन में खेला जाएगा। कप्तान शुभमन गिल भी टेस्ट मैचों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आखिरी दो वनडे मैचों में नहीं खेलेंगे।

हमें कार्यभार का प्रबंधन करना होगा : गिल

गिल ने कहा, 'अगर वनडे श्रृंखला और टेस्ट श्रृंखला के बीच कुछ अधिक अंतराल होता तो हम सभी पांच मैच में खेलते लेकिन वनडे और टेस्ट मैचों के बीच बहुत कम अंतराल होने के कारण हमें कार्यभार का प्रबंधन करना होगा। इसलिए टेस्ट टीम में शामिल कुछ खिलाड़ी आखिरी दो वनडे नहीं खेल पाएंगे।' दक्षिण अफ्रीका की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में जीत के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में चौथे नंबर पर काबिज भारत के लिए फाइनल में पहुंचने की राह कठिन हो गई है। उसे अब बाकी बचे सात टेस्ट मैचों में से कम से कम छह जीतने होंगे और साथ ही यह भी उम्मीद करनी होगी कि कुछ अन्य मैचों के परिणाम उसके अनुकूल रहें। यही वजह है कि भारत टेस्ट श्रृंखला को ज्यादा प्राथमिकता दे रहा है।

ईडन पार्क की बाउंड्री बेहद छोटी

ईडन पार्क की सीधी बाउंड्री बेहद छोटी हैं और उसकी दूरी केवल 55 मीटर है। ऐसे में भारत सिराज, अर्शदीप सिंह और लंबे कद के गुरनूर बराड़ को अंतिम एकादश में रख सकता है। हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति के कारण कुलदीप यादव के लिए अंतिम एकादश में जगह बनाना मुश्किल हो रहा है भले ही उन्होंने भारत के वर्तमान गेंदबाजी आक्रमण में सर्वाधिक 201 विकेट लिए हैं। लेकिन 11 से 40 ओवर के बीच सर्कल के बाहर केवल चार क्षेत्ररक्षकों को ही अनुमति दी जाती है और ऐसे में बीच के ओवर अधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं। इसलिए कुलदीप की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है।

न्यूजीलैंड टीम में अधिकतर खिलाड़ी उम्रदराज

भारत अगर तेज गेंदबाजी विभाग में कमजोर है तो न्यूजीलैंड की टीम में अधिकतर खिलाड़ी उम्रदराज हैं। उसकी वनडे टीम की औसत आयु 34 से 35 के बीच है। ऐसे में कप्तान मिचेल सैंटनर ने संकेत दिए कई खिलाड़ियों के लिए 2027 में होने वाला वनडे विश्व कप आखिरी टूर्नामेंट हो सकता है। इन खिलाड़ियों में वह भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'हमारे अधिकतर खिलाड़ियों की उम्र लगभग 34 या 35 के आसपास है। वनडे विश्व कप के बाद, सारा ध्यान फिर से टी20 क्रिकेट पर केंद्रित हो जाएगा। मुझे अभी तक किसी खिलाड़ी ने अपनी भावी योजना के बारे में नहीं बताया है, लेकिन ऐसा हो सकता है।

मैच का समय : भारतीय समयानुसार सुबह 7:30 बजे

खबर संक्षेप



चेक ओपन : सेंथिलकुमार ने जीता खिताब

नई दिल्ली। भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी वेलवन सेंथिलकुमार ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ब्रनो में खेले गए 35,000 अमेरिकी डॉलर इनामी चेक ओपन का खिताब जीता। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज स्कॉटलैंड के ग्रेग लोब्बन को चार गेम तक चले मैच में हराया। विश्व में 42वें नंबर के खिलाड़ी और यहां चौथी वरीयता प्राप्त सेंथिलकुमार ने लोब्बन को 13-11, 11-5, 8-11, 11-7 से पराजित करके अपना 12वां पीएसए टूर खिताब जीता। यह उनका दूसरा कॉपर-स्तरीय खिताब है। इससे पहले उन्होंने अगस्त में बुडापेस्ट ओपन के रूप में अपना पहला कॉपर-स्तरीय खिताब जीता था।

विश्व चैंपियनशिप: भारतीय टीम ने जीता स्वर्ण पदक



दोहा। भारत के रविंदर सिंह, सौरभ चौधरी और अमनप्रीत सिंह की तिकड़ी ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रविंदर ने इस स्पर्धा का व्यक्तिगत रजत पदक भी अपने नाम किया। यह स्पर्धा ओलंपिक प्रतियोगिताओं की सूची में शामिल नहीं है। रविंदर भारत के सबसे अधिक अंक हासिल करने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने कुल 559 अंक प्राप्त किए। कई बार विश्व कप में स्वर्ण पदक जीत चुके सौरभ ने 551 अंक हासिल किए जबकि अमनप्रीत सिंह ने 549 अंक बनाए। इस तरह भारतीय टीम ने कुल 1659 अंक हासिल किए। चीन के झांग बिंगचेन, ल्यू जुनयी और फेंग लिनलांग ने कुल 1648 अंक हासिल कर रजत पदक जीता।

एक साल के लिए स्थगित एशियाई कप



कुआलालंपुर। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष और मेजबान सऊदी अरब में सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण 2027 में होने वाले एशियाई कप को लगभग एक साल के लिए स्थगित कर दिया है। एएफसी ने कहा कि सऊदी अरब के आयोजकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद उन्होंने इस टूर्नामेंट को स्थगित करने का फैसला किया। पहले यह टूर्नामेंट अगले साल सात जनवरी से शुरू होना था लेकिन अब यह 23 दिसंबर 2027 से खेला जाएगा। एएफसी ने 23 दिसंबर 2027 से 21 जनवरी 2028 तक इस टूर्नामेंट को आयोजित करने का फैसला किया है लेकिन इसे अभी विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा से मंजूरी मिलनी बाकी है।

आईओए एथलीट आयोग की निर्विरोध सदस्य चुनी गईं सिंधू-मीराबाई





नई दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और मीराबाई चानू सहित 10 खिलाड़ियों को मंगलवार को निर्विरोध भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एथलीट आयोग का सदस्य चुन लिया गया। पूर्व ट्रैक एवं फील्ड एथलीट सुधा सिंह के चुनावी दौड़ से हटने के बाद मतदान कराने की जरूरत नहीं पड़ी क्योंकि 10 सीट के लिए केवल 10 उम्मीदवार ही रह गए थे। निर्वाचन अधिकारी संजय के श्रीवास्तव ने 5 पुरुष और 5 महिला सहित सभी 10 उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। इससे पहले बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने भी अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली थी।



नाबाद 155 रन की पारी से फॉर्म में लौटे यशस्वी

जायसवाल और राठौड़ की शतकीय पारी न्यूजीलैंड ए के खिलाफ टेस्ट रहा ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच मंगलवार को ड्रॉ समाप्त हुए दूसरे अनौपचारिक टेस्ट क्रिकेट मैच में शतक जड़कर दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले अपनी फॉर्म को लेकर भारतीय टीम प्रबंधन को आश्वस्त किया। जायसवाल ने मैच के चौथे और अंतिम दिन न्यूजीलैंड ए के आक्रमण की जमकर धुनाई करते हुए केवल 162 गेंदों में नाबाद 155 रन बनाए, जिसमें 15 चौके और 5 छक्के शामिल हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज यश राठौड़ ने भी नाबाद 100 रन बनाए, जिससे भारत ए ने अपनी दूसरी पारी में 2 विकेट पर 282 रन बनाए। इसके बाद दोनों कप्तान ने मैच ड्रॉ करने पर सहमति जताई। राठौड़ के शतक पूरा करने के तुरंत बाद मैच ड्रॉ समाप्त घोषित कर दिया गया। राठौड़ और जायसवाल ने तीसरे विकेट के लिए 247 रन की अटूट साझेदारी की। राठौड़ ने अपनी 122 गेंदों की पारी में 9 चौके लगाए।



राठौड़ ने जारी रखी अपनी शानदार फॉर्म

गेंद की उछाल एक समान होने के कारण शॉट लगाना आसान हो गया था। जायसवाल ने स्लॉग स्वीप शॉट से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना 17वां शतक पूरा किया। इसके बाद वह अधिक आक्रामक हो गए और उन्होंने आगे बढ़कर कई दर्शनीय शॉट लगाए। पहले मैच में 44 और 66 रन बनाने वाले राठौड़ ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और दिखा दिया कि घरेलू क्रिकेट में उन्हें सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में क्यों गिना जाता है।

आकर्षण का केंद्र रहे जायसवाल

हैगली ओवल की पिच काफी हद तक सपाट हो गई थी, जिससे बल्लेबाजों के लिए अपने शॉट खेलना बहुत आसान हो गया था। इसका अंदाजा भारत ए के दूसरी पारी में 5.35 के रन-रेट से रन बनाने से लगाया जा सकता है। मैच के अंतिम दिन लगभग 44 ओवर का खेल हुआ और इस बीच जायसवाल आकर्षण का केंद्र रहे। जायसवाल इस पारी से पहले रन बनाने के लिए जूझ रहे थे, जो निश्चित तौर पर मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ 19 नवंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले चिंता का विषय रही होगी। जायसवाल ने इससे पहले तीन पारियों में 17, पांच और शून्य रन बनाए थे। न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारत ए टीम में शामिल होने से पहले उन्होंने चंडीगढ़ के खिलाफ एकमात्र रणजी ट्रॉफी मैच खेला था।

मैंने सिर्फ अनुशासन पर ध्यान दिया : जायसवाल

यशस्वी जायसवाल ने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ शतक बनाकर फॉर्म में वापसी करने के बाद कहा कि उन्होंने इस दौरान अपनी 'प्रक्रिया, दिनचर्या और अनुशासन' पर ध्यान केंद्रित किया। जायसवाल ने ड्रॉ समाप्त हुई दूसरे अनौपचारिक टेस्ट मैच की दूसरी पारी में नाबाद 155 रन बनाए। उन्होंने कहा कि यहां की ठंड ने उनके लिए अलग तरह की चुनौती पेश की। जायसवाल ने कहा, ' यहां बहुत ठंड है। गेंद शुरुआत में बहुत घूमती है और सीम मूवमेंट भी बहुत होता है। अच्छे गेंदबाज लगातार सही जगह पर गेंद को पिच कराते हैं। इसलिए हमें रन बनाने के लिए काफी इंतजार करना पड़ता है।' उन्होंने कहा, 'जब विकेट बेहतर हो जाता है या गेंद पुरानी हो जाती है तो रन बनाना आसान हो जाता है। मैं यह नहीं कहूंगा कि यह आसान है, लेकिन आप अच्छे शॉट खेल सकते हैं। इसलिए बहुत मजा आया और यहां खेलना अच्छा लगता है।

आईसीसी रैंकिंग

वैष्णवी ने लगाई 53 पायदान की छलांग



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की युवा स्पिनर वैष्णवी शर्मा ने आईसीसी विमेंस वनडे रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मुकाबलों की सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद वैष्णवी बॉलिंग रैंकिंग में 53 स्थान ऊपर चढ़कर 94वें नंबर पर पहुंच गई हैं। 20 वर्षीय स्पिनर ने तीसरे और आखिरी वनडे में बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस दौरान अपने करियर में पहली बार पारी में 5 विकेट हासिल किए, जिससे वह भारतीय खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा फायदा पाने वाली खिलाड़ी बन गईं। दूसरे वनडे में चार विकेट लेने के बाद, वैष्णवी ने सीरीज के आखिरी मैच में भी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 39 रन देकर 5 विकेट लिए। यह वनडे फॉर्मेट में उनका तीसरा मैच था, जिसमें दमदार प्रदर्शन के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया और भारत ने सीरीज में 3-0 से 'क्लीन स्वीप' किया।

प्रेमा ने बनाया रिकॉर्ड, 14 गेंदों मे जड़ा अर्धशतक



एजेंसी ▶▶| पुणे

भारतीय ऑलराउंडर प्रेमा रावत ने सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी के मैच में मंगलवार को 14 गेंदों में अर्धशतक जड़कर महिला टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 50 रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किया।

उत्तराखंड की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी पारी में छह चौके और चार छक्के लगाए और उनका स्ट्राइक रेट 357 रहा। उनकी इस पारी के दम पर उत्तराखंड ने हैदराबाद को 89 रन से हराया। महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे तेज अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना के नाम है, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में जिम्बाब्वे के खिलाफ 15 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी। इंग्लैंड की मैरी केली और ऑस्ट्रेलिया की लौरा हैरिस ने भी घरेलू क्रिकेट में 15 गेंदों में अर्धशतक बनाए हैं।

गेंदबाजी में प्रेमा का जलवा

रावत की नाबाद 50 रन की विस्फोटक पारी की बदौलत उत्तराखंड ने निर्धारित 20 ओवरों में दो विकेट पर 187 रन बनाए। इसके जवाब में हैदराबाद की टीम 8 विकेट पर 98 रन ही बना सकी। प्रेमा रावत ने गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में 12 रन देकर 2 विकेट लिए।



मैक्सवेल ने 14 साल के अंतरराष्ट्रीय कॅरियर को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, जिससे उनके 14 साल के करियर का अंत हो गया है। सीमित ओवरों की क्रिकेट के इस 38 वर्षीय धुरंधर खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से अपना आखिरी मैच इस साल की शुरुआत में आईसीसी टी20 विश्व कप के दौरान ओमान के खिलाफ खेला था। मैक्सवेल ने कहा, 'मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के साथ-साथ विक्टोरिया के लिए घरेलू क्रिकेट (50 ओवर के मैच और लाल गेंद से खेले जाने वाले चार दिवसीय क्रिकेट) से भी संन्यास ले रहा हूं।' उन्होंने कहा, 'ओलंपिक खेलों (2028 में) को देखते हुए मुझे लगता है कि अगले 12 से 24 महीनों में काफी बदलाव होने वाले हैं।

Home First Finance Company India Limited
CIN: L65990MH2010PLC240703
Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

शुद्धिपत्र

कृपया 08-10-2026 को ''सेंट्रल क्रॉनिकल'' + ''हरिभूमि'' (अंग्रेजी + हिंदी) में प्रकाशित ''बिक्री सूचना'' विज्ञापन देखें, जो नीलम खुदशाह और सचिन कुमार खुदशाह से संबंधित है। संपत्ति स्थिति: प्लॉट-खसरा नंबर 519/19, मौजा तिलसरा, प.ह.नं. 09, रा.नि.मं. बिल्हा, ब्लॉक एवं तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। चौहद्दी: पूर्व - निस्तारी रास्ता, पश्चिम - पाल का प्लॉट, उत्तर - बलराम का प्लॉट, दक्षिण - अजय यादव का प्लॉट। ध्यान दें कि इस खाते के लिए 08-10-2026 की ''बिक्री सूचना'' और 07-11-2026 की नीलामी की तारीख को रद्द कर दिया गया है। बाकी सभी बातें यथावत रहेंगी।

स्थान: बिलासपुर
दिनांक: 04-11-2026

हस्ताक्षरकर्ता: अधिकृत अधिकारी,
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

Home First Finance Company India Limited
CIN: L65990MH2010PLC240703
Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

शुद्धिपत्र

कृपया 07-10-2026 को ''सेंट्रल क्रॉनिकल'' + ''हरिभूमि'' (अंग्रेजी + हिंदी) में नीलम खुदशाह और सचिन कुमार खुदशाह के खिलाफ प्रकाशित ''कब्जा सूचना'' विज्ञापन को देखें। संपत्ति स्थिति: प्लॉट-ख.नं. 519/19, मौजा तिलसरा, प.ह.नं. 09, रा.नि.मं. बिल्हा, ब्लॉक व तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। चौहद्दी: पूर्व - निस्तारी रास्ता, पश्चिम - पाल का प्लॉट, उत्तर - बलराम का प्लॉट, दक्षिण - अजय यादव का प्लॉट। ध्यान दें कि इस खाते के लिए 07-10-2026 को जारी किया गया ''कब्जा सूचना'' अब रद्द कर दिया गया है। बाकी बातों में कोई बदलाव नहीं है।

स्थान: बिलासपुर
दिनांक: 04-11-2026

हस्ताक्षरकर्ता: अधिकृत अधिकारी,
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

Home First Finance Company India Limited
CIN: L65990MH2010PLC240703
Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

शुद्धिपत्र

कृपया 08-10-2026 को ''सेंट्रल क्रॉनिकल''+ ''हरिभूमि'' (अंग्रेजी + हिंदी) में मनीष कुमार बघेल और सरिता बघेल के खिलाफ प्रकाशित ''बिक्री सूचना'' विज्ञापन देखें। संपत्ति स्थिति: प्लॉट- ख.नं.365/2, मौजा मुढ़ीपार प.ह.नं. 09, रा.नि.मं. व तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। चौहद्दी: पूर्व-विक्रेता की भूमि, पश्चिम- 20 फीट निस्तारी रास्ता, उत्तर-विक्रेता की भूमि, दक्षिण - विक्रेता की भूमि। ध्यान दें कि इस खाते के लिए 08-10-2026 की ''बिक्री सूचना'' एवं नीलामी की तिथि 07-11-2026 को रद्द कर दी गई है। बाकी बातों में कोई बदलाव नहीं है।

स्थान: बिलासपुर
दिनांक: 04-11-2026

हस्ताक्षरकर्ता: अधिकृत अधिकारी,
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

कार्यालय नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)
Phone No. 07836-232224 Email ID- nppbkp@gmail.com

//निविदा संशोधन सूचना//

क्र./3280/न.पा.परि./ लो.नि./2026 बैकुण्ठपुर, दिनांक 02/11/2026

कार्यालय नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना क्रमांक/3099/न.पा.परि./ लो.नि./2026 बैकुण्ठपुर दिनांक 16.10.2026 को निविदा प्रकाशित किया गया है। निविदा के सरल क्रमांक 12 में दर्शित कार्य का त्रुटिवश राशि 2.50 लाख हो गया है उक्त कार्य के राशि का त्रुटि सुधार कर राशि 5.00 लाख रू. किया जाता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् बैकुण्ठपुर
जिला-कोरिया छ.ग.

कार्यालय मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत भटगांव, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्रमांक: 1337 / NIT/BHATGAON / 2026 दिनांक: 30/10/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	सि.नि. क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रूपए लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	203344	वार्ड क्र. 01 में आनंद राजवाड़े घर से पूरन राजवाड़े घर तक नाली निर्माण कार्य	2.13	23/11/2026
2	203285	वार्ड क्र. 01 में मेन रोड से आनंद घर तक सी.सी. रोड मरम्मत कार्य	0.77	23/11/2026
3	203286	वार्ड क्र. 01 में मेन रोड से जगलाल घर तक सी.सी. रोड मरम्मत कार्य	1.32	23/11/2026
4	203288	वार्ड क्र. 02 में बुधन घर से बरगाय घर तक पोल विस्तार कार्य	30.94	23/11/2026
5	203290	वार्ड क्र. 02 में नंदू घर से अमरनाथ घर तक पोल विस्तार कार्य	13.25	23/11/2026
6	203289	वार्ड क्र. 02 में सांस्कृतिक भवन से सुखदेव घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	3.49	23/11/2026
7	203292	वार्ड क्र. 02 में जगदीश घर से बलदेव (शिवलाल) घर तक पोल विस्तार कार्य	7.92	23/11/2026
8	203293	वार्ड क्र. 02 अमराईयापारा से चन्द्रपुर पारा तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	46.27	23/11/2026
9	203294	वार्ड क्र. 02 अमराईयापारा से चन्द्रपुर के बीच पुलिया (Culvert) निर्माण कार्य	29.71	23/11/2026
10	203295	वार्ड क्र. 03 विश्वनाथ घर से धर्म प्रसाद घर तक सी. सी. रोड निर्माण कार्य	11.16	23/11/2026
11	203296	वार्ड क्र. 03 भारती किराना दुकान के पास चबूतरा निर्माण कार्य	1.73	23/11/2026
12	203297	वार्ड क्र. 03 गोवर्धन घर से पप्प हाउस तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	2.12	23/11/2026
13	203298	वार्ड क्र. 04 में मनोज घर से गोवर्धन प्रजापति घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य	2.29	23/11/2026
14	203300	वार्ड क्र. 06 रघुवीर सिंह घर से रामधुपाल घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य	13.74	23/11/2026
15	203301	वार्ड क्र. 06 दिनेश मिश्रा घर से विजय यादव घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	4.92	23/11/2026
16	203302	वार्ड क्र. 07 साप्ताहिक बाजार में आर.सी.सी. स्लैब निर्माण कार्य	3.75	23/11/2026
17	203303	वार्ड क्र. 08 विजय घर से इंदलराम घर तक नाली निर्माण कार्य	5.40	23/11/2026
18	203304	वार्ड क्र. 09 बुधराम घर से अजय राजवाड़े घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	3.28	23/11/2026
19	203305	वार्ड क्र. 09 में कार्यालय भवन का जीर्णोद्धार (Renovation) कार्य	11.22	23/11/2026
20	203306	वार्ड क्र. 10 में ग्रामि होटल से हैदर घर तक आर.सी.सी. स्लैब निर्माण कार्य	1.35	23/11/2026
21	203307	वार्ड क्र. 10 वेटनरी हॉस्पिटल (पशु चिकित्सालय) से मेन रोड तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	1.32	23/11/2026
22	203308	वार्ड क्र. 10 अविनाश सिंह घर से भिखारी घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	1.93	23/11/2026
23	203309	वार्ड क्र. 11 प्रदीप गुप्ता से सोसायटी तक पोल विस्तार कार्य	7.23	23/11/2026
24	203310	वार्ड क्र. 12 रामबंधन पटेल घर से विवेक पैकरा घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	1.32	23/11/2026
25	203311	वार्ड क्र. 12 योगेश्वर घर से अमरेंद्र घर तक सी. सी. रोड निर्माण कार्य	6.38	23/11/2026
26	203312	वार्ड क्र. 13 सिद्धमुनि तिवारी घर के पास नाली निर्माण कार्य	0.53	23/11/2026
27	203313	वार्ड क्र. 13 अजय गुप्ता घर के पास नाली निर्माण कार्य	0.21	23/11/2026
28	203314	वार्ड क्र. 14 अभिशेक सिंह घर से मणिकांत घर तक सी.सी. कार्य	0.28	23/11/2026
29	203315	वार्ड क्र. 14 गोपाल घर से मेन रोड तक सी. सी. कार्य	1.10	23/11/2026
30	203316	वार्ड क्र. 14 किष्टो मोदी के घर से प्रभात सिंह घर तक स्ट्रीट पोल विस्तार कार्य	3.88	23/11/2026
31	203317	वार्ड क्र. 14 में रामलल्लू घर से पंकज राय घर तक सी. सी. रोड मरम्मत कार्य	5.91	23/11/2026
32	203318	वार्ड क्र. 15 कृष्णा कनेडिया घर से सोनी घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	40.57	23/11/2026
33	203319	वार्ड क्र. 15 धर्मेंद्र घर से सुरेश ठाकुर घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	2.07	23/11/2026
34	203320	वार्ड क्र. 15 पप्पू जायसवाल घर से रेवती राजवाड़े (कुदरिया पारा) होते हुए बबलू राजवाड़े घर तक स्ट्रीट पोल विस्तार कार्य	16.30	23/11/2026
35	203321	वार्ड क्र. 15 सोनी मिस्त्री (कुदरिया पारा) घर से कृष्णा कनेडिया (कुदरिया पारा) घर तक स्ट्रीट लाइट पोल विस्तार कार्य	16.30	23/11/2026
36	203324	वार्ड क्र. 15 राजू गुरुजी (कुदरिया पारा) से प्राथमिक शाला चौक तक स्ट्रीट लाइट पोल विस्तार कार्य	7.23	23/11/2026
37	203325	नगर पंचायत भटगांव में बस स्टैंड से सी.एच.पी. चौक तक फुटपाथ निर्माण कार्य	18.08	23/11/2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत भटगांव, जिला सूरजपुर (छ.ग.)



नागालैंड में गरीब किसान का भरोसा नहीं तोड़ता ग्राहक

क्या कोई ऐसी दुकान हो सकती है जहां न तो कोई सामान बेचने वाला हो और न ही चोरी रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरा लगा हो? शायद देश के बाकी हिस्सों में ऐसा सोचना भी मुश्किल है, लेकिन पूर्वोत्तर राज्य नागालैंड में यह हकीकत है।

कोहिमा। नागालैंड के पर्यटन मंत्री तेमजेन इम्ना अलॉन्ग ने सोशल मीडिया पर इन अनोखी 'ऑनेस्टी शॉप्स' (ईमानदारी की दुकानों) की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। यह दुकानें किसी आधुनिक तकनीक से नहीं, बल्कि सिर्फ और सिर्फ आपसी भरोसे और ईमानदारी की नींव पर चल रही हैं।

बिना दुकानदार की दुकान पर खुद देकर जाता है पैसा

कैसे काम करता है यह अनोखा बाजार?

पहाड़ी रास्तों के किनारे बनी इन छोटी-छोटी दुकानों या स्टालों पर ताजी सब्जियां, मौसमी फल, घर के बने अचार और जूस करीने से सजाकर रख दिए जाते हैं। हर सामान के साथ उसकी कीमत लिखी होती है। ग्राहक वहां रुकते हैं, अपनी पसंद का सामान उठाते हैं, लिखी हुई कीमत देखते हैं और पास में रखे गल्ले (कैश बॉक्स) में पैसे डाल देते हैं। कमाल की बात यह है कि बदलते वक्त के साथ अब यहां ऑनलाइन भुगतान के लिए यूपीआई क्यूआर कोड भी लगे हुए हैं।



खेत में किसान, दुकान पर सिर्फ भरोसा

दरअसल, इन दुकानों को चलाने वाले स्थानीय किसान हैं। वे सुबह-सुबह अपने खेतों का ताजा उत्पाद यहां रख देते हैं और खुद खेतों में काम करने या अपने दूसरे कामों में व्यस्त हो जाते हैं। उन्हें पूरा यकीन होता है कि उनकी गैरमौजूदगी में भी कोई उनका हक नहीं मारेगा। नागालैंड के पफुत्सेरो इलाके में महिला किसान ऐसी करीब 20 दुकानें संभाल रही हैं।

व्यापार सिर्फ लेन-देन नहीं, संस्कृति है

मंत्री तेमजेन इम्ना अलॉन्ग ने बिल्कुल सही बात कही है कि व्यापार सिर्फ पैसों के लेन-देन का नाम नहीं है। यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि हम रोजमर्रा की आम जिंदगी में एक-दूसरे के प्रति कितने ईमानदार हैं। यह दुकानें नागालैंड की समृद्ध संस्कृति और वहां के लोगों के ऊंचे नैतिक मूल्यों का

700 साल से पाताल में छिपी दूसरी दुनिया, नमक से बना शहर

इमारतें-झील-चर्च देख वैज्ञानिक दंग

वारसॉ। पोलैंड के दक्षिणी हिस्से में क्राको शहर के पास स्थित विएलिज्का नाम की खदान किसी रहस्यमयी दुनिया से कम नहीं है। बाहर से देखने पर यह एक सामान्य ऐतिहासिक खदान लगती है, लेकिन जमीन के नीचे उतरते ही नजारा पूरी तरह बदल जाता है। यहां लंबे गलियारे, विशाल कमरे, मूर्तियां और धार्मिक स्थल मौजूद हैं। सदियों तक यहां नमक निकाला जाता रहा और इसी काम ने धीरे-धीरे एक अद्भुत भूमिगत दुनिया का निर्माण कर दिया।

एक वक्त में इस खदान में मजदूर दिन-रात नमक निकालने का काम करते थे। अंधेरे में भारी औजारों के साथ काम करना आसान नहीं था। खदान के कई हिस्सों में पुराने उपकरण और मशीनें आज भी सुरक्षित रखी गई हैं। ये चीजें बताती हैं कि पुराने समय में नमक निकालने का काम कितना कठिन होता था। फिलहाल ये जगह पर्यटन और ऐतिहासिक विरासत को सुरक्षित रखने के लिए जानी जाती है। यहां म्यूजियम और अंडरग्राउंड रास्ते भी बनाए गए हैं।



यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज लिस्ट में शामिल

विएलिज्का में नमक निकालने का काम 13वीं शताब्दी में शुरू हुआ था। उस दौर में नमक केवल खाने का स्वाद बढ़ाने की चीज नहीं था, बल्कि भोजन को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए इसका इस्तेमाल होता था। इसी वजह से नमक की इस खदान का पोलैंड की अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान रहा। यहां पीढ़ियों तक मजदूरों ने मेहनत की और जमीन के अंदर सैकड़ों साल पुरानी विरासत छोड़ गए। साल 1978 में इस जगह को यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज लिस्ट में शामिल किया गया।

101 मीटर नीचे है विशाल धार्मिक स्थल : इस खदान की सबसे बड़ी खासियत सेंट किंगा चैपल है। जमीन से करीब 101 मीटर नीचे मौजूद यह विशाल धार्मिक स्थल देखने वालों को हैरान कर देता है। इसकी दीवारें, फर्श और सारी सजावट नमक से तैयार की गई हैं। यहां तक कि इसके खूबसूरत झूमर भी नमक से बने हुए हैं। यहां बने चैपल को बनाने में खदान में काम करने वाले खनिकों ने ही अपनी कला और हुनर का इस्तेमाल किया था।



दीवारों पर अलग-अलग आकृतियों की नक्काशी

आमतौर पर नमक का इस्तेमाल खाने में किया जाता है, लेकिन यहां के खनिकों ने इसे अपनी कला का माध्यम बना दिया। खदान की दीवारों पर धार्मिक कहानियों, ऐतिहासिक घटनाओं और अलग-अलग आकृतियों की नक्काशी की गई है। कई जगह नमक को तराशकर मूर्तियां भी बनाई गई हैं। इन कलाकृतियों को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि खनिकों के लिए यह जगह सिर्फ काम करने का स्थान नहीं, बल्कि कला को दिखाने का भी जरिया था। इस खदान में केवल अंधेरे गलियारे और पत्थर की दीवारें ही नहीं हैं। पाताल के अंदर नमकीन पानी से बनी झीलें दिखाई देती हैं। रोशनी पड़ने पर इनका पानी बेहद खूबसूरत नजर आता है और आसपास की चट्टानों और दीवारों की परछाई इसमें दिखती है। प्रकृति और इंसानी मेहनत का यह मेल इस जगह को और खास बना देता है।

3000 अंडरग्राउंड कमरे और कई मंजिलें बनी हुई हैं विएलिज्का खदान का आकार जानकर कोई भी हैरान हो सकता है। इसके अंडरग्राउंड गलियारों की कुल लंबाई करीब 300 किलोमीटर बताई जाती है। यहां लगभग 3000 अंडरग्राउंड कमरे और कई मंजिलें बनी हुई हैं। खदान की सबसे गहरी जगह करीब 327 मीटर तक जाती है। हालांकि, पर्यटकों को इसका पूरा हिस्सा नहीं दिखाया जाता। उनके लिए करीब 3.5 किलोमीटर का रास्ता बनाया गया है, जो जमीन से 64 से 135 मीटर नीचे तक ले जाता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि विएलिज्का की पाताल वाली दुनिया सिर्फ केवल घूमने-फिरने तक सीमित नहीं है। यहां के विशाल कमरों में संगीत कार्यक्रम, सांस्कृतिक आयोजन, प्रदर्शनियां और खास समारोह भी आयोजित किए जाते हैं। सेंट किंगा चैपल की शानदार बनावट और बेहतरीन ध्वनि व्यवस्था इसे संगीत कार्यक्रमों के लिए खास बनाती है। कुछ भूमिगत कक्षों में खास आयोजन और उत्सव भी होते हैं यानी जिस जगह कभी मजदूर नमक निकालने में पसीना बहाते थे, आज वही जगह दुनिया भर के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुकी है।

नासा का वॉयजर 1 बना सकता है अनोखा रिकॉर्ड, पृथ्वी से एक प्रकाश दिन की दूरी के करीब

वॉशिंगटन। नासा का 'वॉयजर 1' अंतरिक्ष यान एक अहम पड़ाव की ओर बढ़ रहा है। 5 सितंबर 1977 को लॉन्च किया गया ये स्पेसक्राफ्ट इस महीने, 18 नवंबर को एक बड़ा रिकॉर्ड कायम कर सकता है। प्लूटोनियम-रेडियोआइसोटोप से चलने वाला यह अंतरिक्ष यान ना केवल इंसानों की बनाई अब तक की सबसे दूर स्थित वस्तु बन जाएगा, बल्कि यह एक प्रकाश-दिन (लाइट डे) की दूरी यानी 16.09 अरब मील (25.89 अरब किलोमीटर) तक भी पहुंच जाएगा।

नासा के मुताबिक, 'वॉयजर 1' के पृथ्वी से एक लाइट-डे (प्रकाश की एक दिन में तय की गई दूरी) की दूरी तक पहुंचने में बस कुछ ही हफ्ते बचे हैं। यह वह बिंदु है, जहां से रेडियो संदेशों को एक तरफ से दूसरी तरफ जाने में पूरे 24 घंटे का समय लगेगा। यह अंतरिक्ष यान अभी पृथ्वी से तकरीबन 16 अरब मील (24 अरब किलोमीटर) दूर है।

वॉयजर 1 साल 1977 से सोलर सिस्टम को एक्सप्लोर कर रहा है। यह इंटरस्टेलर स्पेस में है, जो हेलियोपॉज का बाहरी इलाका है या सूरज से निकलने वाले एनर्जेटिक पार्टिकल्स और मैग्नेटिक फील्ड का बबल है। वॉयजर 1 को वॉयजर 2 के बाद लॉन्च किया गया था लेकिन तेज रास्ते की वजह से यह अपने ट्विन से पहले एस्टेरॉयड बेल्ट से बाहर निकल गया। यह 15 दिसंबर, 1977 को वॉयजर 2 से आगे निकल गया। वॉयेजर 1 ने जुपिटर के चारों ओर एक पतली रिंग और दो नए



जोवियन चांद-थेबे और मेटिस की खोज की। शनि पर वॉयेजर 1 को पांच नए चांद और एक नया रिंग मिला जिसे G-रिंग कहा जाता है। वोएजर 1 पहला स्पेसक्राफ्ट है, जिसने हेलियोस्फीयर को पार किया। यह वह बाउंड्री है, जहां हमारे सोलर सिस्टम के बाहर का असर हमारे सूरज के असर से ज्यागा होता है। वॉयेजर 1 इंटरस्टेलर स्पेस में जाने वाली पहली इंसानी चीज है।


18 और 19 अक्टूबर को वॉयेजर 1 के साथ संपर्क करने की दो निर्धारित कोशिशें विफल रहीं, लेकिन 20 अक्टूबर को नासा ने फिर से इसका सिग्नल पकड़ लिया। इस दौरान अंतरिक्ष यान अपने आप बैकअप थ्रस्टर्स पर स्विच हो गया लेकिन इंजीनियर अभी भी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि ऐसा किस वजह से हुआ। अंतरिक्ष यान वन-लाइट-डे (एक प्रकाश-दिन) के पड़ाव के करीब पहुंच रहा है। इस दूरी पर पृथ्वी और वॉयेजर 1 के बीच रेडियो सिग्नल पहुंचने में 24 घंटे का समय लगेगा। इस अंतरिक्ष यान को इस तरह से प्रोग्राम किया गया है कि जब इसके ऑनबोर्ड कंप्यूटर सक्रिय थ्रस्टर्स में किसी संभावित समस्या का पता लगाते हैं तो यह इस तरह की प्रतिक्रिया देता है। यह स्वचालित सुरक्षा प्रणाली अंतरिक्ष यान को एक स्थिर और सुरक्षित स्थिति में ला सकती है और सामान्य कामकाज को रोक सकती है ताकि इंजीनियर समस्या की जांच कर सकें।

होंठों को पतला-मोटा करें और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर व्दारा.

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

शादी में बुलाने के लिए नहीं थे रिश्तेदार, दूल्हे ने सोशल मीडिया पर अजनबियों को दे दिया न्योता

बीजिंग। चीन का एक युवक शादी कर रहा था। पर उसके घर में कोई नहीं था, ऐसे में उसे लगा कि उसकी शादी में कोई नहीं आएगा। इसलिए उसने सोशल मीडिया पर अजनबियों को शादी में आने का न्योता दे दिया। उसे लगा कि इससे शायद कुछ लोग उसकी शादी में आ जाएं। पर शादी के दिन जो नजारा दिखा। वह एकदम से हैरान करने वाला रहा। उसकी शादी में न सिर्फ बड़ी संख्या में लोग आए, बल्कि खाने-पीने का सामान और गिफ्ट लेकर भी पहुंचे। उन्होंने बताया कि वह एक अनाथ हैं और बचपन से ही उन्हें तिरस्कार का सामना करना पड़ा है। उनके पिता की उस समय मौत हो गई, जब वह बहुत छोटे थे। वहीं, उनकी मां ने दूसरी शादी कर ली। जिसके बाद जू और उनके बड़े भाई को एक-दूसरे के सहारा बनना पड़ा।



सोशल मीडिया पर लोगों को दिया न्योता

घर में किसी के न होने के कारण शियाओ जू ने सोशल मीडिया पर लोगों को अपनी शादी में आने के लिए न्योता दे दिया। रेडिट पोस्ट में एक यूजर ने लिखा कि यह पूरी तरह से सच्ची घटना है। जू ने नहीं सोचा था कि इतनी बड़ी संख्या में लोग आएंगे। उसे लगा कि कुछ लोग आएंगे, लेकिन इसके विपरीत, इतने सारे लोग आए और उत्सव में मदद की, जो बहुत ही सराहनीय है। यूजर ने रेडिट पर लिखा कि युनफेंग विलेज कमिटी के कर्मचारियों ने बताया कि इस आयोजन को उम्मीद से कहीं ज़्यादा लोगों का रिस्पॉन्स मिला है। दूल्हे ने बताया कि उसने अपनी शादी का खर्च उठाने के लिए अपनी मेहनत की कमाई से 160,000 युआन बचाए थे।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com